CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम : 14°C

नई दिल्ली, रविवार 9 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 218 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 17 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में 50 लाख से ज्यादा मतदाताओं का नाम एक से अधिक मतदान केंद्रों पर होने की आशंका पेज 2



भारत ने 2-1 से जीती सीरीज, अभिषेक बने प्लेयर ऑफ द सीरीज खेल टाइम्स



तुर्की की अदालत ने जारी किया नेतन्याहू का गिरफ्तारी वारंट पेज 11



अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक बॉलीवुड

## अविवाहित बेटी पिता से गुजारा-भत्ता नहीं ले सकती: केरल हाईकोर्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने कहा ईसाई धर्म मानने वाली अविवाहित बेटी अपने पिता से गुजारा-भत्ता लेने का दावा नहीं कर सकती। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्रिश्चियन पर्सनल लॉ में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। जबकि मुस्लिम पर्सनल लॉ और हिंदू दत्तक एवं भरण-पोषण अधिनियम (एचएएमए) में ऐसा हक मौजूद है। केरल हाईकोर्ट के जस्टिस डा. कौसर एडप्पागथ की बेंच ने 29 अक्टूबर की एक याचिका पर सुनवाई की, जिसमें 65 वर्षीय ईसाई व्यक्ति ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें उसे अलग रह रही पत्नी को हर महीने 20,000 रुपये और 27 साल की अविवाहित बेटी को 10,000 रुपये भरण-पोषण देने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसकी बेटी याचिका दायर होने के समय बालिग थी, इसलिए वह भरण-पोषण पाने की हकदार नहीं है। साथ ही उसने कहा कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर अलग रहती है और आर्थिक रूप से सक्षम है।

# प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का सिस्टम 300 साल पुराना

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: इससे प्रॉपर्टी खरीदना सदमे जैसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जमीन की रजिस्ट्री और जमीन के मालिकाना के ढांचे में बुनियादी सुधार की जरूरत बताई है। कोर्ट ने कहा कि ब्रिटिश राज के समय के कानूनों पर टिके मौजूदा ढांचे ने भ्रम, अकुशलता और बड़े स्तर पर मुकदमे पैदा किए हैं।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जायमाल्या बागची की बेंच ने सुझाव दिया कि ये समस्याएं खत्म करने के लिए सरकार ब्लॉकचेन जैसी टेक्नोलॉजी इस्तेमाल करने पर विचार करे। साथ ही, विधि आयोग को इस पर विस्तृत अध्ययन करने को कहा। आयोग से केंद्र, राज्य सरकारों, विशेषज्ञों और अन्य संबंधित पक्षों से रायशुमारी करके रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का सिस्टम तीन सौ साल पुराने कानूनों से संचालित है। ये अलग दौर में बने थे। लेकिन, आज भी रीढ़ बने हुए हैं। इन कानूनों ने स्वामित्व और रजिस्ट्रेशन के बीच असमानता बना रखी है। कोर्ट ने बिहार रजिस्ट्रेशन रूल्स, 2008 का नियम 19 रद्द करते हुए ये टिप्पणियां कीं। कोर्ट ने कहा जमीन रजिस्ट्रेशन का पुराना तरीका संपत्ति खरीदने-बेचने को मुश्किल और उलझा हुआ बनाता है। संपत्ति खरीदना कभी आसान नहीं, बल्कि सदमे जैसा है। दीवानी मामलों में करीब 66 फीसदी विवाद संपत्ति से जुड़े हैं।

**हमें नए ढंग से सोचना होगा, विकल्प तलाशने होंगे**



### अकोला दंगा: सीजेआई के पास जाएगा मामला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अकोला दंगा मामले में महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर स्प्लिट वर्डिक्ट (मतभेद वाला फैसला) सुनाया। सरकार ने याचिका में विशेष जांच दल (एसआईटी) में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के पुलिस अधिकारियों को शामिल करने के निर्देश की समीक्षा मांगी थी। सरकार ने याचिका में कहा था कि पुलिस को धार्मिक आधार पर बांटना राज्य की धर्मनिरपेक्ष नीतियों के खिलाफ है। पुलिसवाले का कोई धर्म नहीं होता।

# रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव हैं वंदे भारत ट्रेनें: मोदी



- पीएम ने वाराणसी से देशभर में चार नई वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं।

श्री मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देश भर में चार नई वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि दुनिया भर के विकसित देशों में, आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर रहा है। जिन भी देशों में बड़ी प्रगति, बड़ा विकास हुआ है, उनके आगे बढ़ने के पीछे बहुत बड़ी शक्ति वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की है। उन्होंने कहा कि आज भारत भी बहुत तेज गति से विकास के रास्ते पर चल रहा है। इसी कड़ी में, आज देश के अलग-अलग हिस्सों में नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत हो रही है। काशी से खजुराहो वंदेभारत के अलावा, फिरोजपुर-दिल्ली वंदेभारत, लखनऊ- सहारनपुर वंदेभारत और एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदेभारत, इसको भी हरी झंडी दिखाई गई है। इन चार नई ट्रेनों के साथ ही, अब देश में एक सौ साठ से ज्यादा नई वंदे भारत ट्रेनों का संचालन होने लगा है।

## कुपवाड़ा में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि सतर्क सैनिकों ने शुक्रवार देर रात नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। घुसपैठियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

# संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सत्र में केवल 15 बैठकें होंगी

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरू होकर 19 दिसम्बर तक चलेगा और इस अपेक्षाकृत संक्षिप्त सत्र के दौरान केवल 15 बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में शीतकालीन सत्र की घोषणा करते हुए इसके रचनात्मक और सार्थक रहने की उम्मीद जताई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हम एक रचनात्मक और सार्थक सत्र की आशा करते हैं, जो हमारे लोकतंत्र को मजबूत करेगा और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। बिहार विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद हो रहे इस सत्र पर चुनाव परिणामों का स्पष्ट असर दिखाई देगा और जहां सरकार निर्धारित विधायी एजेन्डे को पूरा करने की भरपूर कोशिश करेगी वहीं विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरेगा। इस संक्षिप्त सत्र में सरकार विभिन्न समितियों के पास लंबित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक 2025, संघ राज्य क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 को पारित कराना चाहेगी। इसके अलावा अन्य विधेयकों को पारित कराने के लिए भी सरकार विपक्ष को विश्वास में लेने की कोशिश करेगी।






## संक्षिप्त समाचार

### विकास-विश्वास की नई गाथा लिखने को तैयार है बिहार: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बिहार में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करने से पहले कहा है कि बिहार की तपोभूमि विकास और विश्वास की नई गाथा लिखने को तैयार है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शनिवार को लिखा है कि बिहार भारत की आत्मा का स्वर है। यहां आकर भारत की आत्मा से साक्षात्कार की अनुभूति होती है। योगी ने कहा कि आज सत्याग्रही भूमि पूर्वी चंपारण और तपोभूमि गया जी की विकासप्रिय जनता-जनार्दन से संवाद करूंगा। उन्होंने कहा है कि बिहार की जनता एक बार फिर भाजपा-एनडीए सरकार के साथ विकास और विश्वास की नई कहानी लिखने को तैयार है। गौरतलब है कि बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर घमासान तेज हो गया है।

### एक मंच पर दो नेता जंगलराज रिटर्न्स 2.0: केशव मौर्य

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान वार-पलटवार के बीच उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राजद नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब ये दोनों नेता एक साथ एक मंच पर दिखते हैं, तो जंगलराज रिटर्न्स 2.0 दिखाई देता है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया और महागठबंधन पर तीखा हमला किया। डिप्टी सीएम ने लिखा कि जब श्री तेजस्वी यादव और श्री राहुल गांधी एक साथ मंच साझा करते हैं, तो यह दृश्य किसी चुनावी गठबंधन से अधिक जंगलराज रिटर्न्स 2.0 की पटकथा जैसा लगता है।

# मैं निहत्था और बिहार में जंगलराज

## चुनाव में न जाने पर आजम खांन ने व्यक्त की दिल की पीड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता




**रामपुर।** समाजवादी पार्टी की ओर से स्टार प्रचारक घोषित होने के बाद भी सपा के दिग्गज नेता आजम खान बिहार चुनाव में नहीं गए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपने चिर परिचित अंदाज में इसकी वजह भी बताई और कहा कि वहां जंगल राज है और मैं निहत्था। ऐसे में वह जंगल में कैसे जा सकते हैं।

उन्होंने जस्टिस लोया का उदाहरण दिया और कहा कि इस जंगल में तो जज भी सुरक्षित नहीं है। आजम खान ने पीएम मोदी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर भी हमला बोला और कहा कि जो लोग 20 साल सत्ता में हैं, फिर भी जंगलराज की बात कर रहे हैं, उन्हें डूब मरना चाहिए। एक मीडिया एजेंसी से बात करते हुए आजम खान ने रामपुर से एक विधायक पर करारा प्रहार किय और कहा कि उनके पूर्वज हथियार बेचते थे। 50 साल पहले उनके पूर्वजों को रामपुर मेड पिस्टल से भरे बक्से के साथ ट्रेन में पकड़ा गया था। बावजूद इसके वह कई बार विधायक बने और केंद्र से जेड श्रेणी सिक्योरिटी भी पा लिए। उन्होंने कहा कि वह तो इन लोगों से भी गए गुजरे हैं। इसी के साथ उन्होंने व्यंग्य कसते हुए कहा कि हम तो मुर्गी चोर, बकरी चोर, शराब की दुकान लूटने वाले और किताब चोर हैं। आजम खान ने वाई श्रेणी सिक्योरिटी वापस करने पर बयान दिया और कहा कि उन्हें आज तक सुरक्षा देने संबंधी कोई भी लिखित आदेश नहीं मिला है। चूंकि सिक्योरिटी उन्हें हवा में मिली थी, इसलिए उन्होंने हवा में ही उसे वापस भी कर दी। उन्होंने कहा कि उन्हें आज तक न तो कोई कान्स्टेबल मिला, न ही किसी दरोगा का नाम बताया गया, लेकिन अखबारों में इस संबंध में खबर जरूर पढ़ने को मिली। उन्होंने कहा कि लोग एक बार गांव का प्रधान भी बन जाते हैं तो उनकी कोठियां खड़ी हो जा रही हैं, लेकिन वह नेता प्रतिपक्ष रहने के बाद भी अपने लिए एक कोठरी नहीं बना सके।

# यूपी में 50 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम एक से अधिक मतदान केंद्र पर होने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उप्र चुनाव आयोग से जुड़े एक अफसर ने दी जानकारी

**लखनऊ।** उप्र में 2026 के पंचायत चुनावों के लिए 12 करोड़ मतदाताओं वाली मतदाता सूची का पुनरीक्षण राज्य चुनाव आयोग के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

आयोग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों को संदेह है कि राज्य में 50 लाख से ज्यादा मतदाता ऐसे हैं जिनके नाम एक से ज्यादा मतदान केंद्रों पर हैं। आयोग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अब तक राज्य निर्वाचन आयोग ने 12 लाख से ज्यादा नकली मतदाताओं की पहचान कर ली है और 1.63 लाख नाम पंचायत मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। पंचायत चुनावों के लिए, बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) वर्तमान में अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूचियों की जांच कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग का लक्ष्य 15 जनवरी 2026 तक मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी करके अंतिम सूची प्रकाशित करना है।

राज्य में पंचायत चुनाव अप्रैल और जुलाई 2026 के बीच होने की संभावना है। कई मामलों में एक ही नाम दो से ज्यादा मतदान केंद्रों पर दर्ज पाए गए, जिसके कारण आयोग ने मतदाता सूची को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की सीमा पर रहने वाले और शहरी क्षेत्रों में नए घर बनवाने वाले मतदाताओं पर ध्यान दिया जा रहा है। उप्र राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक की और उन्हें मतदाता सूची पुनरीक्षण की सभी तैयारियां पूरी करने को कहा। एसईसी ने विभिन्न पदों के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम व्यय सीमा भी तय कर दी है। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिकतम 7 लाख खर्च कर सकते हैं। ग्राम पंचायत सदस्यों के लिए अधिकतम सीमा 10,000 है। ग्राम पंचायत प्रधान पद का प्रत्याशी चुनाव के दौरान 1,25,000 तक खर्च कर सकता है, जबकि क्षेत्र पंचायत सदस्य पद का प्रत्याशी1 लाख तक खर्च कर सकता है। जिला पंचायत सदस्य पद का उम्मीदवार 2.5 लाख तक और क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष पद का उम्मीदवार 3.5 लाख तक खर्च कर सकता है।

## प्रियंका गांधी ने मोदी और चुनाव आयोग पर किया तीखा हमला

# पीएम बोल रहे झूठ, करवा रहे वोटों की चोरी

कटिहार, वार्ता



■ पीएम मोदी को कट्टा, गोली, फिरौती और रंगदारी, देना होगा जवाब

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक जुबानी जंग जारी है। पीएम मोदी अपनी जनसभाओं में लगातार विपक्ष पर जंगलराज का आरोप लगाते हुए निशाना साध रहे हैं।

अब कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर पलटवार किया है। इस दौरान प्रियंका ने चुनाव आयोग को भी लपेटा है। उन्होंने पीएम मोदी और चुनाव आयोग पर बेहद तीखा हमला किया है। प्रियंका गांधी ने कटिहार जिले में एक जनसभा में कहा कि अब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के पद की गरिमा को भी बरकरार नहीं रख पा रहे हैं। पीएम मोदी अपनी जनसभाओं में कट्टा, गोली, फिरौती और रंगदारी जैसी बातें करते हैं। असल में इनके पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए अपनी भाषा का स्तर इतना नीचे गिरा चुके हैं। प्रियंका गांधी ने लोगों से पूछते हुए कहा कि अब आप ही बताइए कोई इतना नीचे कैसे गिर सकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को देश की जनता पहचान गई है। अब जनता मोदी के झूठ से गुमराह नहीं हो रही है, इसीलिए पीएम मोदी चुनाव जीतने के लिए अब वोट चोरी पर उतर आए हैं। प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर हमला करते हुए चुनाव आयोग को भी घेरा है। उन्होंने पीएम मोदी चुनाव आयोग के तीन लोगों के साथ मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। इनके नाम ज्ञानेश कुमार, विवेक जोशी और एस. एस. संधू हैं। यही तीन लोग पीएम मोदी के साथ वोट चोरी कर रहे हैं। ये सभी चुनाव आयोग के सबसे ऊंचे अधिकारी हैं।

ये लोग देश के संविधान और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और वोट चोरी में सरकार का साथ दे रहे हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग के तीनों अधिकारी जनता का अधिकार छीन रहे हैं। उन्होंने जनसभा मौजूद लोगों से कहा कि इनके नाम याद कर लीजिए, इन्हें पद के पीछे छिपने मत दीजिए। यहीं तीनों अधिकारी हैं जो लोग लोकतंत्र और संविधान के साथ विश्वासघात कर रहे हैं, उन्हें देश भूलेगा नहीं। इन सभी को आने वाले समय में जवाब देना पड़ेगा। प्रियंका गांधी ने संविधान ने जनता को वोट डालने की शक्ति दी है, जिससे सरकार बनाने का निर्णय आप लेते हैं, लेकिन जब बीजेपी को पता चला कि जनता खिलाफ हो रही है, तो उसने आपके अधिकारों को कमजोर करने के लिए 'वोट चोरी' करनी शुरू कर दी।

### सरकार के पास संसद में करने को काम नहीं, बुला रही है छोटे सत्र : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक से 20 दिसम्बर तक बुलाया गया है, लेकिन सत्र देर से बुलाने और इसमें महज 15 बैठकों के आयोजन से स्पष्ट हो जाता है कि सरकार के पास संसद में कराने के लिए कोई काम नहीं बचा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि ससंसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक होगा। इसमें असामान्य रूप से देरी के साथ ही काम के दिनों में कटौती की गई है। यह सिर्फ 15 कार्य दिवस का होगा। क्या संदेश दिया जा रहा है? उन्होंने कहा कि सरकार की इस घोषणा में स्पष्ट संदेश है कि उसके पास काम नहीं है। शीतकालीन सत्र को लेकर सरकार की घोषणा पर उन्होंने आगे लिखा कि स्पष्ट रूप से सरकार के पास संसद कार्यवाही के दौरान करने के लिए कोई काम नहीं बचा है।

# उत्तराखंड का बना दिया है भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ राज्य के गठन की नींव नेता जी ने रखी थी

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से जूझते उत्तराखंड को भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बना दिया गया है।

नौ नवम्बर को उत्तराखंड राज्य की स्थापना दिवस पर अपने संदेश में उन्होंने पर्वतीय राज्य के लोगों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी उत्तराखंडवासियों के हितों तथा विकास के लिए प्रतिबद्ध है और वह उनके सुख दुख में हमेशा साथ है। उन्होंने कहा कि इसके गठन की नींव नेताजी मुलायम सिंह यादव ने डाली थी। जनमत संग्रह कराकर अलग राज्य के रूप में उप्र के दोनों सदनों में उत्तराखंड राज्य के निर्माण का प्रस्ताव पास कराकर केन्द्र सरकार को भेजा था मगर 25 सालों में उत्तराखंड की जनता को आकांक्षाओं के अनुरूप अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण का ख्याल किए बगैर विकास के नाम पर अंधाधुंध जंगल कटान और अवैध खनन से उत्तराखंड भारी वर्षा, बादलों के फटने के अलावा भूस्खलन की समस्याओं से लगातार जूझ रहा है। जनधन की भारी क्षति हो रही है। बेरोजगारी चरम पर है। सीमावर्ती 1796 गांव मानव विहीन हो गए। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। शिक्षा की दशा बदहाल है। उद्योग धंधों का अभाव है।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 155000
प्रति किलो



# डिजिटल सेवाओं को बेहतर बना रहा डिजीलॉकर

■ नागरिकों और मंत्रालयों व विभागों को जोड़ने में बन रहा है ट्रस्ट लेयर: एस कृष्णन

**नई दिल्ली।** पहचान पत्र, प्रमाण-पत्र और जरूरी सूचनाओं को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की डिजलॉकर सुविधा पर राजधानी में हुए एक सम्मेलन में कागजरहित कामकाज, समावेशी शिक्षा और सुरक्षित डिजिटल सेवाओं को सुविधाजनक बनाने में इस की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित किया गया।

सम्मेलन में कहा गया है कि डिजीलॉकर ने डिजिटल व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाने में बड़ा योगदान किया है और यह देश में डिजिटल ट्रस्ट क्रांति में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 'डिजीलॉकर-सभी के लिए पेपरलेस एक्सेस को सक्षम बनाना' विषय पर भारत मंडपम में आयोजित सम्मेलन में डिजीलॉकर को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान करने वाले राज्यों को सम्मानित भी किया गया। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मंत्रालय के नेशनल ई-गवर्नेंस डिविजन (नेजीडी) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्येश्य इस बात पर चर्चा करना और यह दर्शाना था कि डिजीलॉकर कैसे एक साधारण सुरक्षित दस्तावेज भंडारण सुविधा और दक्षता की आधारशिला के रूप में विकसित हो रहा है।

मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने राष्ट्रीय डिजीलॉकर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डिजीलॉकर नागरिकों, मंत्रालयों और विभागों को जोड़ने वाली ट्रस्ट लेयर (विश्वास की परत) के रूप में काम करता है , जो सुरक्षित, इंटरऑपरेबल और जवाबदेह डिजिटल गवर्नेंस को सक्षम बनाता है। डिजिटल कनेक्टिविटी (सम्पर्क सुविधा) से क्षमता बढ़ी है, सर्विस डिलीवरी से आत्मनिर्भरता आ रही और अब डिजिटलीकरण से भरोसा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा विजन ऐसा भविष्य है जहां हर डिजिटल संपर्क भरोसेमंद हो, हर नागरिक सशक्त हो, और हर संस्थान जवाबदेह हो। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अपर सचिव अभिषेक सिंह ने टेक्नोलॉजी-आधारित गवर्नेंस में भारत की यात्रा को 'डिजिटल ट्रस्ट क्रांति' बताया। उन्होंने लाखों लोगों के लिए गवर्नेंस सिस्टम में विश्वास बनाने में डिजीलॉकर की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। नेजीडी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंद कुमारम ने डिजीलॉकर के सुरक्षित डॉक्यूमेंट स्टोरेज प्लेटफॉर्म से डिजिटल इंडिया के मुख्य स्तंभ के रूप में विकसित होने की जानकारी दी। वित्त विभाग में प्रधान सचिव (एएंडटी) डा. ऋचा बागला ने महाराष्ट्र में पेंशन और ट्रेजरी सिस्टम के साथ डिजिलॉकर के इंटीग्रेशन पर प्रस्तुति दी। असम के प्रधान सचिव (आईटी) केएस गोपीनाथ ने राज्य में सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से 500 से ज्यादा सेवाओं में डिजिलॉकर के समन्वय पर प्रस्तुति दी।

### जी-20 शिखर बैठक: कांग्रेस ने पीएम पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जी-20 शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शामिल नहीं होने की खबर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब इस बैठक में प्रधानमंत्री के जाने की संभावना है। जी-20 देशों की शिखर बैठक 22 तथा 23 नवम्बर को दक्षिण अफ्रीका में हो रही है। माना जा रहा है कि अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच चल रही अनबन के मद्देनजर ट्रम्प इस बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मोदी के बैठक में शामिल होने को लेकर लिखा कि अब जब ट्रम्प ने घोषणा की है कि वह दक्षिण अफ्रीका में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे, तो हम निश्चित हो सकते हैं कि स्वयंभू विश्वगुरु स्वयं व्यक्तिगत रूप से भाग लेंगे।

# लखनऊ से चली सहारनपुर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

लखनऊ जंक्शन पर आयोजित शुभारम्भ समारोह में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ की महापौर श्रीमती रत्ना खारवाल, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में यात्रीगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समारोह के दौरान यात्रियों में विशेष उत्साह देखा गया और सबने नई सेवा के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। यह लखनऊ से चलने वाली दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस है, जबकि राजधानी होकर गुजरने वाली कुल पांच वंदे भारत ट्रेनें लखनऊ से जुड़ गई हैं। इस नई ट्रेन के शुरू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक, व्यापारिक और शैक्षणिक क्षेत्रों से राजधानी लखनऊ तक आवागमन और भी तेज और सुविधाजनक हो गया है। ट्रेन संख्या 26504 लखनऊ से सहारनपुर की ओर सुबह पांच बजे रवानगी होगी और दोपहर बारह पैंतालीस पर सहारनपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या



पीएम मोदी ने किया वर्चुअल शुभारम्भ,यात्रियों में उत्साह, लखनऊ से चलने वाली पांचवीं वंदे भारत बनी

26503 सहारनपुर से दोपहर तीन बजे चलकर रात ग्यारह बजे लखनऊ पहुंचेगी। इस बीच यह ट्रेन सीता. पुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद और रुड़की स्टेशनों पर रुकेगी। सप्ताह में यह सेवा सोमवार का दिन छोड़कर छह दिन संचालित होगी। वंदे भारत की यह यात्रा सामान्य ट्रेनों की तुलना में लगभग एक घंटे कम समय में पूरी होगी। अत्याधुनिक इंजन, बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम और वायुगतिकीय ढांचा इस ट्रेन को अधिक गति और स्थिरता प्रदान करता है।

# केवल आधार से नहीं चलेगा काम, देने होंगे ये दस्तावेज

**लखनऊ।** आगामी विधानसभा चुनावों से ठीक पहले उत्तर प्रदेश में चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम तेज कर दिया है। इसी के साथ नए वोटर बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में आयोग ने सभी जिलों के डीएम को दिशा निर्देश देते हुए साफ तौर पर कहा है कि नए वोटर बनाने के लिए सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट के रूप में केवल आधार पर्याप्त नहीं है। आधार के साथ चुनाव आयोग द्वारा पहचान और नागरिकता के साथ ही जन्म प्रमाण तय करने के लिए निर्धारित कुछ जरूरी दस्तावेज भी दाखिल करने होंगे।
यह निर्देश 9 सितंबर 2025 के आयोग के पत्र और संलग्नक पर आधारित है। ऐसे में नया वोट बनवाने के लिए आधार के अलावा केंद्र/राज्य सरकार या पीएसयू के कर्मचारी/पेंशनभोगी का आईडी या पेंशन ऑर्डर के प्रति लगाई जा सकती है। इसी प्रकार 1 जुलाई 1987 से पहले जारी सरकारी/बैंक/डाकघर/एलआईसी का आईडी को भी वैध माना गया है। आयोग के मुताबिक जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मैट्रिक सर्टिफिकेट, स्थाई निवास प्रमाणपत्र, वन अधिकार प्रमाणपत्र तथा ओबीसी, एससी व एसटी जाति प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय नागरिकता प्रमाण पत्र भी लगाया जा सकता है। चुनाव आयोग ने यह निर्देश मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए किया है। आयोग ने साफ कहा है कि देश में ऐसा कोई नहीं चाहता कि अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को मतदाता सूची में जगह मिले। मतदाता सूची के पुनरीक्षण का उद्देश्य भी यही है। ऐसे में नया वोट बनाते समय ही जरूरी एहतियात बरतने की जरूरत है। इस संबंध में चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीएम)को मोबाइल पर स्पेशल मैसेज भेजा है। इसमें साफ कर दिया है कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत आधार अकेला मतदाता बनने की योग्यता नहीं देता। यह मैसेज दो हिस्सों में है। पहला हिस्सा मुख्य चुनाव आयुक्त की वीडियो रिकॉर्डिंग के रूप में है, वहीं दूसरे हिस्से में उनकी ओर से लिखित संदेश है। वीडियो में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा है कि आधार एक्ट की धारा-9 स्पष्ट करती है कि आधार न तो नागरिकता (सिटीजनशिप) का प्रमाण है और न ही निवास (डोमिसाइल) का। इसी प्रकार जन्मतिथि को लेकर भी कोर्ट ने कई बार स्थिति स्पष्ट की है।

# ईडी ने कांग्रेस विधायक की 21 करोड़ की संपत्ति अटैच की

गोवा, वार्ता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण सैल और उनके साथियों की 21 करोड़ रुपए संपत्ति अटैच की है। यह कार्रवाई अवैध रूप से लौह अयस्क के निर्यात से जुड़ी है। ईडी की जांच में कई बड़े खुलासे हुए हैं।

ईडी की जांच में पता चला कि सतीश सैल, जो श्री मल्लिकार्जुन शिपिंग प्राइवेट लिमिटेड (एसएमएसपीएल)के एमडी हैं, उन्होंने 2010 में बेले. केरी पोर्ट से बिना अनुमति के बड़ी मात्रा में लौह अयस्क की खरीद की थी और बाद में उसे चीन भेज दिया। इसके लिए उन्होंने हॉन्गकान्ग में फर्जी कंपनी बनाकर पैसे की हेराफेरी (मनी लॉन्ड्रिंग) की। जांच एजेंसियों ने पहले भी सतीश सैल के 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें 8 करोड़ रुपए की नकदी और सोना बरामद हुआ था।

**सात नवम्बर को कोर्ट ने बेल रद्द कर दी थी**

बाद में उन्हें मिली मेडिकल बेल को अदालत ने 7 नवंबर 2025 को रद्द कर दिया था। अटैच की गई संपत्तियों में गोवा के मुरगांव इलाके में खुली जमीन, कृषि भूमि और वास्को द गामा में स्थित वाणिज्यिक इमारत शामिल है, जिनकी कुल बाजार कीमत करीब 64 करोड़ रुपए बताई जा रही है। एक अन्य कार्रवाई में प्रवर्तन निद. ेशालय ने पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़ी 8 अचल संपत्तियों को अटैच किया है, जिनकी कीमत लगभग 67.03 करोड़ रुपए है। बताया जा रहा है कि ये संपत्तियां अलग-अलग ट्रस्टों और पीएफआई के राजनीतिक संगठन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टीआफ इंडिया के नाम पर दर्ज थीं। ईडी की जांच के अनुसार पीएफआई और एसडीपीआई ने देश और विदेश खासकर गल्फ देशों से चंदा, हवाला और दान के ज़रिए पैसे जुटाए। यह पैसा देश में हिंसक और आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल किया गया। जांच में अब तक 131 करोड़ रुपये की अवैध कमाई का पता चला है। ईडी ने अब तक पीएफआई और एसडीपीआई के 28 नेताओं और सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# झुग्गीबस्ती में भीषण आग, एक मरा, एक झुलसा

- सिलेंडर ब्लास्ट से ज्यादा फैली आग
- परिवार वालों ने हादसे के पीछे साजिश का शक जाहिर किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुध विहार इलाके में बीती रात बंगाली कॉलोनी झुग्गीबस्ती रिठाला में भीषण आग लग गई। हादसे में सैंकड़ों परिवार बेघर हो गए। जबकि उनका लाखों रुपये का कीमती सामान पूरी तरह से जल गया। हादसे में एक युवक की झुलसने से मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से झुलस गया। पुलिस मामला दर्ज करके आग लगने की जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात दस बजकर 50 मिनट पर बुध विहार पुलिस को रिठाला की झुग्गियों में आग लगने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। आग काफी तेज और काफी जगह में फैल चुकी थी। लोगों को किसी तरह से सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। दमकलकर्मियां ने मौके पर पहुंचकर दर्जनों गाडियों की मदद से आग पर सुबह नौ बजे पूरी तरह से काबू पाया। हादसे में करीब तीन सौ झुग्गियों/झोंपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया था। हादसे में राजेश और मुन्ना को नजदीक के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने मुन्ना को मृत घोषित करके राजेश की हालत गंभीर बताई। जिसको सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया। बस्ती में रहने वाले लोगों ने बताया कि आग कारण तो पता नहीं,लेकिन हादसे के बीच बस्ती में कई सिलेंडर ब्लास्ट होने की आवाजें जरूर सुनी गई थी। बस्ती में रहने वाली सारा नामक महिला ने बताया कि पूरी झुग्गी जल गई। कुछ नहीं बचाया है। मेरी बच्ची विकलांग है। पता नहीं आगे कहां पर रहेगें कहां पर जाएंगें। सरकार को कुछ खाने पीने का इंतजाम करना चाहिए। केश्टो नामक युवक ने बताया कि वह तो प्राईवेट नौकरी करता है।

रात को खाना खाने के बाद बस सोने की तैयारी कर रहे थे। उसी वक्त लोगों के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी थी। देखा तो झुग्गियों में आग लग रही थी। इतना भी मौका नहीं मिला कि सामान तक निकाल पाते। पहले भी दो बार कॉलोनी में आग लग चुकी है। मुन्नी देवी ने बताया कि उसका भाई राजेश आग की चपेट में आने से पूरी तरह से जल गया था। हादसे के वक्त सभी सो रहे थे। हलीम नामक महिला ने बताया कि आग दस मिनट के अंदर अंदर पूरी बस्ती में लग गई थी। नौ साल पहले भी आग लगी थी। सभी को शक है कि साजिश के तहत यह आग लगाई गई है। हमारा और हमारे जानकारों का सारा सामान जल गया है। सरकार को जरूर आग लगने के कारणों का पता लगाना चाहिए। जगह खाली करने की पहले भी और अब भी धमकी मिल रही थी। कोर्ट में मामला चल रहा है। अल्लारखा ने बताया कि हमको जान से मारने की धमकी मिलती रहती है। हमने कोर्ट में केस तक डाल रखा है। आग तो साजिश के तहत लगाई गई है। बस्ती में जो समरसीवर का पाइप था उसको तीन टूकड़ों में काट रखा था। नहीं तो आग पर लोग भी काबू कर लेते। लाइट भी कटवा रखी थी। साजिश के तहत पूरा मामला हुआ है। बच्चों को फुटपाथ पर सुलाया है। ठंड अब तो काफी हो गई है।

## भाजपा नेता पर हमला, नहीं दर्ज हुई एफआईआर

**नई दिल्ली।** बदरपुर इलाके में भाजपा नेता पर महिला सहित तीन लोगों ने हमला करने का मामला समाने आया है। हमले के बाद पीड़ित की आवाज सुनकर मौके पर भीड़ जमा हो गई, लोगों को अपनी ओर आते देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। हमले को पांच दिन बीत जाने के बाद भी बदरपुर थाना पुलिस ने न तो पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की हैं और न ही उनकी एमएलसी कराई है। जबकि पीड़ित का आरोप है कि वह पुलिस उपायुक्त तक अपनी शिकायत पहुंचा चुका हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सुधीर बिधुड़ी अपने परिवार के साथ बदरपुर इलाके में रहते हैं। सुधीर बिधुड़ी भाजपा से जुड़े हुए हैं और पूर्व में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री रह चुके हैं। पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में उन्होंने बताया कि 2 नवम्बर को वह बदरपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने घर की ओर लौट रहे थे।

# पेपर कटर से किया था दो दोस्तों पर जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वेलकम थानांतर्गत दो युवकों को पुरानी दुश्मनी के चलते धारदार हथियार से हमला करके हत्या करने का प्रयास किया गया था,इस वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग गए थे,मामले में साक्ष्य जुटाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 6 नवंबर को 33 फूटा रोड,कबीर नगर में शाजेब (30) और शैद (27) का आरोपियों से झगड़ा हो गया था जिसमे आरोपियों ने पेपर कटर से दोनों पर हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया,और मौके से फरार हो गए स पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान तौहीद और अजगर अली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 7 नवंबर को लगभग 1:36 बजे वेलकम थाना क्षेत्र में मारपीट की एक घटना की सूचना मिली थीं,जिसके बाद पुलिस टीम 33 फूटा रोड, कबीर नगर स्थित घटनास्थल पर पहुंची तब पता चला कि घायलों को पहले ही जीटीबी अस्पताल ले जाया जा चुका था।

अस्पताल में, पता चला कि दिनांक 6 नवंबर को लगभग 11.30 बजे, पीड़ित शाजेब (30 वर्ष), पुत्र राशिद, निवासी कबीर नगर, और उसके दोस्त शैद (27 वर्ष), पुत्र नसीम पर दो व्यक्तियों ने धारदार हथियार से हमला किया था। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। इस मामले में वेलकम थाने में धारा 109(1), 115(2), और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, इंस्पेक्टर रूपेश कुमार खत्री, के नेतृत्व में टीमों ने सुराग हासिल किए और दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया स जिनकी पहचान तोहीद (23 वर्ष), पुत्र अजमल, निवासी गली नंबर-1, हमजा मस्जिद के पास, कबीर नगर दिल्ली, और अजहर अली उर्फ अज्जू (24 वर्ष), पुत्र अफजल, निवासी गली नंबर 8, कबीर नगर, दिल्ली के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि पीड़ितों के साथ उनकी पुरानी दुश्मनी थी, जिसके कारण उनके ऊपर जानलेवा हमला किया था स उनकी निशानदेही पर अपराध में प्रयोग किया गया हथियार एक पेपर कटर बरामद किया गया। सत्यापन में आरोपी अजहर अली उर्फ अज्जू को पहले दो आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया।

# द क्षितिज शो में पहुंची शेफाली व हुमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्षितिज 25 मिथिबाई कॉलेज का प्रमख अंतर महाविद्यालयीय सांस्कतिक उत्सव ने 'द क्षितिज शो' का एक यादगार संस्करण आयोजित किया जिसमें अभिनेत्री शेफाली शाह और हुमा कुरैशी उपास्थित रहीं।

इस कायक्रम में 'दिल्ली क्राइम सीजन' की इन सितारों ने मिथिबाई कैंपस में विद्याथियों के साथ एक प्रेरक, मनाोरंजक ओर हृदय स्परशी दोपहर साझा की।वातावरण जाश और गहराई से भरा हआ था। जब भारतीय सिनेमा की ये दो सशक्त कलाकार अपने अनभव साझा कर रही थीं जो देश की सबसे प्रशंसित श्रंखलाओं में स एक दिल्ली क्राइम का हिस्सा हें। बातचीत में न्याय, करुणा और दृढ़ता जैसे विषयों को गहराइ से छुआ गया, जो दिल्ली क्राइम की मूल भावना को दशाता है। शफाली शाह ने साझा किया। दिल्ली क्राइम हमेशा सत्य, साहस और करुणा के बारे में रही है। छात्रों को इसमें इतनी भावनात्मक रूप से जडा देखना बेहद संतोषजनक है। हुमा कुरैशी ने कहा मिथिबाई में क्षितिज के लिए यहाँ होना ऐसा लगता है जैसे जुनून और रचनात्मकता के घर लौट आई हूं। ऊर्जा यह सब याद दिलाता है कि ऐसी कहानियाँ क्यों मायने रखती हैं।

मिथिबाई कॉलेज की प्राचार्या प्रो. कतिका देसाई ने कहा कि मिथिबाई हमेशा ऐसे संवादों को प्रोत्साहित करता है जो केवल मनो. रंजन से आगे बढ़कर सोचने पर मजबर करें और यह सत्र उसी भावना का प्रतीक था। मिाथिबाई क्षितिज की चेयरपर्सन भूमि शाह ने कहा, 'द क्षितिज शो' केवल सिनेमा का उत्सव नहीं है, बल्कि यह जुड़ाव का उत्सव है। इन दो अदभुत माहिलाओं का हमार छात्रों के साथ अपने सफर को साझा करना इस दापहर को ग्मजाशी, ईमानदारी ओर उद्देश्य से भर गया।

सत्र का समापन एक स्टैंडिंग ओवेशन के साथ हआ, जब छात्र और अतिथि उस संवाद से प्रेरित होकर लौटे जो क्षितिज की उस दृष्टि का सटीक प्रतिबिंब था, जहाँ कला, जागरूकता और युवाओं की आवाज एक साथ मिलकर एक सशक्त संदेश बनाती है।

# जीटीबी अस्पताल में नए नर्सेज का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को नर्सेज की नई भर्ती की जॉइनिंग पर एक कार्यक्रम का आयोजन जीटीबी अस्पताल की लाइब्रेरी में आयोजित किया गया, जिसमे उन सभी नर्सेज का स्वागत किया गया जिन्होंने जीटीबी अस्पताल में जॉइनिग की है।



इस कार्यक्रम ने इनके स्वागत के साथ रंगारंग कार्यक्रम भी रखा गया जिसमे नर्सेज के नए स्टाफ में परफॉर्मेस किया। इस मौके पर अतिथि के रूप में वीना सिंह, टीकम यादव धनंजय कुमार यादव, हरपाल कौर, हंसा कुमारी कविता आशीवाल उपस्थित थी जबकि स्टेज दीपा धिलोरिया ने संभाला और मीनाक्षी सिंह ने संभाला स इस मौके पर पुराने स्टाफ ने नए नर्सेज स्टाफ से ठिठोली करते हुए फिल्मी गानों पर नाचने की फरमाईस की तो जूनियर स्टाफ ने उनका आदर करते हुए फिल्मी गानो पर डांस किया और पुराने स्टाफ ने जब नए स्टाफ की सूझबूझ की परख के लिए पहेलियां भी पूछी तो नए नर्सेज स्टाफ ने बेबाक उनके सही जबाब देकर शाबाशी बटोरी स कार्यक्रम के आयोजक श्याम सुंदर मीणा,महेंद्र जैन,श्वेता यादव,लोकेश शर्मा, अशोक चौधरी, इरशाद शेख,भरत मेवाड़ा,महेंद्र कुमार वर्मा थे।

## एक नजर

### देश के सबसे वंचित समुदायों में मुसहर जाति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत एक विविधताओं वाला देश है जहाँ अनेक जातियाँ, धर्म और समुदाय रहते हैं। इनमें से कुछ जातियाँ ऐतिहासिक रूप से सामा. जिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी रहीं। बिहार जैसे राज्य में जहाँ गरीबी और सामाजिक विषमता लंबे समय से बनी हुई है, वहाँ मुसहर जाति सबसे अधिक वंचित समुदायों में गिनी जाती है। लेखक, शोधकर्ता एवं विच. ारक विकास खितौलिया के अनुसार मुसहर जाति को अनुसूचित जातियों की श्रेणी में रखा गया है, परंतु आज भी यह समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़ी है। अस्पृश्यता के कारण जो लोग इनके हाथ का पानी पीना पसंद नहीं करते है, वह इनके हाथों से शराब भी पी लेते है। अन्य समाज की शादी समारोह आदि कार्यक्रमों में इनका जाना वर्जित है। स्वर्ण समाज को तो छोड़िए, अनुसूचित जाति की कुछ जातियां भी इनसे भेदभाव करती है। गरीबी के कारण इस जाति के अधिकांश लोग अवैध रूप से शराब बेचने का कार्य भी करती है, जबकि बिहार में शराब बंद है। "मुसहर" शब्द की उत्पत्ति "मूस" (चूहा) से मानी जाती है और इसका मतलब है, मुस+हर यानी की मुस को हरने वाला। पुराने समय में यह जाति खेतों में मजदूरी करती थी और अत्यधिक गरीबी के कारण चूहे पकड़कर भोजन के रूप में उपयोग करती थी, यही उनकी पहचान बन गई। सच मानिए तो यह लोग वर्तमान समय से पूर्व 18वीं सदी में जी रहे है, इनके रहन सहन का तरीका सदियों पुराना है इसलिए यह लोग समाज की मुख्यधारा से बिल्कुल कटे हुए है ।

### ब्रह्माकुमारीज ने किया तीन दिवसीय राष्ट्रीय महासम्मेलन का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ब्रह्माकुमारीज के भोराकलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय महिला सम्मेलन का आयोजन हुआ। परिसर के दादी प्रकाशमणी सभागार में आध्यात्मिकता से महिला सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम हुआ। सम्मेलन के उदघाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि इंडियन योगिनी एसोसिएशन की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आर. एच. लता ने अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए आध्यात्मिकता जरूरी है। महिलाओं में आत्म सम्मान का भाव होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि असुरक्षा का प्रमुख कारण अनेक सामाजिक विसंगतियां हैं। परिवारों में संस्कारों का बहुत बड़ा अभाव है।

आध्यात्मिकता हमें अन्दर की आवाज सुनने के लिए प्रेरित करती है। जो हमारी अंतरात्मा से निकलती है। उन्होंने कहा कि वो योगिनी होम स्टे के माध्यम से महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा का कार्य कर रही हैं। लेकिन ब्रह्माकुमारीज संस्थान आध्यात्मिक सशक्तिकरण के माध्यम से एक कस्बे से लेकर वैश्विक स्तर तक महिलाओं को सशक्त कर रही हैं। इस अवसर पर ओ आर सी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने अपने अनुभव युक्त बोल से सबको प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक सुरक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की सुरक्षा बहुत जरूरी है। आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों के पतन के कारण ही असुरक्षा की भावना बढ़ी है।

## गला चोक कर लूटने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार पूर्व इलाके में गला चोक करके लूटपाट करने वाले एक बदमाश वाजिद को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने लूट की रकम भी जब्त की है। आरोपी आधा दर्जन वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस आरोपी के नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस को बीते बुधवार को एक युवक के साथ गला चोक करके लूटपाट होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह डीडीए ग्राउंड, पीरागढ़ी के पास था, एक अज्ञात युवक पैदल उसके पास आया, उसकी गर्दन दबा दी। जबरन जेब में रखे हजारों रुपये लूटकर फरार हो गया।

# कर्मचारियों को हेपेटाइटिस-बी से बचाने को रेलवे खरीदेगा जांच किट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रेलवे कर्मचारियों और उनके परिजनों की सेहत की सुरक्षा के लिए उत्तर रेलवे हेपेटाइटिस-बी की जांच के लिए टेस्ट किट खरीदेगा। यह किट उत्तर रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल नई दिल्ली और अंबाला डिविजनल हॉस्पिटल में उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि समय पर कर्मचारियों की जांच हो सके और रोग की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके रेलवे के के अनुसार प्रारंभिक चरण में कुल 8500 टेस्ट कार्ड खरीदे जाएंगे। इनमें से 7000 टेस्ट कार्ड एनआर सेंट्रल हॉस्पिटल नई दिल्ली को और 1500 टेस्ट कार्ड अंबाला डिविजनल हॉस्पिटल को उपलब्ध कराए जाएंगे। इन जांच किटों का उपयोग रेलवे कर्मचारियों, उनके परिजनों के साथ-साथ सशर्त यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण में किया जाएगा। रेलवे ने वर्ष 2025-26 के लिए खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि "हमारा लक्ष्य केवल इलाज नहीं, बल्कि बीमारी की रोकथाम है।

रेलवे प्रशासन के अनुसार, रेलवे में कार्यरत कर्मचारी 24 घंटे ड्यूटी पर रहते हैं और कई बार विभिन्न संक्रमणों के संपर्क में आ जाते हैं। विशेष रूप से मेडिकल, सफाई, तकनीकी और टिकटिंग विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को हेपेटाइटिस-बी जैसी बीमारियों का जोखिम अधिक रहता है। हेपेटाइटिस-बी मुख्य रूप से लीवर को प्रभावित करता है। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच से न केवल कर्मचारियों को सुरक्षित रखा जा सकता है, बल्कि कार्यकुशलता भी बढ़ाई जा सकती है। उत्तर रेलवे के अस्पतालों में पहले से आधुनिक पैथोलॉजी लैब, डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और ब्लड टेस्ट की सुविधाएं मौजूद हैं। इन अस्पतालों में हेपेटाइटिस-बी जांच की सुविधा भी प्रमुख रूप से शामिल है। एनआर सेंट्रल हॉस्पिटल नई दिल्ली न केवल दिल्ली मंडल के कर्मचारियों की सेवा करता है, बल्कि यह उत्तर रेलवे के मुख्य रेफरल अस्पतालों में से एक है। वहीं अंबाला डिविजनल हॉस्पिटल हरियाणा और पंजाब क्षेत्र के रेलवे कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है।

# प्रदूषण ने बिगाड़ी शादियों की सेटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी की धुंध इस बार सिर्फ आसमान नहीं ढक रही, शादी की तस्वीरें भी धुंधला रही हैं। खराब आबोहवा का असर आसमान के साथ ही वेडिंग वेन्यू पर भी दिख रहा है। जहरीली हवा और गिरते एयर क्वालिटी इंडेक्स की वजह से शादियों की परफेक्ट लोकेशन माने जाने वाली दिल्ली, अब दूल्हा दुल्हन के लिए खतरे की घंटी बन गई है। एनआरआई और हाई-प्रोफाइल परिवार अब फाइव-स्टार लॉन की जगह जिम कॉर्बेट, ऋषिकेश या गोवा के खुले आसमान के नीचे फेरे लेने को ज्यादा मुफीद मान रहे हैं। दिल्ली के वेडिंग प्लानर्स के मुताबिक, इस सीजन में कई एनआरआई कपल्स ने राजधानी की जगह क्लीन-एयर डेस्टिनेशन चुनी है। विवाह लक्जरी वेडिंग्स से मो. हसिन खान बताते हैं कि अगले दो महीनों में होने वाली चार बड़ी शादियों का वेन्यू दिल्ली से बाहर फाइनल किया गया है। कपल्स ने जिम कॉर्बेट, ऋषिकेश, पुष्कर और रणथंभौर जैसी जगहें चुनी हैं। वजह है दिल्ली की प्रदूषित हवा, मेहमानों की सेहत और शादी की फोटोग्राफी की चिंता। वेडिंग इंडस्ट्री के लोगों का कहना है कि अब क्लीन वेडिंग नया ट्रेंड बन रहा है। पहले शादी का बजट डेकोरेशन और गेस्ट लिस्ट पर तय होता था, अब एयर क्वालिटी और लोकेशन की विजिबिलिटी भी फैक्टर बन गई है।

# भगवान झूलेलाल को अपशब्द कहने पर सिंधी समाज हुआ एकजुट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी का क्षेत्रीय नेता अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के ईस्ट देवता भगवान झूलेलाल जी को अपशब्द कहने और सिंधी समाज को पाकिस्तानी कहने पर सिंधी समाज के प्रमुख सामजिक संस्थाएँ एकजुट होकर प्रेस वार्ता में अपना रोष प्रकट किया और सभी ने एकजुट होकर अमित बघेल से कहा सिंधी समाज से माफी मांगे और भारत के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, छस्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष, छस्तीसगढ़ के पुलिस प्रमुख से आने वाले बुधवार तक अमित बघेल माफी नहीं माँगता तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया और कहा अगर अमित बघेल के खिलाफ कानूनी कार्यवाही नहीं होती तो सिंधी समाज सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगा। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए सुरेश केसवानी पूर्व सांसद, राज्यसभा, संस्थापक अध्यक्ष सिंधी कौंसिल ऑफ इंडिया ने कहा सिंधी समाज पाकिस्तानी नहीं है सिंधी समाज विभाजन के समय अखंड भारत से अपने भारत में रहने का निर्णय लिया जिस कारण सिंधी समाज अपना घर, कारोवार सब कुछ छोड़कर अपने भारत के विभिन्न क्षेत्रों में आकर अपनी जिंदगी अपने बलबूते दोबारा शुरू किया और देश के जीडीपी में सभी समाज से सबसे ज्यादा योगदान दिया। हमने कभी किसी भी सरकार को अपना क्षेत्र छूटने का दु:ख ब्यान नहीं किया हम जहां भी रहे उसी क्षेत्र को अपना माना।

## नौकरी दिलाने के नाम पर करते थे ठगी, नौ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली साइबर पुलिस ने एक बड़े साइबर फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, जो इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से ठगी कर रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य सरगना विकाश कुमार उर्फ विक्की, एक टेलीकॉम कंपनी का कर्मचारी बलजीत सिंह और सात महिला टेलीकॉलर शामिल हैं। ये सभी पश्चिम दिल्ली से संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर के जरिए ठगी कर रहे थे।

उपायुक्त अंकित चौहान के मुताबिक, आरोपियों ने ओ एल एक्स और अन्य जॉब पोर्टल्स पर एयरलाइन सेक्टर की नौकरियों के विज्ञापन डाल रखे थे।

# प्रजातिवाद के खिलाफ मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली और उत्तर प्रदेश से सैकड़ों पशु अधिकार कार्यकर्ता एक प्रभावशाली प्रदर्शन में शामिल हुए जिसमें उन्होंने पशु मुक्ति और प्रजातिवाद की समाप्ति की मांग की।

वीगन इंडिया मूवमेंट और दिल्ली वेगन्स फॉर एनिमल लिबरेशन द्वारा आयोजित यह मार्च पैसिफिक मॉल से राजौरी गार्डन मार्केट तक निकाला गया, जिसमें भोजन, कपड़ों, मनोरंजन और अन्य उद्देश्यों के लिए शोषित किए जा रहे पशुओं की स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यकर्ताओं ने विचारा. `तेजक पोस्टर उठाए हुए थे, जिन पर लिखा था उनका शरीर, हमारा नहीं, मांस हत्या है और दूध = बीफ। वे नारे लगा रहे थे पशुओं को भी आजादी चाहिए। आयोजकों में से एक मंजीरा बनर्जी ने कहा हम पशुओं को अस्तित्व में लाते हैं और फिर अपने स्वार्थ के लिए उनका शोषण करते हैं। यह एक गलतफहमी है कि हमें पोषण के लिए पशु पदार्थों की जरूरत है, जबकि शोध बताता है कि हम पूर्णत: पौध-आधारित आहार पर भी स्वस्थ रह सकते हैं। दूध, मांस, डेयरी, अंडे या शहद किसी की भी जरूरत नहीं है।

## कुत्तों को हटाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद एमसीडी ने संस्थागत क्षेत्र स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बस अड्डे और रेलवे स्टेशन आदि से लावारिश कुत्तों को हटाने की तैयारी शुरू कर दी है।

### सार्वजनिक सूचना

मैं अशोक कुमार पुत्र मंगलाराम निवासी 28 /1/3/ 1सी, ईस्ट आजाद नगर कृष्णा नगर दिल्ली-110051, ने अपने पुत्र नीरज कुमार पुत्रवधू चित्रा,पौत्र मानविक और पौत्री लावन्या को सपरिवार उनके दुर्व्यवहार व गलत-आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध-विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य अथवा लेनदेन के लिए मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदार नहीं होगी

## नाबालिगों ने की चाकू से गोदकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम दिल्ली के महेंद्र पार्क थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात तीन नाबालिगों ने 51 वर्षीय राकेश कुमार उर्फ सोनू की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, हत्या की वजह बदला है। मृतक पर पहले एक दोहरे हत्याकांड में का आरोप था। पुलिस मामले में किसी बड़े गिरोह या पुराने गैंग नेटवर्क की संलिप्तता भी तलाश रही है।

शुक्रवार रात करीब 1:15 बजे सोनू को घायल हालत में उसके परिचित दीपक कुमार ने बीजेआरएम अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें तीन किशोर सोनू पर चाकू से लगातार वार करते और वहां से भागते हुए दिखे।जांच में पता चला कि सोनू को पहले महेंद्र पार्क थाना पुलिस ने दोहरे हत्याकांड में गिरफ्तार किया था।

# हमारे राम की नाट्य प्रस्तुति की जा रही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** थिएटर कंपनी, फेलिसिटी थिएटर द्वारा इस महा काव्यात्मक 'हमारे राम' की नाट्य प्रस्तुति सगर्व आपके समक्ष प्रस्तुत की जा रही है।



गौरव भारद्वाज द्वारा निर्देशित इस महान कृति में रामायण के कुछ ऐसे अभूतपूर्व दृश्य दिखाए गए हैं, जिन्हें इससे पहले कभी किसी मंच पर नहीं दिखाया गया। बॉलीवुड के प्रमुख दिग्गज आशुतोष राणा ने रावण की प्रतिष्ठित भूमिका निभाई है, भगवान राम की भूमिका में दिखाई देंगे प्रशंसित अभिनेता राहुल आर भूचर, भगवान हनुमान की भूमिका में दानिश अख्तर, तरूण खन्ना भगवान शिव की भूमिका में, हरलीन कौर रेखी ने माता सीता की, और करण शर्मा सूर्य देव की भूमिका में दिखाई देंगे। इस समूह में थिएटर की दुनिया के अन्य अनुभवी कलाकार भी शामिल हैं। भारत भर के शहरों में हाउसफुल शो रहने के बाद नाट्य नाटक "हमारे राम" का प्रीमियर 16 नवंबर, 2025 को गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, नोएडा में किया जाएगा। पार्श्व गायक कैलाश खेर, शंकर महादेवन और सोनू निगम ने विशेष रूप से ''हमारे राम'' के लिए बनाई गई मूल रचनाओं में अपनी आवाज दी है, जो श्रवण अनुभव को बढ़ाता है। यह शानदार नाटकीय अनुभव असाधारण प्रदर्शन, शक्तिशाली संवाद, आत्मा-उत्तेजक संगीत, जीवंत कोरियोग्राफी, उत्कृष्ट वेशभूषा और अत्याधुनिक प्रकाश व्यवस्था और विशेष प्रभाव प्रदान करता है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| एन.आई.टी | क्रसं. | 18A, 19A, 50, 51, 52, 54, 56, 57, 58, 59 & 60-W-V |
|---|---|---|
| 1 कार्य का नाम (स्थान के साथ) | 18 A | एडीईएन/एचएनजेडएम के अंतर्गत अनुभाग में यार्डों में रेल, स्लीपर, फिटिंग ओवर हॉलिंग और विविध कार्यों का आकस्मिक नवीनीकरण। **समान कार्य की प्रकृति : किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य।** |
| | 19 A | एडीईएन/एचएनजेडएम के अंतर्गत एसएसई/पी. वे/एचएनजेडएम के अनुभाग में ग्लूड जॉइंट एवं स्विच एक्सपेंशन जॉइंट का प्रतिस्थापन। **समान कार्य की प्रकृति : किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य।** |
| | 50 | ADEN/TKD के तहत JNC-PWL सेक्शन पर भारी अतिक्रमण वाली जगहों पर घुसपैठ रोकने के लिए बाउंड्री वॉल फेंसिंग का निर्माण। **कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य** |
| | 51 | ADEN/DEE के तहत DEE-RE सेक्शन में सेस क्लीनिंग, जंगल क्लीनिंग और शैलो स्क्रीनिंग। |
| | 52 | ADEN/DEE के तहत SSE/W/DEE सेक्शन में दिल्ली सराय रोहिल्ला डिपो में सिक लाइन सुविधाओं को बढ़ाना और बेहतर बनाना। **कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य** |
| | 54 | Sr-DEN/V/NDLS के सेक्शन में टैंकरों के जरिए पीने के पानी की सप्लाई। कार्य की समान प्रकृति: किसी भी प्रकार का कार्य |
| | 56 | ADEN/DEE सेक्शन में अलग-अलग LHS से पानी निकालना और LHS और पुलों के वाटरवे की सफाई करना। |
| | 57 | ADEN/TKD के तहत SSE/W/FDB सेक्शन में FDN स्टेशन पर फरीदाबाद गुड्स साइडिंग में गुड्स शेड का अपग्रेडेशन। **कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य** |
| | 58 | ADEN/TKD के तहत SSE/W/E/TKD सेक्शन में स्टाफ क्वार्टर और सर्विस बिल्डिंग की मरम्मत और रखरखाव के लिए सालाना जोन का काम। **कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य** |
| | 59 | ADEN/DEE के तहत SSE/W/DEE सेक्शन में DEE और DEC स्टेशन पर स्टेशन बिल्डिंग और सर्विस बिल्डिंग की मरम्मत और रखरखाव के लिए सालाना जोन का काम। **कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य** |
| | 60 | तुगलकाबाद में ADEN/TKD सेक्शन में पुराने, खतरनाक और घटिया टाइप-I क्वार्टरों को टाइप-II क्वार्टरों से बदलना (कुल 16 नग) **कार्य की समान प्रकृति: भवन/क्वार्टर का निर्माण** |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 काम की अनुमानित लागत रूपये | 18A | रूपये 6999819.50 | 19A | रूपये 5499700.23 | 50 | रूपये 23390330.18 |
| | 51 | रूपये 3999511.43 | 52 | रूपये 33003715.82 | 54 | रूपये 6498626.56 |
| | 56 | रूपये 4499335.61 | 57 | रूपये 79516335.60 | 58 | रूपये 10499437.86 |
| | 59 | रूपये 5999914.66 | 60 | रूपये 29525502.14 | | |
| 3 अग्रिम राशि (रूपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट- रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) | | | | | |
| | 18A | रूपये 140000.00 | 19A | रूपये 110000.00 | 50 | रूपये 267000.00 |
| | 51 | रूपये 80000.00 | 52 | रूपये 315000.00 | 54 | रूपये 130000.00 |
| | 56 | रूपये 90000.00 | 57 | रूपये 547600.00 | 58 | रूपये 202500.00 |
| | 59 | रूपये 120000.00 | 60 | रूपये 297600.00 | | |
| 4 काम की समाप्ति अवधि | 18A | 06 महीने | 19A | 06 महीने | 50 | 12 महीने |
| | 51 | 06 महीने | 52 | 12 महीने | 54 | 09 महीने |
| | 56 | 06 महीने | 56 | 12 महीने | 58 | 06 महीने |
| | 59 | 06 महीने | 60 | 12 महीने | | |
| 5 निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 02.12.2025 को 15.00 बजे तक तथा 02.12.2025 को 15.00 बजे निविदा खुलना है। | | | | | |
| 6 वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | | | | | |

No. 128-W/280/OET/2025-26/NIT-18A, 19A, 50, 51, 52, 54, 56, 57, 58, 59 & 60 -W-V Date 07.11.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3466/25

# एसडीजीआई यूनिवर्सिटी में बैंकिंग में साइबर सुरक्षा पर सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड कॉमर्स द्वारा बैंकिंग में साइबर सुरक्षा विषय पर एक ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर के सेमिनार हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र में साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व और डिजिटल युग में सामने आ रही चुनौतियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के सम्माननीय नेतृत्व चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर्स नितिन अग्रवाल, पीयूष श्रीवास्तव एवं



विमल कुमार शर्मा, कुलपति प्रो (डॉ) परसंजीत कुमार और रजिस्ट्रार डॉ राजीव रतन के मार्गदर्शन में हुआ। सेमिनार का स्वागत भाषण डॉ अभिन् ना बक् सी भटनागर, निदेशक (स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड कॉमर्स) ने प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को बैंकिंग उद्योग में साइबर सुरक्षा की व्यावहारिक समझ प्रदान करना और सिद्धांत एवं व्यवहार के बीच की खाई को पाटना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे डॉ एन के भसीन (जोनल हेड, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस, नई दिल्ली), जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 'साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना और ग्राहकों को जागरूक करना आवश्यक है।' गेस्ट ऑफ ऑनर दिनेश वलेचा (मुख्य प्रबंधक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स) ने साइबर सुरक्षा नीतियों के व्यावहारिक पक्षों पर चर्चा की, जबकि सतीश कंबोज (ट्रेनर एवं कंसल्टेंट, बीएफएसआई सेक्टर) ने डिजिटल बैंकिंग के नए रुझानों पर प्रकाश डाला।

सत्र के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया। अतिथियों ने छात्रों की जिज्ञासा और सक्रिय सहभागिता की सराहना की। कार्यक्रम का समापन डॉ अंशिता त्यागी (विभागाध्यक्ष, बी कॉम) द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। सेमिनार के सफल आयोजन में रजत साहनी, तनुश्री तथा छात्र संयोजकों अनीता, खुशी जायसवाल, खुशी, आसिफा और मुकुंद गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

## राउंड टेबल इंडिया वीक का भव्य आगाज

# समाजसेवा, एकता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में नई पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** यूनाइटेड राउंड टेबल 371 (GURT 371) द्वारा राउंड टेबल इंडिया वीक का शुभारंभ उपाध्यक्ष Tr. प्रांशुल मित्तल के नेतृत्व में 9 नवंबर से हो रहा है। यह सप्ताहभर चलने वाला उत्सव 9 से 15 नवंबर तक चलेगा, जिसमें हर दिन समाज और समुदाय को केंद्र में रखकर कोई न कोई सार्थक पहल की जाएगी – शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और मानवीय सेवा के क्षेत्र में नई प्रेरणा जगाने के उद्देश्य से। फ्रीडम ड्राइव" से होगा शानदार आगाज उत्सव की शुरुआत 9 नवंबर सुबह 9 बजे हापुड़ चुंगी से होने वाली "फ्रीडम ड्राइव" से की जाएगी। इस विशेष यात्रा में Ghaziabad United Round Table 371 के 12 टेब्लर्स पाँच गाड़ियों के काफिले के रूप में मेरठ और मुजफ्फरनगर के लिए रवाना होंगे।

ड्राइव का फ्लैग ऑफ Vice Chairman Tr. प्रांशुल मित्तल और Chairman Tr. प्रतीक अग्रवाल द्वारा राउंड टेबल इंडिया फ्लैग के साथ किया जाएगा। इस ड्राइव का उद्देश्य केवल यात्रा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, भाईचारे और राष्ट्रसेवा की भावना को जन-जन तक पहुँचाना है। यह ड्राइव टेब्लर्स के उस समर्पण की झलक है जो "सेवा ही सच्चा उत्सव है" के आदर्श पर टिकी है। समाजहित की कड़ी में 11 नवंबर को ब्लड डोनेशन कैंप इसी श्रृंखला में 11 नवंबर को कवि नगर, गाजियाबाद में एक विशाल ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जाएगा।

यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा, जिसमें राउंड टेबल इंडिया 371 के टेब्लर्स, स्थानीय नागरिक और युवा बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इस पहल का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों की सहायता करना है। राउंड टेबल इंडिया – युवाओं की ऊर्जा से प्रेरित सेवा संगठन राउंड टेबल इंडिया (RTI) एक गैर-राजनी. तिक, गैर-सांप्रदायिक, और पूरी तरह से स्वैच्छिक युवा संगठन है, जो 18 से 40 वर्ष के पेशेवरों और उद्यमियों से मिलकर बना है। GURT 371 का विजन चैयरमेन प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि Round Table India Week हमारे लिए केवल उत्सव नहीं बल्कि यह सेवा, एकता और मानवता का सप्ताह है।

हर टेब्लर का लक्ष्य है समाज को कुछ लौटाना, और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भारत का निर्माण करना। उपाध्यक्ष प्रांशुल मित्तल ने जोड़ा Freedom Drive और Blood Donation Camp जैसे कार्यक्रम युवाओं को यह याद दिलाते हैं कि असली राष्ट्रप्रेम सेवा के माध्यम से व्यक्त होता है। आगामी कार्यक्रम इस सप्ताह के दौरान GURT 371 पर्यावरण, शिक्षा और समाजसेवा से जुड़े कई कार्यक्रम जैसे गो ग्रीन ड्राइव, टविंक्लर एक्टिविटीज (बच्चों के लिए), स्वच्छता अभियान, और स्कूल विजिट्स आयोजित करेगा। राउंड टेबल इंडिया वीक न सिर्फ गाजियाबाद बल्कि पूरे एरिया 5 में भाईचारे, सामाजिक जिम्मेदारी और उत्साह की नई लहर लेकर आएगा।

# एमएमएच कॉलेज में वंदे मातरम 150 वर्ष कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एमएमएच कॉलेज द्वारा वंदे मातरम 150 वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिनव गोपाल (आईएएस) सीडीओ रहे। उन्होने विकसित उत्तर प्रदेश के लिए एमएमएच कालेज के प्राचार्य, शिक्षकगणो व छात्र-छात्राओ से सुझाव मांगे। गाजियाबाद उत्तर प्रदेश की जीडीपी मे मुख्य भूमिका निभाता है। इसलिए गाजियाबाद की जिम्मेदारी सुझाव देने में और भी ज्यादा हो जाती है। मुख्य व्याख्यान डॉ रीतेश यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर,



इतिहास विभाग द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने 'वंदे मातरम' का भव्य इतिहास, कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा से छात्रों को अवगत कराया। उसके उपरांत प्राचार्य प्रो संजय सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 'वंदे मातरम' केवल शब्द नहीं बल्कि राष्ट्र प्रेम और अन्याय के प्रतिरोध का भाव बन गया। 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष मनाने के पीछे छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाने के साथ-साथ, आजादी मिलने के पीछे छिपी पीड़ा से अवगत कराना है।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज ने लगाए स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा अक्टूबर माह में मरीजों के लिए गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों पर नियमित शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत संस्थान ने गाजियाबाद जिले के विभिन्न हिस्सों में लगभग 4500 मरीजों के विभिन्न शिविर लगाये जिसमें मसूरी, लाल कुआं, मोदीनगर, चमरावल, सिकरी खुर्द, मोहन नगर, रिस्तल, नंदग्राम, लोनी, विजय नगर, राजपुर, दासना, ललियाना, नैफाल आदि के साथ-साथ क्लासिक रेजीडेंसी, राज एम्पायर और मेट्रो होम्स जैसी गाजियाबाद की विभिन्न सोसायटियों में भी विभिन्न दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर का मुख्य उद्देश्य मौखिक स्वच्छता



के प्रति जागरूकता बढ़ाना, व्यक्तियों को सामान्य दंत समस्याओं के प्रारंभिक संकेतों के बारे में शिक्षित करना और मुफ्त निदान तथा उपचार सेवाएं प्रदान करना था। प्रत्येक शिविर की शुरूआत मौखिक स्क्रीनिंग सत्र से हुई, जिसके बाद प्रत्येक मरीज को अपना उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष रूप से दांतों की सड़न, मसूड़ों की बीमारियों, दंत फ्लोरोसिस और उन्हें रोकने के उपायों पर जोर दिया गया। इसके साथ ही उन्हें कैरियोजेनिक खाद्य पदार्थो के बारे में शिक्षित किया गया जो दांतों की सड़न पैदा कर सकते है। इसके बाद उन्हें मौखिक रोगों से संबंधित उकने प्रश्नों के उत्तर भी दिये। इसके अतिरिक्त मरीजों को संस्थान में प्रदान किये जाने वाले उन्नत उपचार जैसे डेन्टल इंप्लांट, लैमिनेट्स, वेनीर्स, माइक्रोस्कोपिक रूट कैनाल ट्रीटमेंट, ब्रेसेस, एलाइनर्स, टीथ व्हाइटनिंग, हेयर ट्रांसप्लांट आदि के बारे में भी बताया गया। इसके बाद शिविर स्थल पर मरीजों के दांत निकाले गये, दांतो की सफाई करायी, दांतों की सड़न को रोकने के लिए एपीएफ जैल लगाना और और मरीजों का एक्स-रे तथा दांतो मे मसाला भी भरा गया। इसके अलावा संस्थाना द्वारा विश्व मान. सिक स्वास्थ्य दिवस भी आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इसके अतिरिक्त, संस्थान के द्वारा भोजपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) और मुरादनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में अपनी चल रही सेटेलाइट के जरिए लगभग 1500 से अधिक मरीजों को निशुल्क उपचार प्रदान किया।

# राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 44वीं जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ एच आर आई टी यूनिवर्सिटी मेरठ रोड खेल के मैदान पर किया गया। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि रितु पथिक, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, भारतीय खेल प्राधिकरण रही। समारोह की अध्यक्षता एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर ने की। अन्य विशिष्ट अतिथि गणों में अरुण लाल वी. डिप्टी डायरेक्टर,भारतीय खेल प्राधिकरण, नवीन कुमार, प्रोजेक्ट ऑफिसर, भारतीय खेल प्राधिकरण, जयप्रकाश

कादीयान, डॉक्टर ओ पी माचरा, पंडित पाटिल, दयानंद उपाध्याय, कमलेश शर्मा, प्रदेश



अध्यक्ष शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश अजय प्रमुख उपस्थित रहे। शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजुल अग्रवाल, महासचिव जीत राज तोमर ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रितु पथिक, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, भारतीय खेल प्राधिकरण ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के साथ-साथ बच्चे अपनी पढ़ाई पर भी ध्यान दें शिक्षा और खेल का समन्वय उनके जीवन में आगे बढ़ाने की गति प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह का मुख्य आकर्षण एन.डी.आर.एफ. का बैन्ड रहा। जिसने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। उपरोक्त राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 27 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 3 दिन चलेगी। दिनांक 9 नवंबर 2025 को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# मोदीनगर में हुई म्यूजिक एलबम फ्लैश की लॉन्चिंग, विदेशी कलाकार भी हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्राइममेक्स स्टूडियोज मोदीनगर द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें म्यूजिक एलबम फ्लैश को रिलीज किया गया,इस रिलीज के दौरान एलबम के कलाक. ार व प्रोडक्शन के लोग भी मौजूद रहे। इस एलबम के निर्माता अमित गोयल ने बताया कि इस एलबम की विशेषता यह है कि इसके म्यूजिक डायरेक्टर म्यूजिक गायकी की दुनिया के फेमस म्यूजिशियन आशीष जी है जोकि मोदीनगर के ही रहने वाले हैं व इसकी कलाकार पोलैंड निवासी मर्सिलिना है।

डीजे शेजवुड के नाम से मशहूर प्रसिद्ध म्यूजिशियन व सिंगर आशीष शर्मा ने बताया कि उन्होंने बहुत काम इस इंडस्ट्री में किया है इस बार इच्छा हुई कि अपने शहर मोदीनगर में एलबम का उद्घाटन किया जाए इसलिए यहां



किया है। उन्होंने यह भी बताया कि अगले वर्ष हमारी टीम एक फिल्म केदारा का निर्माण करेगी जिसकी हीरोइन हमारे इस म्यूजिक एलबम की कलाकार पोलैंड निवासी मर्सिलीना ही होगी,यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज की जायेगी। पोलैंड निवासी कलाकार मार्सिलिना ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से इंडिया में काम कर रही है उनको इंडियन कल्चर बहुत पसंद है क्योंकि इस फिल्म में काम करने से इंडियन व यूरोपियन कल्चर पास आयेंगे। इस अवसर पर डायरेक्टर जीडी (हरि अग्रवाल), मोदीनगर निवासी बॉलीवुड एक्टर ऋषि भूटानी, वैभव बंसल, व्यापारी नेता अमित गोयल आदि भी मौजूद रहे। अंत में एलबम की कलाकार मार्सिलिना ने एक नृत्य भी प्रस्तुत किया।

# सीएचसी मोदीनगर पर हुई विकसित यूपी को लेकर वर्चुअल बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विकसित भारत/ विकसित यूपी 2047 के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोदीनगर द्वारा एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया।

केंद्र प्रभारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि इस वर्चुअल बैठक में सीएचसी के 29 लोग ऑनलाइन शामिल हुए व विकास के लिए अपने अपने सुझाव पेश किए।

उन्होंने बताया कि कुल 87 सुझाव पेश हुए जिनपर सघन चर्चा की गई।

# श्री खाटू श्याम मित्र मंडल का वार्षिक उत्सव श्रद्धा और उल्लास से संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रात भक्ति और आनंद के रंगों में रंग गई। अवसर था श्री खाटू श्याम मित्र मंडल के 21वें वार्षिक उत्सव का, जिसने पूरे शहर को श्याममय बना दिया। श्रद्धा, संगीत और समर्पण का यह संगम हर हृदय में भक्ति का दीप जला गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा श्याम के जयकारों के साथ हुई, जिसके बाद मंच पर जब प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल पहुंचे तो वातावरण में जैसे दिव्यता उतर आई।

उन्होंने अपनी भावपूर्ण आवाज में जब गाया ओह सांवरे, मुझे तेरी जरूरत है" तो श्याम भक्तों की आंखें भावनाओं से भर आईं। हर श्रोता उस स्वर लहरियों में खो गया जिसमें प्रेम और पीड़ा का अद्भुत मेल था। इसके बाद



जब मित्तल जी ने गाया ख्र "चांद भी फीका लगे बाबा, जबसे देखा रूप तेरा", तो पूरा पंडाल "श्याम-श्याम" के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों की आंखों में श्रद्धा के आँसू थे और होंठों पर बाबा का नाम। इसी भक्ति धारा को आगे बढ़ाते हुए श्याम भजन सम्राट नंदू भैया ने मंच संभाला और अपने जोशीले भजनों से वातावरण को ऊर्जामय कर दिया। उनका प्रसिद्ध भजन "मेरे शीश के दानी का सारे जग में बजे डंका" सुनकर भक्त झूम उठे और पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। फिर जब उन्होंने गाया "कीर्तन की है रात बाबा, आज तने आने है", तो ऐसा लगा मानो स्वयं बाबा श्याम अपने भक्तों के बीच विराजमान हों।

कार्यक्रम में कोमल शर्मा (जयपुर), अनिल जानी (मेरठ), विशाल शैली (पटियाला) और मयूर जी (सोनीपत) जैसे प्रसिद्ध भजन गायकों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाबा श्याम के लिए तैयार विशाल और आकर्षक पंडाल को कोलकाता के विशेष कारीगरों ने सजाया। बाबा को विशेष बागा पहनाया गया और 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। इत्र वर्षा से पूरा वातावरण सुरभित हो उठा। श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादम की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई, जिससे हर भक्त ने बाबा की कृपा का अनुभव किया।

# मोदीनगर में भाजपा ने किया एसआईआर को लेकर बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र के हापुड़ रोड स्थित एवीएस रिसोर्ट में मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह ने की।

विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने अपने संबोधन में कहा कि लो. कतंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदाता सूची में नाम जुड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर पात्र नागरिकों के नाम जुड़वाने में सहयोग करें




ताकि कोई भी मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, मोदीनगर अध्यक्ष आकाश शर्मा, सतवीर राघव, सतेन्द्र त्यागी, राजन चौधरी, राजेन्द्र वाल्मीकि, देवेंद्र चौधरी, जीतेन्द्र चित्तौड़ा, नवेन्द्र गौड़, अनिल त्यागी, अमित चौधरी, नरेश अमराला, नवीन जायसवाल, संजय चौधरी, अनीला आर्य सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीएचसी भोजपुर पर टीबी रोगियों को लिया गया गोद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर पर डॉ मंजू सिवाच एवं ब्लॉक प्रमुख महोदय द्वारा क्षय (टीबी) रोगियों को गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रोगियों को दवाओं के साथ-साथ पोषण सहायता उपलब्ध कराई गई।

डॉ मंजू सिवाच ने कहा कि क्षय रोग पूर्णतः इलाज योग्य है, यदि रोगी नियमित रूप से दवा लें और पौष्टिक आहार का सेवन करें तो वे शीघ्र स्वस्थ हो सकते हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे टीबी उन्मूलन अभियान में सहयोग करें। सुचेता सिंह ब्लॉक प्रमुख महोदया ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहल न केवल रोगियों को मानसिक और सामाजिक संबल प्रदान करेगी, बल्कि क्षेत्र में जनजागरूकता बढ़ाने में भी सहायक होगी। इस अवसर पर डॉ0 रवि शर्मा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भोजपुर, चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रोगियों को पोषण सामग्री वितरित की गई।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में संपन्न हुआ जर्मन नाटक ब्रिज ऑफ लाइट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में जर्मन नाटक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसमें कक्षा आठ के लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया। इस समारोह का विशेष आकर्षण जर्मन भाषा में मंचित नाटक था। समारोह की मुख्य अतिथि डिप्युटो हैड ऑफ एडमिनिस्टशन एन्या सीरिएक्स अपने पति के साथ साथ उपस्थित रहो। जर्मनी में पैदा हुई मिस सीरिएक्स को कई देशों की विदेश नीति में महारथ पाप्त है। विद्यालय की एग्जीक्यूटिव हैड सुसन होम्स ने अपने स्वागत भाषण में छात्रों की धैर्यशीलता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के समारोह छात्रों में विदेशी भाषा के प्रति उनका लगाव व आत्मविश्वास को



दर्शाते हैं। ये समारोह छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। समारोह के प्रारंभ में छात्रों ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने सत्र 25-26 की उपलब्धियों का उल्लेख किया।

इस नाटक के माध्यम से छात्रों ने भारत व जमनी को दो संस्कृतियों के संगम को प्रस्तुत किया। यह नाटक दोनों देशों की संस्कृतियों का सशक्त उदाहरण था। इसके माध्यम से छात्रों ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि पूरी दुनिया की संस्कृति हो मानवता को जोड़नेवाला पुल है जो एकता की सच्ची पहचान बन सकता है। छात्रों के नृत्य व संगीत ने उपस्थित अभिभावको का मन मोह लिया। समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर डा० अरुणाभ सिंह ने छात्रों के अभिनय, नृत्य की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी तथा अतिथिगणों और अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि छात्रों के विकास में अभिभावकों भूमिका अत्यंत आवश्यक है क्यांकि आपका प्रत्येक कदम बच्चों को प्रगति की ओर बढ़ाता है। समारोह के अंत में जूनियर स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम गैरोला ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में उपस्थित अभिभावकों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए छात्रों के टीमवर्क की सराहना को और कहा कि हर भाषा विद्यार्थियों में रचनात्मकता तथा वैश्विक दृष्टिकोण को विकसित करतो है। हमें सदैव सकारात्मक सोच के साथ प्रयास करते रहना चाहिए।

# मारपीट के मामले में फरार चल रहे चार अभियुक्त गिरफ्तार

## गोवर्धन पर्व पर पटाखें जलाने को लेकर हुआ था विवाद, थाना छपरौली पर था अभियुक्तों के खिलाफ मुकदता दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छपरौली थाना पुलिस ने गोवर्धन पर्व पर बदरखा गांव में पटाखों को लेकर हुए विवाद में हमला करने के आरोप में चार और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी जनपद में अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है।

वादी प्रवेन्द्र पुत्र करण सिंह निवासी बदरखा ने थाना छपरौली में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि बच्चों द्वारा पटाखे जलाने को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ अभियुक्तों ने लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से लैस होकर उनके घर पर हमला कर दिया। हमले में प्रवेन्द्र, उनके भाई अरविन्द, पिता करण सिंह, माता, पत्नी और भाभी को गंभीर चोटें आईं। अभियुक्तों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से मारपीट की। घटना में प्रवेन्द्र के पिता के दाहिने



पैर और प्रवेन्द्र के बाएं हाथ की हड्डी टूट गई। इस मामले में थाना छपरौली पर मुकदमा अपराध संख्या 261/25 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए छपरौली पुलिस टीम ने इस मामले में वांछित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में वसीम पुत्र मेहरदीन, इस्लाम पुत्र मेहरदीन, सलीम पुत्र मेहरदीन और आशू उर्फ आस मोहम्मद पुत्र सादा उर्फ शमशाद, सभी निवासी ग्राम बदरखा शामिल हैं। इससे पहले, इस मामले में दो महिला अभियुक्त सहित आठ अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। वे सभी वर्तमान में न्यायिक हिरासत में जिला कारागार बागपत में बंद हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक गवेन्द्र पाल सिंह, उपनिरीक्षक अमित गोला, कॉन्स्टेबल सरफराज और कॉन्स्टेबल प्रेमपाल शामिल रहे।

## हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष दोघट में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर करेंगे हनुमान चालीसा का पाठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी बागपत पहुंचे। वे दोघट में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। खेकड़ा पाठशाला चौक पर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। चौधरी ने बताया कि वे हनुमान चालीसा पाठ के बाद टीम के सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। उन्होंने बताया कि दोघट में हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया गया है। खेकड़ा में उनके स्वागत के दौरान उन्होंने कहा कि संगठन विस्तार का कार्य तेजी से चल रहा है। चौधरी ने जोर देकर कहा कि उनके कार्यकर्ता धर्म की रक्षा के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से संगठित रहने की अपील करते हुए कहा कि धर्म को बढ़ावा देने के लिए एकता आवश्यक है। कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद वे दोघट के लिए रवाना हो गए। लव जिहाद के मुद्दे पर पिंकी चौधरी ने कहा कि यह अज्ञानता का परिणाम है और वे युवाओं को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने अपनी बहन-बेटियों की रक्षा के लिए कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा तत्पर रहने की बात कही। चौधरी ने यह भी बताया कि बागपत में लव जिहाद का एक मामला सामने आया है, जिसकी वे जांच कर रहे हैं और पीड़ितों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

## विधि विधान के साथ किया बैद स्वाध्याय का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** मलकपुर रोड छपरौली चुंगी के निकट श्रीशिव गुरुकुल स्वाधालय केंद्र संस्कृत विद्यालय में ब्राह्मण विद्यार्थियों द्वारा विधि विधान के साथ सुबह का बैद स्वाध्याय का पाठ किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने धनुष बाण चलाने का भी प्रशिक्षण लिया। विद्यालय के संस्थापक पंडित संदीप दत्त शास्त्री द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अविगनय प्रिंस भारद्वाज कृष्णा आर्यन शास्त्री हर्ष भारद्वाज तुषार वशिष्ठ अनंत शर्मा रामबाबू शुक्ला के अलावा भारी संख्या में गुरुकुल के छात्राओं ने धनुष बाण का प्रशिक्षण देते हुए अपनी-अपनी कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया आंख मिचकर धनुष से तीर चला कर निशाना लगाकर गेंद को फोड़ना जैसे अनेक प्रदर्शन विद्यार्थीयों द्वारा किए गए। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक आचार्य पंडित संदीप दत्त शास्त्री द्वारा यज्ञ हवन रोजाना की तरह मंत्रो द्वारा किया गया।



## महिला ने लगाया पति पर दहेज उत्पीड़न व मानसिक प्रताड़ना का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक महिला ने अपने पति पर दहेज उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। सरूरपुर गांव निवासी पीड़िता एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया। उसने बताया कि उसकी शादी करीब 22 वर्ष पहले खेकड़ा क्षेत्र के पट्टी ओरंगाबाद निवासी एक युवक से हुई थी।

शादी के शुरुआती वर्षों में सब कुछ सामान्य था, लेकिन बाद में पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, जब उसने दहेज की अनुचित मांगों का विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की गई और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता ने कई बार घर की शांति बनाए रखने के लिए समझौते का प्रयास किया, लेकिन ससुराल पक्ष अपनी मांगों पर अड़ा रहा।

अब पति ने उसे घर से निकाल दिया है और बच्चों की जिम्मेदारी उठाने से भी इनकार कर दिया है, जिससे वह मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है। पीड़िता ने बताया कि उसने पहले महिला थाने और स्थानीय पुलिस से भी मदद मांगी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। न्याय की उम्मीद में उसने एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसपी कार्यालय के अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### महिला ने लगाया अपने पड़ोसियों पर उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कस्बे के छोटा जैन मंदिर क्षेत्र की एक महिला ने अपने पड़ोसियों पर उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी है और कार्रवाई की मांग की है। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह विधवा है और उसके पति की कुछ समय पहले मृत्यु हो चुकी है। उसका आरोप है कि पड़ोसी उसे घर से निकालने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता के अनुसार, आरोपी रात के समय उसके घर पर पत्थर फेंकते हैं। साथ ही, वे उसे और उसकी बेटी को गलत इरादे से देखते हैं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस कारण वह और उसकी बेटी काफी भयभीत हैं। उसने पुलिस से अपनी और अपनी बेटी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। इस मामले में खेकड़ा थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर जांच की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सीएनजी पंप टटीरी के निकट हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के अहेडा गांव निवासी इंद्रपाल ने शनिवार को करीब साढे आठ बजे जानकारी देते हुए बताया कि मंगल और महावीर शुक्रवार की रात करीब साढे नौ बजे बाइक पर सवार होकर बागपत से अपने अहेडा गांव जा रहे थे। उसी दौरान सीएनजी पंप टटीरी के निकट हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को प्राइवेट एंबुलेंस की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। उधर टटीरी पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार यादव का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### थाना समाधन दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** डीएम अस्मिता लाल व एसपी सूरज कुमार राय ने कोतवाली बागपत में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन सामान्य की समस्याएं सुनी। शनिवार को करीब एक बजे डीएम अस्मिता लाल व एसपी सूरज कुमार राय ने कोतवाली बागपत में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन सामान्य की समस्याएं सुनी तथा समाधान के लिए संबधित को दिशा निर्देश दिए।

### छतों के ऊपर से गुजर रही बिजली के तार, लोगों को बना जान का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गायत्रीपुरम मोहल्ला में घरों की छतों के ऊपर से बिजली की तारें गुजर रही है, जिससे लोगों को जान का खतरा बना हुआ है। शनिवार को करीब साढे 11 बजे गायत्रीपुरम मोहल्ला बागपत निवासी साबूद्दीन के मुताबिक घर के ऊपर से बिजली की तारें गुजर रही है। घर के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों से लोगों को जान का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में ऊर्जा निगम के अधिकारियो को कई बार लिखित व मौखिक शिकायत की जा चुके है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने डीएम से छतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों को हटवाने की मांग की है।

### सांसद खेल महोत्सव 2025 को लेकर बागपत लोकसभा क्षेत्रा में तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सांसद खेल महोत्सव 2025 को लेकर बागपत लोकसभा क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। शनिवार को लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में सांसद डा.राजकुमार सांगवान की अध्यक्षता में सांसद खेल महोत्सव कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, प्रतिभागियों के पंजीकरण, प्रचार-प्रसार और व्यवस्थाओं से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद ने कहा कि यह खेल महोत्सव जनपद की युवा शक्ति, खेल प्रतिभा और सामुदायिक सौहार्द का महाउत्सव होगा जिसका उद्देश्य है कि गांव-गांव से खिलाड़ी आगे आएं, खेल की भावना को अपनाएं और मंडल तथा राज्य स्तर तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करें। सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने कहा कि जनपद बागपत की पहचान यहां की युवा आबादी है जिसमें अपार खेल प्रतिभा है। इसी प्रतिभा को संगठित मंच देकर आगे लाना आवश्यक है ताकि पूरा प्रदेश और देश देखे कि बागपत खिलाड़ियों का जनपद है। सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन 19 से 21 नवंबर तक बड़ौत स्थित जनता वैदिक डिग्री कॉलेज के खेल मैदान में किया जाएगा। सांसद ने कहा कि यह महोत्सव जनपद में खेल संस्ख्रति को नई दिशा देगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया।

**CHANGE OF NAME**
I Hitherto Known As Amir S/o Mukeed R/o Kotana, Baghpat Kotana Uttar Pradesh 250611, Have Changed My Name And Shall hereafter Be Known As Amir Khan

## दूसरे दिन खेलकूद स्पर्धाओं में बालिकाओं ने दिखाया दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** फाजलपुर के शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज में चल रही तीन दिवसीय नौवी चौधरी हरबंश लाल स्मृति बालिका खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने दम दिखाया। जूनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ में अदिति अव्वल रही।

प्रतियोगिता के सीनियर 400 मीटर दौड़ स्पर्धा में मनीषा जिवाना प्रथम, परी लुहारा द्वितीय तथा चेतना तृतीय रही। सीनियर रिले दौड़ स्पर्धा में शांति देवी कन्या कालेज फ़ज़लपुर प्रथम, धर्म सिंह बालिका विद्यालय बडका द्वितीय तथा आर्य कन्या इंटर कालेज जिवाना की टीम तृतीय रही। 800 मीटर दौड़ स्पर्धा में आरजू फजलपुर प्रथम, हसराना द्वितीय तथा हिमानी जिवाना तृतीय रही। 200 मीटर दौड़ में हसराना प्रथम, प्रीति जिवाना द्वितीय व मेघा तृतीय



रही। जूनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ में अदिति बडका प्रथम, खुशी कैडवा द्वितीय तथा वर्णिका जिवाना तृतीय रही। 200 मीटर में वंशिका जिवाना प्रथम, अलीशा लुहारा द्वितीय तथा सीतू बडका तृतीय रही। आयोजन में संयोजक नरेश वर्मा, प्रेरणा वर्मा, राकेश वर्मा, प्रधानाचार्य सपना शर्मा, सतीश चंद, श्रीनिवास, वर्मा, प्रेरणा वर्मा, प्रधानाचार्य सपना शर्मा, राकेश वर्मा, वेदप्रकाश, जयभगवान, मास्टर रामकिशन, गिरवर सिंह, गायत्री पंवार, सर्वेंद्र भारद्वाज, सतीश चंद, आस्था सोलंकी आदि का सहयोग रहा।

## विशु तोमर पिछले पांच दिनों से लापता, परिजनों ने गुमशुदगी की पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बामनौली गांव से रालोद कार्यकर्ता विशु तोमर पिछले पांच दिनों से लापता हैं। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की तहरीर पुलिस को दी है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। परिवार को किसी अनहोनी की आशंका है।

विशु तोमर 2 नवंबर को घर से निकले थे। उनके चाचा नरेश डायरेक्टर ने बताया कि उस दिन किसी लड़के का फोन आने के बाद विशु अपनी बाइक लेकर चला गया था। रात में उसने अपने बड़े भाई विनय को फोन कर बताया था कि वह अगली सुबह घर आ जाएगा, लेकिन उसके बाद से उसका फोन नंबर बंद आ रहा है। पांच दिन बीत जाने के बाद भी विशु का कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। परिवार को आशंका है कि विशु के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। लापता युवक के चाचा ने पुलिस से विशु की जल्द तलाश करने की अपील की है। दोघट थानाध्यक्ष सूर्यदीप सिंह ने बताया कि उन्हें लापता युवक की गुमशुदगी की तहरीर मिली है। पुलिस टीम युवक की तलाश में सक्रिय रूप से जुटी हुई है।

## नगर में मनाया जाएगा ऋषभंदेव मानस्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में ऋषभदेव मानस्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव, 14 नवंबर से 16 नवंबर तक आचार्य नयन सागर महाराज के सानिध्य में तीर्थंकर ऋषभदेव सभागार, मान स्तंभ सभागार में धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रतिष्ठाचार्य अशोक जैन शास्त्री दिल्ली के दिशा निर्देशन में सभी मांगलिक क्रियाएं संपन्न होंगी।

दिगंबर जैन कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉक्टर डी के जैन ने बताया कि 1999 में मान स्तंभ की स्थापना परम पूज्य आचार्य विद्यानंद महाराज के सानिध्य में हुई थी। जनवरी 25 में मानस्तंभ के क्षतिग्रस्त होने और प्रतिमाजी के खंडित होने पर,प्रबंध समिति ने मानस्तंभ का निर्माण अनुभवी आर्किटेक्ट की देखरेख में करवाया। अब आचार्य नयन सागर के सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य अशोक जैन शास्त्री दिल्ली के दिशा निर्देशन में 14 नवंबर से 16 नवंबर तक त्रिदिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन मान स्तंभ परिसर में किया जाएगा। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि मानस्तंभ की टोंक पर आचार्य श्री और प्रतिष्ठाचार्य सहित 10 व्यक्ति ही मांगलिक क्रियाएं संपन्न कराएंगे। मानस्तंभ पर ऊपर चढ़ने के लिए दिल्ली के आर्किटेक्ट अमित जैन द्वारा लोहे ही मजबूत पेड़ का निर्माण किया गया है। अन्य सभी जैन श्रद्धालु नीचे से ही दर्शन और भक्ति करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त प्रबंध समिति और सकल जैन समाज के साथ जैन तीर्थ यात्रा संघ व समिति,दिगंबर जैन युवा मंच, पंच परमेष्ठि प्रचार समिति, अतिथि भवन पुजारी संघ,जैन मिलन परिवार सहित नगर की अनेकों संस्थाएं जोर शोर से जुटी हुई है।



## क्रय केंद्र पर कम तोल को लेकर किसानों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जिवाना गुलियान में खतौली चीनी मिल के गन्ना क्रय सोनपाल सिंह किसान ने गन्ने से भरी बग्गी ट्रॉली 42 कुंतल 5 किलो की क्रय केंद्र पर तुलवाई जबकि किसान ने अपनी गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली एक निजी धर्म कांटे पर 43 कुंतल 10 किलो की थी। क्रय केंद्र पर कम तोल को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा करते हुए खतौली चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और गाना सचिव व गाना जिलाधिकारी को शिकायत करने का निर्णय लिया। यह मामला कई दिन से लगातार इस केंद्र पर चल रहा है। किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए वहां पर जमकर हंगामा प्रदर्शन भी किया है। इस



मौके पर प्रदर्शन करने वालों में सुनील कुमार सोनू कुमार बाबू सोलंकी प्रवीण कुमार सोनपाल सिंह आदि किसान मौजूद रहे। किसानों का आरोप है कि अगर खतौली चीनी मिल में इसमें सुधार नहीं किया तो जिलाधिकारी कार्यालय पर किसान धरना देने पर मजबूर रहेंगे।

## आशीष पुंडीर बने छपरौली के नये थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** थाना क्षेत्र के लिए एक नई जिम्मेदारी के साथ प्रशासनिक बदलाव किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा आशीष पुंडीर को छपरौली थाने का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।

आशीष पुंडीर एक अनुभवी एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। अपने शांत स्वभाव, सख्त कार्यशैली और निष्पक्ष कार्रवाई के लिए वे पुलिस विभाग में विशेष पहचान रखते हैं। उनके कार्यभार संभालने से क्षेत्रवासियों में कानून-व्यवस्था को लेकर एक नई उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें विश्वास है कि आशीष पुंडीर के नेतृत्व में छपरौली क्षेत्र में अपराध पर और अधिक



नियंत्रण होगा तथा जनता को त्वरित न्याय एवं सुरक्षा का बेहतर वातावरण मिलेगा। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने पदभार ग्रहण करते ही कहा कि जनता की सेवा, शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराधों पर सख्त नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

## राकेश टिकैत ने लगाया सरकार पर बिहार विधानसभा चुनाव में वोट चोरी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में वोट चोरी का आरोप लगाया और गन्ने के मूल्य में 50 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की मांग की। टिकैत बागपत में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। टिकैत ने बिहार चुनाव में बड़ी बेईमानी होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में पोलिंग बूथ नदी के दूसरी तरफ बनाए गए थे। आरोप है कि सरकारी नावों का इस्तेमाल अपने लोगों के लिए किया गया, जबकि मतदाताओं को निजी नावों का उपयोग करने की भी अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने सीधे तौर पर वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा, कोई सोना चोरी करता है,



कोई कुछ और चोरी करता है, लेकिन ये लोग वोट चोरी कर रहे हैं। गन्ने के मूल्य वृद्धि पर टिकैत ने कहा कि सरकार को 2027 तक गन्ने का मूल्य 50 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि सरकार ने किसानों से 450 रुपये प्रति क्विंटल का वादा किया था, जिसमें अभी 50 रुपये कम हैं। यदि सरकार यह वृद्धि करती है, तो वे सरकार को अच्छा मानेंगे। इस दौरान राकेश टिकैत ने संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ भी चर्चा की। वैवाहिक कार्यक्रम के बाद वे मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हो गए। उनके इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

# ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारीयों ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम हापुड़ को सौंपा। शनिवार को ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम कार्यालय पहुंचा। जहां प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने हापुड़ सदर एसडीएम इला प्रकाश को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश के 826 ब्लॉक में हापुड़, नजीबाबाद के बिजनौर, आरजीलाईस चिरई गांव, बड़ा गांव, चोलापुर वपाणसी के पिंडरा, सैदपुर, सादात कासिमाबाद, मनिहारी, देवकली, गाज़ीपुर का जखनिया, रामनगर, सुजानगंज, बरसठी, जौनपुर का मडीयाहू, पडरौना, दुढही, कुशीनगर का सेव.



रही, मुजफ्फराबाद, सहारनपुर का गंगोह पीलीभीत का पूरनपुर सहित 108 ब्लॉकों में सर्वाधिक नकली मतदाता सूची 2 से 3 बार है। नकली मतदाता निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। उत्तर प्रदेश में आगामी वर्ष 2026 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न होगे, ज्ञापन में मांग की गई कि उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग बहराइच, लाखनऊ, नारायणपुर, पकड़िया के पास ओवर लोड डंपर ने दंपति बेटे सहित एक युवक को रोंदा जबकि उन्नाव मोटावा बिहार मार्ग पर गढ़ी गांव के पास डंपर ने तीन सगे भाइयों की बाइक को रोदने से मौत हो गई। वही अलीगढ़ हाथरस मार्ग पर दूध कैंटर में सवारियों से भरी रोडवेज़ बस में जोरदार टक्कर से बस के परखच्चे उड़ गए जिसमें चार लोगों की मौत और 21 यात्री घायल हो गए जबकि हापुड़ के एनएच 9 पर पिलखुआ में विपरीत दिशा में आ रही डग्गामार बस की कार में टक्कर से एक बच्ची हर्षिता की मौत हो गई। एनएच 9 पिलखुआ पर गावं अनवरपुर निवासी 24 वर्षीय धीरज की सामने से तेज गति से आ रही बस ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे धीरज की मौके पर ही मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर चुनार रेलवे स्टेशन पर दिनांक 5 नवम्बर 2025 को चौपन प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन से सैकड़ो की संख्या में पुरुष, महिला और बच्चे बोगी से ट्रैक नंबर तीन की और उतरे, इसी बीच कालका मेल ट्रेन आने की सूचना पर ट्रैक पर 4 महिलाओं और एक किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई जबकि शवों को एंबुलेंस के बजाय मालवाहक वाहन से पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रेलवे प्रशासन की घोर लापरवाही से कार्तिक पूर्णिमा स्नान करने आ रहे श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत से कीमत चुकानी पड़ी। ज्ञापन में कहा गया कि हापुड़ जिले के मोनाड यूनिवर्सिटी के कर्मचारी और अधिकारी फर्जी मार्कशीट और डिग्री फेल या ड्राप आउट छात्रों को बेच रहे है। एसटीएफ ने मोनाड़ यूनिवर्सिटी के चेयरमैन विजेंद्र सिंह हुड्डा और साझेदार सुधीर गिरि कों जाँच में दोषी पाया। ऐसे में मोनाड यूनिवर्सिटी का नया सत्र 2025-2026 किसकी अनुमति से चल रहा है। जिसको तत्काल प्रति. बंधित किया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश में किसानों का शुगर मिलों पर सैकड़ों करोड़ रूपये बकाया भुगतान है उधर राजस्व कर्मी किसानों को वसूली का नोटिस थमा कर मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश का नौजवान बेरोजगारी के चलते अन्य राज्यों में मेहनत मजदूरी के लिए पलायन कर रहा है। उत्तर प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार और भ्रष्टाचार की घटनाओं का ग्राफ बढ़ रहा है प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश के हापुड़ सहित अन्य ज़िलों में महिला पुरुष, वृद्धजनों को पैशन के लिए समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के चककर लगाने के बावजूद पैशन नहीं मिल रही जो की दुर्भाग्य पूर्ण है। ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी के पदाधिक. ारी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन हापुड़ सदर एसडीएम इला प्रकाश को सौंपते हुए विभिन्न मांगो का संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग उठाई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा, प्रदेश कानूनी सलाहकार एडवोकेट पंडित नरेश चंद शर्मा, प्रदेश कार्यालय इंचार्ज पंडित सुनील शर्मा, मेरठ मंडल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आबिद सैफी, किसान प्रकोष्ठ के हापुड़ जिला अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, महंत एनके त्रिपाठी, शिवम शर्मा आदि पदा. धिकारी मौजूद रहे।

# एंटी रोमियो टीम ने मनचलों के खिलाफ चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ या फब्तियां कसने वाले मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से जिला में एंटी रोमियो स्क्वाड टीम सक्रिय दिखी।

ज़िलें की एंटी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूल,पार्क और मंदिरों के बाहर एसपी के निर्देशन में तैनात दिखी।

टीम ने ज़िलें में स्थित स्कूलों में छात्राओं से बात कर उन्हें हेल्प लाइन नंबरों और अपराध से लड़ने के संबंध में जागरूक किया।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा पार्क, सार्वजनिक स्थान, स्कूल, कालेज के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में एन्टी रोमियों टीम को भ्रमण कर मनचलों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके तहत स्कूलों के आसपास मंडराने वाले संदिग्ध युवकों को डांट फटकार लगाई गई।

पार्क और बाग-बगीचों में टहलने जाने वाली महिलाओं या युवतियों पर फब्तियां करने वाले बिगड़ैल युवक गायब दिखे।

मनचलों में टीम की दहशत देखते ही बन रही थी।

ज़िलें के थानों की एंटी रोमियों टीमों, महिला सुरक्षा दल द्वारा प्रमुख बाजारों, गांव, कस्बों, पार्कों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों के आस-पास मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग कर अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध युवकों से पूछताछ कर उन्हें सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया।

# थाना समाधान दिवस में एसपी ने सुनी फरियादियों की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलेभर के थानों में आयोजित थाना समाधान दिवस में शनिवार को अफसरों के साथ थाना प्रभारियों ने भी लोगों की शिकायतों को सुना। समाधान दिवस पर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने गढ़मुक्तेश्वर थाना पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और कुछ समस्याओं का समाधान कर अन्य शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के अधीनस्थों को निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में शनिवार को एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह गढ़मुक्तेश्वर थाने पहुंचे। जहां उन्होंने लोगों की शिकायतों को सुना। गढ़मुक्तेवर थाने में शिकायतों को लेकर लोग पहुंचे। एसपी ने समाधान दिवस के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए



कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। जिससे कि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। इस दौरान गढ़मुक्तेश्वर सीओ स्तुति सिंह, थानाध्यक्ष मनोज बालियान समेत अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा की वरिष्ठ नेत्री का हाल जानने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी शनिवार को पिलखुवा स्थित भाजपा की वरिष्ठ नेत्री के आवास पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने कई दिनों से बीमार चल रही भाजपा की वरिष्ठ नेत्री लज्जा रानी का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी कई दिनों से बीमार चल रही वरिष्ठ नेत्री लज्जा रानी के पिलखुवा के गांधी रोड पर स्थित उनके आवास पर पहुंचे और उनका हाल जाना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि वरिष्ठ भाजपा नेत्री लज्जा रानी व उनके परिवार से उनके भावनात्मक संबंध है। उन्होंने बताया कि लज्जा रानी भाजपा की कर्मठ नेत्री हैं जिन्होंने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने की अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि भाजपा की वरिष्ठ नेत्र लज्जा रानी के बीमार होने की सूचना जब उन्हें मिली तो वह पिलखवा स्थित उनके आवास पर पहुंचे और बीमारी से ग्रस्त लज्जा रानी का हाल जाना और उनके शीघ्र ही स्वस्थ्य होने की कामना की। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेत्री लज्जा रानी ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का आभार व्यक्त किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 7 नवंबर को प्रदेश के 18 स्थानों पर 150 कार्यकर्ताओं ने एक साथ वंदे मातरम गाया और सभाएं कीं। इससे युवाओं में देशभक्ति की भावना को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने बताया कि से 15 नवंबर तक प्रदेशभर में तिरंगा यात्राएं, प्रभा फेरियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, ताकि युवाओं में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना और मजबूत हो सके। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पार्टी 10 से 20 नवंबर तक पूरे प्रदेश में सरदार वल्लभभाई पटेल एकता पदयात्रा निकालेगी। उन्होंने कहा, लौह पुरुष सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधने का जो काम किया, वह अमर है। उनकी जयंती के मौके पर हम उनके विचारों को युवाओं तक पहुंचाने के लिए रन फॉर यूनिटी, स्वच्छता अभियान और नशा मुक्ति कार्यक्रम भी चलाएंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान न सिर्फ एकता का प्रतीक होगा, बल्कि युवाओं को एकजुट भारत के सपने से जोड़ने का अवसर देगा। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# थाना समाधान दिवस में सीओ ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना परिसर में पिलखुवा सीओ की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस पर अपनी शिकायतों को लेकर आने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों कों सुना गया और शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस में कुल तीन शिकायतें दर्ज की गईं जिनमें प्लॉट पर कब्जे को लेकर हिना मल्होत्रा और आमिल मोहम्मद ने शिकायत दर्ज कराई। कंदोल निवासी विजेंद्र ने भी प्लॉट पर कब्जे की शिकायत की। वही गांव बास्तपुर निवासी विनयपाल ने अपनी खेत की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान सीओ अनीता चौहान ने



राजस्व विभाग की टीम गठित कर तत्काल जांच और निस्तारण के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि विवादों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित विभाग समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। सीओ ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को थाना समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 'स्पार्क सांस्कृतिक उत्सव आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी अनवरपुर में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'स्पार्क 2025' का भव्य आयोजन अत्यंत हर्ष, उल्लास और जोशपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा और कलात्मक अभिव्यक्ति से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. नितिन द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। दीप प्रज्वलन में जनरल मैनेजर एडमिनिस्ट्रेशन एन वर्धराजन एवं डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आर दत्त ने सहभागिता की। इस अवसर पर प्रिंसिपल, सरस्वती इंस्टिटड्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ डा.बर्खा गुप्ता, प्रिंसिपल नर्सिंग डा.एस मनो. हारी, एचआर मैनेजर एल रुबावती



तथा अकाउंटिंग मैनेजर एचआर सरवनन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें सोलो डांस, ग्रुप डांस, सिंगिंग, शायरी, फनी डांस और लेज़ी डांस जैसी मनो. रंजक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे परिसर में उत्सव का वातावरण छा गया। प्राचार्य डा.नितिन ने अपने संबोधन में कहा कि स्पार्क' जैसा सांस्कृतिक उत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम है बल्कि यह छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की।

## एक नजर

### हादसे में युवक की मौत, चार दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** हापुड़ जनपद के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव हिम्मतनगर दहपा निवासी शरीफ की सड़क हादसे में मौत के चार दिन बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बताया गया कि चार नवंबर की शाम करीब साढ़े छह बजे गाजियाबाद से घर लौटते समय आनन्दा प्लांट के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल शरीफ को तत्काल पिलखुवा अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान रात में उनकी मौत हो गई। परिजन अंतिम संस्कार में व्यस्त रहे, जिसके चलते तहरीर देने में देरी हो गई।कोतवाली पुलिस ने अब अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि सीसीटीवी ुटेज के आधार पर वाहन की पहचान की जा रही है, जल्द ही आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी को बांका मारने के बाद पति ने जहर खाकर जान दी, पत्नी जिला अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** न्यूरिया थाना क्षेत्र की राजा कॉलोनी में बुधवार शाम हुए झगड़े के दौरान पति विश्वजीत बैरागी ने पत्नी मनीषा बैरागी पर बंके से हमला कर उसे घायल कर दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी विश्वजीत को शांति भंग की आशंका के चलते चालान किया था। इसके बाद विश्वजीत ने शुक्रवार को जहर खा लिया। परिजनों रेजनों ने ने उसे उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार शाम उसकी मौत हो गई, जबकि पत्नी मृतक का फाइल फोटो। जिला अस्पताल में भर्ती है. उसकी मौत से घर में कोहराम मचा है. परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते हैं कि पति पत्नी में आयदिन विवाद होता था, घरेलू क्लेश के चलते ही विवाद गहराया है. चिकित्सकों के अनुसार पत्नी की हालत खतरे से बाहर है।

न्यूरिया थाना क्षेत्र की बंगाली राजा कालोनी निवासी विश्वजीत बैरागी ने अपनी पत्नी मनीषा बैरागी को कल शाम मामूली विवाद के बाद बंके से प्रहार कर बुरी तरह घायल कर दिया था, उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका शांति भंग की आशंका में चालान किया था जमानत कराने के बाद आरोपी पति ने जहर खा लिया देर रात उसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है उसकी मौत से घर में घर में कोहराम मचा है।

### कौशिक विजडम प्रीस्कूल में रोड सेफ्टी एक्टिविटी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** कहते हैं बच्चों के अच्छे एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की मजबूत नींव रखने में उसके स्कूल का बहुत बड़ा रोल होता है। ऐसा ही कुछ करने के लिए लगातार प्रयासरत पीलीभीत के कौशिक विजडम स्कूल ने इस सप्ताह रोड सेफ्टी एक्टिविटी का आयोजन किया। जिसमें बच्चों को रोड सिग्नल, जेबरा क्रॉसिंग, रोड पर पैदल चलने के नियम आदि के बारे में अलग-अलग लघु नाटिका के द्वारा दिखाया एवं सिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक एवं प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने किया।

इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ एक अच्छे एवं जिम्मेदार नागरिक एवं एक अच्छा इंसान बनाने के लिए इस उम्र से सही दिशा एवं ज्ञान देना चाहिये। यही बच्चे आगे चलकर समाज में और सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे। इसलिए विद्यालय लगातार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। इसी श्रृंखला में पिछले सप्ताह विद्यालय में ष्क्लीनलीनेस एक्टिविटीष का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों को पर्सनल हाइजीन एवं गंदगी से होने वाले बीमारीयों के बारे में विभिन्न गतिविधियों से दिखाया गया और इस सप्ताह रोड सेफ्टी एक्टिविटी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने कहा कि जब हम इन नन्हे-मुन्ने बच्चों को सिखाते हैं तो यह सीख कर रोड पर अपने बड़ों के साथ चलने -चलते अगर अनजाने में भी कुछ गलत हो रहा हो तो उनसे भी कहते हैं कि नहीं हमें स्कूल में सिखाया गया कि बाई तरफ चलना है और बड़े भी सॉरी बेटा कहकर तुरंत उनकी बात मान लेते हैं।

# ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत दो वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में एसपी के निर्देशन में अपराध की रोकथाम और वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ व गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा दो वारन्टियों को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। वारन्टियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि फरार वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु जिले में समस्त थानो की पुलिस द्वारा वारन्टियों की धर पकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बाबूगढ पुलिस ने हत्या का प्रयास, मारपीट, गाली गलौज से सम्बंधित मामले में न्यायलय से ऱरार चल रहे वारंटी अरविन्द पुत्र उदयवीर निवासी ग्राम उदयपुर थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ और थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम, धोखाधड़ी आदि से सम्बंधित मामलों में न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी अंकुर पुत्र सूरज निवासी ग्राम नानपुर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ को उनके मसकन से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि फरार वारंटीयों की गिरफ्तारी हेतु यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित हुआ मतदाता गहन पुर्ननिरीक्षण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के प्रीत विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर मतदाता गहन पुर्ननिरीक्षण अभियान एवं रन फॉर यूनिटी की कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसआईआर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी ने कहा कि मतदाता गहन प्रशिक्षण अभियान बहुत ही आवश्यक अभियान है। जो कि लगभग 23 वर्ष बाद दोबारा होने जा रहा है। इसमें सभी कार्यकर्ताओं को बहुत ही मनोयोग के साथ लगना है व संबंधित दस्तावेज के साथ बीएलओ से मिलकर के अपने एवं अपने क्षेत्र के सभी लोगों की वोट बनवानी है। यह सुनिश्चित कर ले की बीएलओ सही प्रकार से अपना कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं यदि कहीं कोई कार्य में लचीला. पन पाया जाए। तो आप संबंधित अधिकारी व अपने जिले के जो इस अभियान को देख रहे हैं उनको सूचित कर सकते हैं। रन फॉर यूनिटी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक निश्चित किलोमीटर पार्टी द्वारा तय किए गए हैं। जिसमें 5000 से अधिक की संख्या अवश्य रहनी चाहिए। इस पर भी निरंतर हमें कार्य करना है और दोनों ही अभियानों को बहुत ही सफ़ल अभियान बनाने हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्षता व एस आई आर के संयोजक श्यामनंदर त्यागी ने की। इस अवसर पर पुनीत गोयल, मोहन सिंह, राजीव सिरोही, फ्रुल्ल सारस्वत, सुमित पर्चा, जतिन साहनी, जय भगवान शर्मा, अजय भास्कर, नितिन पाराशर, उमेश यादव, महिपाल सिंह, रवि खटीक, अमित सिवल, मनोज चौधरी, कपिल सिंघल, कनिक केहर, रवि शर्मा, सोनू प्रधान, कंचन व जिला मीडिया प्रभारी एवं एसआईआर विधानसभा संयोजक सुयश वशिष्ठ उपस्थित रहे।



# पुलिसकर्मियों ने मनाई राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आज़ादी के अमृतकाल में देशभक्ति की भावना को सशक्त करते हुए हाफिजपुर थाना परिसर में शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में थाने के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सुबह 11 बजे थाना परिसर में एकत्र हुए, जहाँ कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराकर किया गया। इसके बाद पूरे जोश और सम्मान के साथ 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन हुआ। गीत की गूंज ने पूरा परिसर देशभक्ति के भाव से भर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी तिरंगे के सामने एकजुट खड़े होकर मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिए। कार्यक्रम



के पश्चात सभी पुलिसकर्मियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष लाइव प्रसारण देखा, जिसमें प्रधानमंत्री ने 'वंदे मातरम' की ऐतिहासिक यात्र और उसके अमर संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह गीत भारतीय स्वतंत्रा संग्राम का प्रतीक है, जिसने लाखों भारतीयों के हृदय में आज़ादी का जज़्बा जगाया था। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 'वंदे मातरम' केवल कुछ शब्द नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की आत्मा और स्वाभिमान का प्रतीक है। इस गीत ने उस दौर में हर भारतीय के भीतर जोश, ऊर्जा और देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित की थी। हमें गर्व है कि आज हम उस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

# कैंटर की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ़्तार का कहर देखने को मिला है। जहाँ एक तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार उनका अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार हापुड़ के सुभाष नगर निवासी 60 वर्षीय कुंवर पाल अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से जा रहे थे। जैसे ही वह नगर कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर कट के पास पहुंचे इसी दौरान एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी बाइक में



जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार 60 वर्षीय कुंवर पाल और उनका साथी सड़क पर गिर कर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने दोनों को देवनदी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर चिकित्सकों ने कुंवर पाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि उनके साथी का उपचार जारी है। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस सीसीटीवी के माध्यम से कैंटर की तलाश कर रही है। जल्द ही कैंटर चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फ़िलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# 50 लाख के पार्टस के साथ चार गिरफ्तार

## 10 कारों के पार्ट को काटकर किया था अलग, पुराने मुकदमा की पैरवी में खर्च करते थे पैसे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने चार वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 कारों के कटे हुए पार्टस बरामद किए गए। इनकी कुल कीमत करीब 50 लाख रुपए है। इनके पास से दो कार एक सेंट्रो और दूसरी बैगनार के अलावा कार चोरी करने के उपकरण बरामद किए गए है। इनके नाम मोनू, जगन यादव , इमरान और सोहन बीर है। पुलिस ने इन चारों को सुपरटेक रोमानो तिराहा कट सेक्टर-118 से पकड़ा। इस गैंग का सरगना मोनू है। जिस पर 18 से ज्यादा मुकदमे है।




डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये चारों रात में कार से निकलते है। इसके बाद रास्ते में पड़ने वाली पार्किंग, मेन रोड , होटल के बाहर खड़ी कार की रेकी करते है। इसके बाद एक सदस्य कार की खिड़की का लॉक तोड़कर उसे अपने साथ अपने ले जाता है। कार के पार्टस काटकर अलग कर लेते है। जिसे कबाडियों को सस्ते दाम पर बेच देते है। घटना के समय ये लोग मोबाइल पर बातचीत नहीं करते थ। जिससे इन लोगों को ट्रैक नहीं किया जा सके।

**पैरवी में खर्च करते पैसा:** इस तरह से वाहन चोरी कर पार्टस बेचकर मिले पैसों का प्रयोग पैरवी में करते थे। इसके अलावा इन्ही पैसों से ये अपना खर्चा चलते थे। इससे पहले भी इनके ऊपर कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया मोनू 30 साल और 12वीं पास है। जगन 40 साल का 8वीं पास, इमरान 40 साल 6वीं पास और सोहनबीर 32 साल का आठवीं पास है।

## सड़क हादसे में युवती की मौत

**नोएडा।** नोएडा में सड़क हादसे में एक युवती की जान चली गई। युवती अपनी मां के साथ इकोटेक थर्ड स्थित कंपनी में काम करने जा रही थी। इस दौरान पीछे से एक बस ने युवती को टक्कर मार दी। घायल अवस्था में लोगों ने युवती को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लिया है। साथ ही बस को कब्जे में लिया है। मामले में परिजनों की ओर से शिकायत दी जा रही है।

युवती की पहचान सुजाता उम्र करीब 19 साल बताई जा रही है। पिता श्रीपाल के साथ सरस्वती एनक्लेव में रहती थी। रोज की तरह शनिवार को भी अपनी मां के साथ फैक्ट्री में काम करने जा रही थी। इस दौरान क्रासा चौराहा पर पीछे से आ रही बस नंबर यूपी 17 टी 7666 ने टक्कर मार दी। गनीमत रही कि मां को टक्कर नहीं लगी। टक्कर लगते ही सुजाता दूर जा गिरी। उसके सिर , हाथ और पैर में चोट लगी।

# महिला के कटे सिर की तलाश जारी, अब तक 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-82 कट के पास नाले में मिली सिर कटी लाश के मामले ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। घटना के 24 घंटे से ज्यादा बीतने के बाद भी महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है, वहीं पुलिस को सिर की तलाश में अब तक कोई सुराग हासिल नहीं हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गौतम बुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने 10 विशेष टीमें गठित की हैं, जो लगातार सबूत एकत्र करने में जुटी हैं। अधिकारियों के अनुसार अब तक 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा चुके हैं, लेकिन हत्या कहां हुई और शव को यहां लाया कैसे गया, इस पर पुलिस को अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है।

जांच टीमें इलाके में लगे कैमरों की फुटेज घटनास्थल से तीन दिन पहले तक की खंगाल रही हैं, ताकि किसी संदिग्ध की गति. विधि का पता लगाया जा सके। सबसे बड़ी मुश्किल महिला की पहचान कराना है। सिर न मिलने की वजह से पुलिस को डेड बॉडी की पहचान कराने में खासी समस्या आ रही है।

आसपास के जिलों से संपर्क कर वहां की गुमशुदगी रिपोर्ट भी मंगाई जा रही है। पड़ोसी जिलों की पुलिस से भी तालमेल बैठाया जा रहा है ताकि किसी भी लापता महिला की शिकायत इस मामले से मेल खा सके। महिला के सिर की तलाश के लिए पुलिस ने घटनास्थल के तीन किलोमीटर के दायरे में बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया। नाले से लेकर आसपास के झाड़ियों, खाली प्लॉट्स, नदी किनारे और रास्तों पर तलाशी अभियान जारी रहा, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर सैंपल इकट्ठा कर चुकी है।

पुलिस इस मामले को हत्या का मामला मानकर आगे बढ़ रही है। यह भी आशंका जताई जा रही है कि अपराध किसी और जगह पर हुआ और सबूत मिटाने के लिए शव को यहां फेंका गया। यह भी जांच का विषय है कि हत्या किसी व्यक्तिगत विवाद, घरेलू हिंसा या अवैध संबंध से जुड़ी हो सकती है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच को तेज कर दिया गया है।

पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी ने इलाके में किसी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन को आते-जाते देखा है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## दो सेक्टरों में साफ-सफाई न होने से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा वन और बीटा वन में साफ-सफाई ठीक से न होने के कारण लोग परेशान हैं। आरोप है कि कई स्थानों पर कचरे के ढेर लगे हैं, जिन्हें साफ करने के लिए कर्मचारी समय से नहीं आते हैं। वहीं, प्राधिकरण द्वारा भी कोई सुनवाई नहीं की जाती है। सेक्टर बीटा वन में रहने वाले हरेंद्र भाटी ने बताया कि सेक्टरों में त्योहारों के बाद से साफ-सफाई कार्य अब भी लापरवाही के साथ किया जा रहा। कर्मचारी रोज सेक्टरों की साफ-सफाई नहीं कर रहे, जिसके कारण कई स्थानों पर कचरे के ढेर लगे हैं। पार्क के पास सड़क के किनारे घरों के बाहर कचरा पड़ा हुआ है, जिसको उठाने के लिए कर्मचारी नहीं आ रहे हैं।

वहीं, गामा वन के रहने वाले केशव ने बताया कि सेक्टर में मार्केट के पास सबसे अधिक कूड़ा पड़ा रहता है, जिससे संक्रमित बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है।

# प्लॉट की दीवार तोड़ने पर किया था हमला, पांच गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली पुलिस ने तिगरी गांव में मारपीट में घायल युवक की मौत के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी पर गैर इरादतन हत्या का मुक. दमा दर्ज है। आरोप है कि तीन नवंबर को आरोपियों ने एक प्लॉट की दीवार तोड़ने और गाली गलौज का बदला लेने के लिए एक युवक पर हमला किया था।

आरोपियों के पास से दो कार, एक बाइक और 5 डंडे बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि अभी आरोपियों के तीन से अधिक साथी फरार हैं, जल्द उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि तीन नवंबर की शाम करीब सात बजे गौरव यादव तिगरी गांव में घर पर बैठा हुआ था। उसका



दोस्त लव कुमार भी साथ था। आरा. ेप है कि तभी वहां पर सचिन बैंसला निवासी दल्लूपुरा दिल्ली अपने दोस्तों के साथ कार में सवार होकर पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान गौरव बीचबचाव कराने पहुंचे तो उसके साथ भी मारपीट कर दी और गोली चला दी। गोली गौरव के पैर में लगी। मारपीट करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मूलरूप से बिहार के रहने वाले लव कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने गौरव के भाई जसवीर निवासी बहरामपुर की शिकायत पर सचिन बैंसला व नीतीश गुर्जर और अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया। बिसरख कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। मुख्य आरोपी सचिन ने शुक्रवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। डीसीपी ने बताया कि शनिवार को पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के 5 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान नीतीश भाटी निवासी दल्लूपुरा दिल्ली, संजय निवासी जीडीए कॉलोनी गौड़-सिटी-2, पंकज बाल्मिकी निवासी खेरली हाफिजपुर, अभिषेक भाटी व रितिक भाटी निवासी चक्रसैनपुर दादरी के रूप में हुई है।

## एक नजर

### रजिस्ट्री पर जगी उम्मीद, गंगा और गायत्री टॉवर के खरीदारों को मिला भरोसा

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित महागुन मंत्रा दो के निवासियों की रजिस्ट्री जल्द शुरु हो सकती है। गंगा और गायत्री टॉवर के लगभग 50 खरीदार शनिवार को नोएडा स्थित बिल्डर के कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने रजिस्ट्री की मांग को फिर से दोहराया। उन्होंने कहा कि सालों से तारीख पर तारीख मिल रही हैं। उन्हें अब समाधान चाहिए।

निवासियों को महागुन प्रबंधन की ओर से बताया गया कि अधिसूचना के आधार पर, हम गंगा और गायत्री टावरों के लिए भूमि भुगतान के विरुद्ध जमा की जाने वाली राशि के परिमाणीकरण के लिए सोमवार को प्राधिकरण को आवेदन करेंगे। इसके साथ ही 25 से 30 नवंबर के बीच परिमाणीकरण राशि और समय विस्तार शुल्क का भुगतान कर देंगे। निवासियों ने बताया कि उन्हें अब उम्मीद जगी है कि जल्द से जल्द रजिस्ट्री शुरु हो जाएगी। बता दें, आरोप है कि बिना रजिस्ट्री के पजेशन दे दिया है। हर महीने मेंटेनेंस शुल्क लेने के बाद भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बकाया देने का बिल्डर नाम नहीं ले रहा है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक में झूठा आश्वासन दिया गया था। जब तक रजिस्ट्री शुरु नहीं हो जाती। तब तक उन्हें भरोसा नहीं होगा। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री जब तक नहीं होती वह चुप नहीं बैठेंगे। वह हर सप्ताह प्रदर्शन करते रहेंगे।

### एक महीने में 50 हजार से अधिक वाहन मालिको नोटिस

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले के 50 हजार से अधिक रोड टैक्स बकाएदार वाहन मालिकों को परिवहन विभाग ने नोटिस भेजा है। टैक्स जमा करने के लिए यह नोटिस भेजे गए हैं। इसमें रोड टैक्स के बड़े बकाएदार शामिल हैं। एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने कहा कि कुछ वाहन मालिकों ने नोटिस मिलने के बाद टैक्स जमा करने की प्रक्रिया के लिए संपर्क भी किया है।

### ठगी करने वाले चार गिरफ्तार



**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना फेस 3 नोएडा पुलिस द्वारा फर्जी दस्तावेजो का प्रयोग कर बैंक एकाउण्ट बनवाकर, उक्त एकाउण्ट को साइबर अपराधियो को बेचकर डिजिटल अरेस्ट व अन्य साइबर अपराध में सहयोग करने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया। थाना फेस 3 पुलिस द्वारा बीट पुलिसिंग व गोपनीय/इलैक्ट्रॉनिक सूचना के आधार पर वरूण प्रताप सिंह मैनपुरी, सार्थक गुप्ता मैनपुरी, अर्थव दीक्षित फर्रुखाबाद, मोनू यादव मैनपुरी को ग्रीन बैल्ट सैक्टर 66 से सैक्टर 63 की ओर जाने वाली रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। 4 मोबाइल फोन भिन्न भिन्न कम्पनी के, 7 डेबिट कार्ड, एक चौक बुक एक कार बलेनो सफेद रंग रजि0नं0 यूपी 84 एएम 2186 बरामद किए। यह लोग फर्जी दस्तावेजो का प्रयोग कर बैंक एकाउण्ट बनवाकर साइबर अपराधियो को बेचा जाता था। जिसका प्रयोग डिजिटल अरेस्ट व अन्य साइबर अपराधो के लिए करते थे । साइबर अपराध में अर्जित होने वाले प्रतिदिन धन के आधार पर अभियुक्तगण ऐसा एकाउण्ट सप्लाई करते थे जिसकी लिमिट 50 लाख से 5 करोड तक होती थी। अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### बिजली से जुड़ी समस्याओं का व्हाट्सऐप पर त्वरित समाधान होगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** विद्युत निगम में नई व्यवस्था के तहत जिले के उपभोक्ताओं की बिजली से जुड़ी समस्या का त्वरित निस्तारण व्हाट्सऐप ग्रुप पर होगा। इसके लिए हर उपकेंद्र का व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया जा रहा है। संबंधित उपकेंद्र के क्षेत्र के उपभोक्ताओं को उस व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ा जा रहा हैं। साथ ही ग्रुप की हर रोज विद्युत निगम के अधिकारी समीक्षा भी कर रहे हैं। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार जिले में नई व्यवस्था के तहत 15 नवंबर से कार्य शुरू किए जाएंगे। इसके लिए हर बिजली उपकेंद्र के सीयूजी नंबर पर व्हाट्सऐप ग्रुप शुरू किया गया है।

# वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप की तैयारियां तेज, लगेंगे चार रिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाली वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए आयोजकों की ओर से चार बॉक्सिंग रिंग की व्यवस्था की जाएगी। मुकाबले एक रिंग पर खेले जाएंगे। वहीं, तीन रिंगों पर बॉक्सर अभ्यास करेंगे।

प्रतियोगिता के लिए बॉक्सरों का चयन लकी ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा। ड्रॉ का आयोजन 14 नवंबर को इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 80 से अधिक देशों के विश्व स्तरीय 450 बॉक्सर व 150 ऑफिशियल भाग रहे हैं। भारतीय बॉक्सिंग संघ और उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद कुमार ने बताया कि बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) की मेजबानी में ग्रेटर नोएडा के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में 14 से 21 नवंबर तक वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर आयोजकों की ओर से युद्ध स्तर पर तैयार शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बॉक्सरों के ठहरने की व्यवस्था ग्रेटर नोएडा के सूर. जपुर स्थित क्राउन प्लाजा होटल में की गई है। वहीं, ऑफिशियल ग्रेटर नोएडा के ही रेडिसन ब्लू होटल में रहेंगे।

**इन भार वर्गों में होंगे ड्रॉ:** ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में बॉक्सर 47-50, 50-55, 55-60, 60-65, 65-70, 70-75, 75-80, 80-85, 85-90 व 90 से अधिक भार वर्ग में ड्रॉ होंगे। वहीं, महिला वर्ग में 45-48, 48-51, 51-54, 54-57, 57-60, 60-65, 65-70, 70-75, 75-80 और 80 से अधिक किग्रा भार वर्ग में ड्रॉ का आयोजन किया जाएगा।

## छात्र ने तमंचे से गोली मारकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर का थाना बादलपुर क्षेत्र के छपरौला गांव में रहने वाले एक 20 वर्षीय बीकॉम के छात्र ने आज तमंचे से खुद को गोली मार ली। इस घटना में उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों के साथ ही यह पता लग रही है कि छात्र के पास तमंचा कहां से आया है।

थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बताया कि छपरौला गांव स्थित एक कॉलोनी में रहने वाले आकाश गिरी पुत्र प्रमोद गिरी उम्र 20 वर्ष जो की बीकॉम प्रथम वर्ष में पढ़ता था। उसने आज अपने घर पर गोली मार लिया।

# यमुना सिटी बनेगी देश की दूसरी 'हाइड्रोजन सिटी', लग्जरी बसों से निकलेगी सिर्फ पानी की भाप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए जल्द ही एक नई सौगात मिलने जा रही है। अब सफर होगा लग्जरी, शांत और सबसे बढ़कर प्रदूषणमुक्त। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में देश की पहली ग्रीन लग्जरी बस सेवा शुरू होने जा रही है, जो हाइड्रोजन ईंधन पर चलेगी। इस परियोजना को यमुना प्राधिकरण बोर्ड से हरी झंडी मिल चुकी है।

**लेह-लद्दाख के बाद यमुना सिटी में हाइड्रोजन बसों की गूंज:** लेह-लद्दाख के बाद अब यमुना सिटी देश का दूसरा शहर होगा जहां हाइड्रोजन बसें चलेंगी। नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन की इस परियोजना का उद्देश्य शहर को ग्रीन ट्रांसपोर्ट मॉडल के रूप में विकसित करना है। शुरुआत में तीन लग्जरी एसी बसें सड़क पर उतरेंगी। 45 सीटों वाली ये बसें एक बार ईंधन भरने पर करीब 600 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। इन बसों से न तो धुआं निकलेगा, न कार्बन बस निकलेगी तो केवल पानी की भाप, जो वातावरण को किसी भी तरह प्रदूषित नहीं करेगी।

**15 नवंबर से शुरू होगी सेवा:** एनटीपीसी की ओर से पहले हाइड्रोजन रिफ्यूलिंग स्टेशन का ट्रायल पूरा किया जाएगा। इसके बाद 15 नवंबर से बस सेवा औपचारिक रूप से शुरू करने की योजना है। यह पहल एनटीपीसी के 'ग्रीन एनर्जी मिशन' का हिस्सा है, जो देशभर में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**गंदे पानी से बनेगा हाइड्रोजन ईंधन:** इस परियोजना की सबसे खास बात यह है कि बसों में इस्तेमाल होने वाला हाइड्रोजन ईंधन एनटीपीसी के ग्रेटर नोएडा प्लांट में तैयार किया जाएगा और वह भी शोधित गंदे पानी से। बसों में ईंधन भरने और रखरखाव की जिम्मेदारी एनटीपीसी की होगी, जबकि ड्राइवर और परिचालन की व्यवस्था यमुना विकास प्राधिकरण करेगा।

**ग्रीन ट्रांसपोर्ट हब के रूप में उभरेगा यमुना क्षेत्र:** जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को सड़क, एक्सप्रेसवे और हाइवे से जोड़ने की योजना पहले से ही तेजी पर है। अनुमान है कि आने वाले समय में यहां यातायात का दबाव नोएडा और ग्रेटर नोएडा से भी अधिक होगा। ऐसे में हाइड्रोजन बसें पर्यावरण की रक्षा करेंगी।

# मोबाइल टावर से आरआरयू चुराने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मोबाइल टावरों से आरआरयू मशीन चोरी करने वाले दो शातिरों को पुलिस ने शुक्रवार रात सेक्टर-88 से गिरफ्तार किया। दोनों बदमाश दिल्ली-एनसीआर में रेकी कर मोबाइल टावरों कीमती उपकरण चोरी करते थे। चोरी के सामान को कबाड़ियों को बेच देते थे।

सेंट्रल नोएडा जोन की एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों पुलिस की टीमें चोरों को पकड़ने में जुटी थी। शुक्रवार रात चेकिंग के दौरान सेक्टर-88 से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि दोनों शातिर किस्म के चोर हैं। मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चोरी करते हैं। आरोपियों की पहचान जिला बलिया के दुमरी गांव निवासी कृष्णा गुप्ता और बिहार के जिला मुंगेर निवासी



शिवम कुमार के रूप में हुई। कक्षा नौ पास कृष्णा वर्तमान में कुलेसरा में और आठवीं पास शिवम भंगेल गांव में किराए पर रहता है। दोनों की निशानदेही पर दो आरआरयू, एक पेचकस, एक कटर, एक प्लास, एक चाबी, एक हैंड टूल और चाकू बरामद हुआ है।

पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह रेकी करके चोरी करते थे।पुलिस से बचने के डर से घटना करने के बाद स्थान बदल देते थे और सिर्फ व्हाट्सऐप कॉल पर बात करते थे। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## कंपनी के कार्यालय से डेढ़ हजार से अधिक मोबाइल फोन गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-57 स्थित एक कंपनी में मरम्मत को आए 1566 मोबा. इल फोन गायब हो गए। कंपनी के कर्मचारियों और दो सिक्योरिटी गार्ड समेत आठ लोगों पर गबन करने का आरोप लगा है। सेक्टर-58 थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-16 स्थित पैराइडाइज ग्रीन विला में रहने वाले सूरज कुमार दास ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-57 स्थित एक प्राइवेट कंपनी में सिविलियन स्विच बोर्ड ऑपरेटर (सीएसबीओ) के पद पर कार्यरत हैं। कंपनी में नामी मोबाइल कंपनी के इस्तेमाल किए हुए मोबाइल फोन कंपनी के माध्यम से मरम्मत होने के लिए आते हैं।

एक विक्रेता के माध्यम से जानक. ारी हुई कि कंपनी में मरम्मत के लिए आए मोबाइल फोन बाजार में सस्ते दामों पर बिक रहे हैं। आनन-फानन में कंपनी में आंतरिक जांच के लिए टीम गठित की गई। जांच में टीम में शिकायतकर्ता के अलावा कंपनी के प्रबंधक अनिल विश्नोई, स्टॉक इंचार्ज जाहिद ओर मोि. हत ने मिलकर स्टॉक खंगाला। जांच में पता चला कि कंपनी में मरम्मत को आए 1566 मोबाइल फोन गायब हैं। इसके संबंध में जिम्मेदार कर्मचारियों कबीर, अजय कुमार, सुहेल, इंजमाम अली खान, अभिषेक पांडे, अनुज कुमार, सुरक्षा कार्ड पंकज और शिवकुमार से बातचीत की गई। ये मोबाइल फोन इन लोगों की निगरानी में ही गायब हुए हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने यह गबन जुलाई, अगस्त और सितंबर के बीच किया है। कुछ मोबाइल फोन एक कंपनी को और कुछ अन्य लोगों को सस्ते दामों पर बेच दिए। आरोपियों से मोबाइल फोन वापस मांगे तो नहीं दिए। आरोपियों ने कंपनी के साथ धोखाधड़ी की है।

# पहले बच्चे को पीटा फिर दादा और मां के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बीटा दो कोतवाली क्षेत्र की डिवाइन ग्रेस सोसाइटी में रहने वाले एक परिवार के बच्चे के साथ मारपीट की गई। बच्चे के दादा और मां इसकी शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने दंपति समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सोसाइटी में रहने वाली अनीता देवी ने पुलिस को बताया कि एक नवंबर को उसके बेटे का जन्मदिन था। पीड़िता के मुताबिक, उसका 10 वर्षीय बेटा पड़ोस में रहने वाले अपने दोस्तों को जन्मदिन के लिए बुलाने के लिए गया था। इसी बीच पड़ोसी सुभाष के 13 वर्षीय बेटे ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के बेटे के साथ मारपीट की। महिला अपने ससुर के साथ आरोपी के घर शिकायत करने पहुंची तो आरोपियों ने महिला और उसके ससुर को भी पीटा। सोसाइटी के लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने इस मामले में दंपति समेत चार नाबा. लिग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# अंडरपास के जरिए एक्सप्रेस वे से जुड़ेगी ग्रेटर नोएडा लिंक रोड

- **99.74 करोड़ का आएगा खर्च, 30 से ज्यादा सेक्टर और गांव को फायदा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा को ग्रेटरनोएडा के जरिए जोड़ने वाली लिंक रोड अंडरपास के जरिए एक्सप्रेस वे से कनेक्ट होगी। ये अंडरपास सेक्टर-146 और 147 के बीच बनाया जाएगा। अंडरपास 45 मीटर रोड से होते हुए एक्सप्रेस वे के नीचे दूसरी तरफ जाएगा। इसकी लंबाई करीब 800 मीटर होगी। इसके जरिए ग्रेटरनोएडा और नोएडा के लोग लिंक रोड तक आ जा सकेंगे। निर्माण के लिए कंपनी का चयन किया जा रहा है।

नोएडा और ग्रेटरनोएडा को जोड़ने वाली लिंक रोड 2 किमी से अधिक लंबी है। ये एक्वा लाइन मेट्रो के नीचे सेक्टर 146-147 में 45 मीटर चौड़ी सड़क से शुरू होते हुए हिंडन नदी पर पुल से होते हुए नॉलेज पार्क 3 एलजी चौक तक जाती है। नोएडा की तरफ से एप्रोच रोड का काम पूरा होने वाला है। हिंडन नदी पर पुल का निर्माण चल रहा है। समस्या एप्रोच रोड ग्रेटरनोएडा की ओर है। विवाद निपटारा करने के साथ जल्द वहां निर्माण होगा।

**पहले लिंक रोड का जाने स्टेटस:** नोएडा ग्रेटरनोएडा को जोड़ने वाली लिंक रोड पर हिंडन नदी पर 290 मीटर लंबे पुल के निर्माण का कार्य 70 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। नोएडा प्राधिकरण की ओर से बनाई जा रही एप्रोच रोड का करीब 80 प्रतिशत



काम पूरा हो चुका है। मामला ग्रेटरनोएडा की एप्रोच रोड का है। इसका अभी 10 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। नोएडा प्राधिकरण की साइड से देखे तो जनवरी 2019 में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस रोड का शिलान्यास किया था। इस योजना को डेढ़ साल में पूरा किया जाना था।

**अंडरपास से एक्सप्रेस वे से जुड़ेगी लिंक रोड:** एक्सप्रेस-वे पर 16.900 किमी चौनेज पर सेक्टर-145, 146 155 और 159 के बीच बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 800 मीटर होगी। इसे निर्माण में करीब 99.74 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इससे नवविकसित किए जा रहे औद्योगिक सेक्टर-151, 153, 154, 155, 156, 157, 158, 159, 162 और 9 गांव को लाभ मिलेगा। ये लिंक रोड से जुडेगा। ऐसे में नोएडा और ग्रेटरनोएडा के बीच आने जाने वाले इसका प्रयोग कर सकेंगे।

**अंडरपास डायाफ्राम तकनीक से बनेगा:** एक्सप्रेस वे पर अंडरपास का निर्माण डायाफ्राम वॉल कास्ट से किया जाएगा। इसके बाद दो तरफ जमीन के अंदर यह दीवार बनाकर उसके ऊपर अंडर पास की छत ढाल दी जाएगी। नीचे दोनों दीवारों व छत के बीच की मिट्टी खुदाई कर निकाली जाएगी। इसके बाद नीचे की सड़क का काम शुरू होगा। इसी तरह से दोनों लेन का काम प्राधिकरण करवाएगी। इसके कारण कुछ दिनों तक ट्रैफिक का संचालन प्रभावित रहेगा।

**लिंक रोड से मिलेंगे यह लाभ:** दिल्ली और नोएडा से एक्सप्रेसवे होते हुए परिचौक, एलजी चौक, कलेक्ट्रेट, सूरजपुर, सेक्टर गामा एक, गामा दो, बीटा एक, बीटा दो, उद्योग विहार, उद्योग विहार एक्सटेंशन, गाजियाबाद को जाने वाले लोगों को 16 किमी अतिरिक्त चलना पड़ता था। इसके बनने दूरी कम होगी। लिंक रोड बनने से नोएडा के सेक्टर-151, 153, 154, 155, 156, 157, 159, 160, 162 स्थित आवासीय व औद्योगिक सेक्टरों का ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा, बीटा, सूरजपुर, साइट बी व सी औद्योगिक क्षेत्र, डेल्टा, पुलिस लाइन, ईकोटेक दो व तीन आदि को लाभ होगा।

### बहसूमा थाने से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने मचाया आतंक

# एक रात में चार दुकानों से हजारों की चोरी

■ सोती रही पुलिस, दुकानों में कुंबल करते रहे चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला सड़कवाला में अज्ञात चोरों ने थाने से चंद कदम की दूरी पर चार दुकानों में चोरी कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। चोरों ने चार दुकानों में पहले कुंबल किया तथा उसके बाद उनके अंदर रखी नगदी अन्य सामान चोरी कर लिया। चोर घंटों तक चोरी करते रहे। लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

घटना का पता सुबह उस समय चला जब दुकानदारों ने अपनी दुकान खोलकर देखा तो उनकी दुकान में चोरों ने कुंबल कर रखा था तथा उसमें रखी नगदी व अन्य सामान चोर चुराकर अपने साथ ले गए थे। बताते चले कि शुक्रवार की रात को कस्बे के मुख्य मार्ग पर स्थित चार दुकानों को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया। शातिर चोरों ने छत के जीने की दीवार तोड़कर दुकान में प्रवेश किया तथा हजारों की नगदी चोरी की। वारदात को अंजाम देकर अज्ञात चोर आराम से फरार हो गये। लेकिन पुलिस फोर्स को भनक तक नहीं लगी। घटना की जानकारी सुबह व्यापारियों को उस समय हुई जब वह दुकान पर पहुंचे। दुकान का सामान इधर-उधर फैला हुआ था तथा गल्ले के अंदर रखी नगदी व कुछ सामान गायब था। चोरों ने इसी तरह एक के बाद एक दुकान को अपना निशाना बनाया तथा थाने से चंद कदम की दूरी पर पूरी घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा व्यापारियों को चोरों को पकड़कर मामले का खुलासा करने का भरोसा दिलाया। हालांकि घटना से समस्त व्यापारियों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है। अज्ञात चोर गिरोह ने मुख्य मार्ग पर स्थित जैन फर्टिलाइजर की दुकान से हजारों की



नगदी व अन्य सामान चुराया है। दुकान के प्रोपराइटर सुभाष जैन ने बताया कि उनकी दुकान की छत के ऊपर जीने की दीवार तोड़कर चोर अंदर घुसे तथा दुकान का दरवाजा खोलकर गल्ले के अंदर रखें 15 हजार रुपए चोरी कर लिये, इसके बाद चोरों ने उसके पास की एक दुकान को छोड़कर मनोज पकोड़ी वाले की दुकान के जीने की दीवार तोड़कर दुकान के अंदर गल्ला में रखें से करीब 10 हजार रुपये व एक खाली सिलेंडर चोरी कर लिया। इसके बाद चोरों ने बिल्लू योगी की जनरल स्टोर की दुकान के जीने की दीवार तोड़कर दुकान में रखें करीब 5 हजार रुपए चोरी किये। इसके बाद कस्बे के मुख्य मार्ग व मुख्य बाजार स्थित हरीश गोयल की दुकान का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। लेकिन शायद किसी वाहन के आ जाने से वहा से फरार हो गये। हालांकि हरीश गोयल अभी तक यह नहीं बता पाये कि उनका कुछ सामान चोरी हुआ है या नहीं। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने सभी दुकानों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि जल्द से जल्द चोरों को पकड़कर जेल भेजा जाएगा। हालांकि व्यापारी चोरी की घटना से काफी आहत है तथा उनमें पुलिस के प्रति काफी नाराजगी भी दिखाई पड़ रही है। उनका कहना है कि पुलिस रात्रि में गश्त करने के बजाये आराम से सो रही है। जिस कारण नगर में चोर घटना को अंजाम दे रहे हैं। सूचना मिलने पर सीओ मवाना मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का मुआयना करने के बाद पीड़ित व्यापारियों से मिलकर उन्हें आश्वासन दिया। वहीं थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने बताया कि उन्होंने आसपास की दुकानों पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकलवाई है। जिसमें चोर आते जाते दिखाई दे रहे हैं। जल्द ही उनकी शिनाख्त कराई जाएगी तथा उन्हें पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।

# मानसिंह गोस्वामी का जिला प्रभारी मेरठ बनने पर जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के पश्चिम क्षेत्र के उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी को जिला प्रभारी मेरठ बनाए जाने पर शनिवार को प्रथम बार मेरठ आगमन पर भाजपा नेता अनिल चौधरी दबथुवा के आवास वैष्णो धाम कालोनी में कार्यक्रम कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मानसिंह गोस्वामी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों में मन से जुट जाने का आह्वान किया और प्रदेश की डबल इंजन सरकार के बड़े कार्यों पर प्रकाश डाल आगामी 2027 विधान सभा चुनाव में जुटाने के लिए बोला।



इस दौरान मानसिंह गोस्वामी ने वन्दे मातरम के 150 वर्ष उत्सव अभियान के अन्तर्गत सभी ने सामूहिक राष्ट्रगीत वंदे मातरम् गान किया। इस दौरान अनिल चौधरी दबथुवा, आर.डी शर्मा, ओमकर्ण मैनेजर, लक्की सैनी, सुखपाल मास्टर, संदीप हिन्दुराज, महकार पहलवान, विनोद वर्मा, एन.के. शुक्ला, विजेंद्र तोमर, कंवरपाल प्रधान, सुरेश तोमर, नेपाल मास्टर, कैप्टन अरविंद, अमित शर्मा, ओमबीर प्रधान, राजकुमार गुप्ता, वीरपाल घनघस, सचिन पंघाल, ओमकार बाबा, प्रवीण चेयरमैन, धर्मेन्द्र दीवान, महिपाल कश्यप, सुन्दर कश्यप, अनमोल कौशिक, जतिन शर्मा, हर्ष लखवाया, विशु फोगाट, हर्ष दहिया, जगवीर चौधरी, हरबीर बाबा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से सरधना के युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मुंबई से सरधना लौट रहें एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मेरठ कैंट स्थित रेलवे ट्रैक पर दर्दनाक मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम कराया। शनिवार शाम शव को गमगीन माहौल में सुपर्द ए खाक कर दिया गया गया।

सरधना नगर के मोहल्ला बैरून सराय निवासी जमीर पुत्र यासीन 35 वर्ष मुंबई में रहकर फेरी करने का काम करता था, जमीर अपने परिवार में कमाने वाला इकलौता ही था। गुरूवार को जमीर मुंबई से वापस ट्रेन में सवार होकर अपने घर पर लौट रहा था। शुक्रवार शाम जब जमीर कैंट स्टेशन पर पहुंचा, तो पैदल ही रेलवे ट्रैक पर सवार होकर जा रहा था, तभी पीछे की तरफ से आ रही तेज रफ्तार की ट्रेन ने टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही जमीर गरीब 300 मीटर की दूरी पर झाड़ियों में जाकर गिरा। मामलें की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए परिजनों को मामले की जानकारी से अवगत कराया।



मृतक जमीर का फाइल फोटो।

जमीर की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों के सामने पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्ट मार्टम के लिए भिजवा दिया। शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव को गमगीन माहौल में सुपर्द-ए खाक कर दिया गया। जमीर अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए मुंबई में रहकर काम करता था।

# चौड़ीकरण निर्माण कार्य रूकवाने का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी, लोगों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गांव मंदवाड़ी में कुछ लोगों द्वारा चौड़ीकरण निर्माण कार्य रुकवाने के चलते मुख्य मार्ग पर कई माह से जलभराव है। इस बाबत गत दिवस ग्रामीणों ने तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम से समस्या के समाधान की मांग की थी।

डीएम के आदेश पर गुरुवार को सीओ पंकज लवानिया फलावदा पुलिस के साथ मंदवाड़ी पहुंचे और निरीक्षण किया। उक्त गांव का मुख्य मार्ग जनपद मेरठ की सीमा को मुजफ्फरनगर और हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग से आपस में मिलाता है। पीडब्ल्यूडी द्वारा मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य पांच माह पूर्व शुरू हुआ था, लेकिन गांव के कुछ लोगों ने मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का निर्माण कार्य रुकवा दिया था। जिससे पानी की निकासी न होने से जलभराव की समस्या बनी है। इस मामले में ग्रामीणों ने गत दिवस तहसील में समाधान दिवस दौरान डीएम को सामूहिक पत्र देकर मुख्य



मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य पूरा कराने व जलभराव से निजात की मांग की थी। डीएम के आदेश पर गुरुवार को पीडब्ल्यूडी विभाग के जई संदीप शर्मा एआई रजनीश कुमार मौके पर पहुंचे और सीओ पंकज लवानिया थाना प्रभारी ब्रहम कुमार त्रिपाठी मयफोर्स समेत मंदवाड़ी गांव में उक्त मुख्य मार्ग पर पहुंचे। सभी अधिकारियों ने निरीक्षण कर रहे थे कि इसी बीच गांव के दोनों पक्ष अपनी अपनी बात रखते हुए हंगामा करते रहे। अधिकारियों ने कहा कि अगर आप इसी तरह हंगामा करोगे तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ब्रह्मकुमार त्रिपाठी ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाते हुए कहा कि अगर दोनों पक्ष इसी तरह हंगामा करते रहे तो मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य इसी तरह पेंडिंग पड़ा रहेगा। अगर समस्या का समाधान करना है तो दोनों पक्ष के लोग आपस में बैठकर समाधान कर ले। फिलहाल समस्या का निस्तारण नहीं हो सका और अधिकारी लौट गए। इस दौरान ग्राम प्रधान फतेह शर्मा, भाजपा नेता यशपाल गुर्जर, महेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान पवन गुर्जर, गौरव राणा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## डीएस ग्रुप के कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने नए उत्पादों के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी बाजार उपस्थिति को किया मजबूत

■ पिछले दो वर्षों में 20 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दर की है दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** धर्मपाल सत्यपाल समूह (डीएस ग्रुप) के लोकप्रिय ब्रांड कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने उत्तर प्रदेश में मसालों और संबंधित श्रेणियों में नए उत्पादों की श्रृंखला लॉन्च कर राज्य में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की योजना की घोषणा की है। इस नई श्रृंखला में प्रीमियम सिंगल स्पाइस ऑरिजिंस रेंज, नए स्प्रिंकलर वेरिएंट्स और संपूर्ण मसालों का विस्तारित पोर्टफोलियो शामिल है।

होटल, रेस्तरां और केटरिंग सेक्टर में अपनी पहले से मजबूत स्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए, कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए मेयोनेज और सॉसेज को बुल्क पैकेजिंग में भी शामिल किया है। पिछले दो वर्षों में 20 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दर दर्ज करने के बाद, कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज अब इस मजबूत विकास रफ्तार को जारी रखते हुए आने वाले पांच वर्षों में लगभग 30 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर हासिल करने का लक्ष्य रखता है। उत्तर प्रदेश कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। राज्य के शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में व्यापक पहुंच के साथ, कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज इस क्षेत्र में सबसे सशक्त वितरण नेटवर्क में से एक का संचालन करता है। जहां एक ओर शहरी बिक्री क्षेत्र में विकास का प्रमुख कारक बनी हुई है। ब्रांड के विस्तार योजनाओं पर बात करते हुए डीएस ग्रुप के कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज के बिजनेस हेड, संदीप घोष ने कहा, उत्तर प्रदेश का मसाला बाजार अपने विस्तार और ब्रांडेड गुणवत्ता वाले उत्पादों की बढ़ती उपभोक्ता मांग के कारण एक महत्वपूर्ण और गतिशील विकास इंजन का प्रतिनिधित्व करता है। डीएस ग्रुप का अभिन्न हिस्सा होने के नाते, कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने इस अवसर का मजबूत और रणनीतिक वितरण नेटवर्क के माध्यम से सफलता पूर्वक लाभ उठाया है, जिससे उपभोक्ताओं के बीच गहरा विश्वास स्थापित हुआ है।

# धारदार हथियार से हमला करने वाला गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** करीब दो महीने पहले जानी थाना क्षेत्र के गांव अफजलपुर पावटी में घर में घुसकर गांव के ही एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला किया था जिसमें पीड़ित के भाई ने जानी थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसकी विवेचना उप निरीक्षक अरुण भाटी कर रहे थे वहीं मुखबिर की सूचना पर आरोपी को अफजलपुर पावटी संपर्क मार्ग से दबोच लिया आरोपी के पास से हमले में उपयोग हथियार व डंडा भी बरामद कर लिया आरोपी की पहचान रियाज पुत्र सलीम निवासी अफजलपुर पावटी के रूप

# ऑल इंडिया शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

■ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान ने फीता काटकर किया उद्घाटन

■ यूपी के अलावा पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र सहित 16 टीमों ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शनिवार को कस्बे में मसूरी मार्ग पर स्थित ऑल इंडिया शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने फीता काटने के बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।





टूर्नामेंट के आयोजक इकराम रिजवी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी शानदार ऑल इंडिया शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, अमरोहा, बिजरोल, हरियाणा, महल सहित 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान आस पास क्षेत्र के अलावा दूर दराज से हजारों दर्शकों ने शिरकत की। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक शॉट लगाकर दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं देर रात कांग्रेस नेता सैयद रिहानुद्दीन, आसपा नेता शाहजेब रिजवी, वार्ड नंबर 6 से जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार वाइज अब्बास रिजवी, मिन्हाज प्रधान भी पहुंचे, उन्होंने अलग-अलग मैच में फीता काटकर शुभारंभ किया और खिलाड़ियों की पीठ थपथपाते हुए उनकी हौसला अफजाई की। आयोजक इकराम रिजवी व जैद रिजवी ने बताया कि टूर्नामेंट रविवार की सुबह तक चलेगा और फाइनल मैच की विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान आरिफ प्रमुख, इकराम, जैद, अलीम अख्तर, सहल, मिन्हाज प्रधान, रियासत रिजवी, तल्हा रिजवी, अब्दुर्रहमान गांधी, नौमान रिजवी, उवैस, आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने लॉन्च किया बीएसई 500 एन्हांस्ड वैल्यू 50 इंडेक्स फंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान यूलिप के लिए एक नया फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ बीएसई 500 एन्हांस्ड वैल्यू 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। इस फंड का उद्देश्य ग्राहकों को भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं ग्रोथ स्टोरी में भागीदारी के लिए मंच प्रदान करना है। यह फंड उन शेयरों पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो सैद्धांतिक रूप से मजबूत हैं, लेकिन फिलहाल अपनी वास्तविक क्षमता से कम मूल्य प्रदान कर रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य निवेश अधिकारी, मनीष कुमार ने इस लॉन्च पर कहा कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ बीएसई 500 एन्हांस्ड वैल्यू 50 इंडेक्स फंड निष्क्रिय रूप से प्रबंधित फंड है, जो हमारे यूलिप ग्राहकों को भ्सरल और पारदर्शी तरीका प्रदान करेगा।

### सरधना ऐतिहासिक चर्च मेला...

# विश्व शांति के लिए कराई गई प्रार्थना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** ऐतिहासिक चर्च मेलें में शनिवार शाम को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिममें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रार्थना में विशेष रूप से विश्व शांति के लिए प्रार्थना कराई गई। मेले में पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी रही, मेले में हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंच चुके है, रविवार को मेले का समापन किया जायेगा।

सरधना नगर में लगने वाले प्रत्येक वर्ष दूसरे शनिवार व रविवार को माता मरियम के मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें दूर दराज से हजारों की तादाद में श्रद्धालु भाग लेने के लिए आते है। शुक्रवार शाम से ही हजारों की तादाद मे श्रद्धालु पहुंच चुके थे, जिनके रूकने के लिए संत चार्ल्स इंटर कालेज व चर्च परिसर में रूकने के लिए टैंट की व्यवस्था की गई। प्रशासन भी दिन रात चौकसी में लगा हुआ है। शनिवार शाम को 5 बजे चर्च मेला परिसर में एक विशेष प्रार्थना सभा



का आयोजन किया गया। जिसमें मिस्सा बलिदान में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जहां उन्होंने विश्व शांति और बीमारों के स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की गई। देर शाम चर्च परिसर में सजाई गई लाइटें जलाई गई, जो आर्कषण का केन्द्र बनी रही।



# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह: 89 जोड़े लाभान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत जिला प्रशासन मेरठ के पर्यवेक्षण में शनिवार को विरासत रिसोर्ट, हसनपुर कदीम, गढ़ रोड मेरठ में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन कर 61 हिन्दु एवं 28 मुस्लिम कुल 89 जोड़ों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में विकास खण्ड रजपुरा के 28, विकास खण्ड खरखौदा के 12 व विकास खण्ड माछरा के 31, विकास खण्ड मवाना के दो, नगर पंचायत किठौर के 9, खरखौदा नगर पंचायत के 1, नगर पंचायत शहाजहांपुर के 6 जोड़ो का विवाह सम्पन्न कराया गया।




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ संजीव गोयल सिक्का सभापति उत्तर प्रदेश सहकारी संघ, कौशल चौहान, प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख रजपुरा, अतुल त्यागी, प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख खरखौदा द्वारा किया गया है। अमित अग्रवाल, विधायक कैंट एवं डॉ. वी.के. सिंह जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होकर वर वधु को आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में सुनील कुमार सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, शैलेश राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सुरेश गुप्ता जिला कार्यक्रम अधिकारी, अनुपम यादव जिला प्रोबेशन अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा, खरखौदा, माछरा, सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी व समाज कल्याण विभाग के समस्त कार्यालय व क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे। अमित अग्रवाल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को गरीब व्यक्तियों के लिए उपयोगी बताते हुए वर-वधु को शुभ आशीर्वाद के साथ उनके गृहस्थ जीवन के सुखमय हेतु आशीर्वाद दिया गया। विधायक व जिलाधिकारी द्वारा कन्याओं को वैवाहिक उपहार सामग्री का वितरण किया गया। डॉ. वी.के. सिंह डीएम द्वारा वैवाहिक उपहार सामग्री को गृहस्थ जीवन हेतु उपयोगी बताते हुए सामग्री की सही गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं कार्यक्रम को भव्यता के साथ आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये। सुनील कुमार सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा उक्त योजना में धनराशि को रूपये 51000/- से बढ़ाकर रूपये एक लाख किया गया है। जिसके अन्तर्गत कन्या के बैंक खाते में 60000/- रूपये एवं 25000/- की वैवाहिक उपहार सामग्री, तथा 15000/- रूपये विवाह कार्यक्रम आयोजन पर व्यय होंगे। 12 नवम्बर 2024 को एम.बी. फार्म हाउस दौराला में, 16 नवम्बर 2025 को भावना फार्म हाउस परीक्षितगढ़ तथा 18 नवम्बर 2025 को अवतार फार्म हाउस कुराली जानी में सामूहिक विवाह कराया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व पात्र व्यक्ति योजना की वैबसाईट https://cmsvy-upsdc-gov-in/ पर आवेदन ऑनलाईन कर सकते है।

## संजय सोनकर के परिजनों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अधिवक्ता उमा शंकर खटीक के नेतृत्व में खटीक संघ के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए गोंडा निवासी मृतक संजय सोनकर के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा दिलाने की मांग की हैं। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार पुलिस अभिरक्षा में मारे गये संजय के मामले को दबाने में लगी है। जबकि इस मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिये। समाज के लोगों का कहना है कि मामले की सीबीआई जांच कराई जाए। आरोपी दरोगा व दोनों कांस्टेबलों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए तथा संजय के परिजनों को कम से कम 50 लाख का मुआवजा दिया जाये तथा केस का ट्रायल फास्ट ट्रैक के आधार पर एससीएसटी की धारा के तहत मामले को गंभीरता से लिया जाये। उनका कहना था कि भाजपा सरकार केवल दलित समर्थक होने का ढोंग करती है बड़े समाज के लोगों के खिलाफ हत्या जैसे संगीन मामले में भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद पिस्तौल दिखाने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शनिवार को चिंदौड़ी मार्ग पर एक बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी। बाइक सवार युवक का आरोप है कि कार सवार युवकों में से एक ने पिस्तौल दिखाकर उसे धमकी दी। मिली जानकारी के अनुसार लावड़ कस्बा निवासी नदीम पुत्र नसीम लगभग दो बजे अपने बच्चों को चौधरी बारु सिंह स्कूल में छुट्टी के समय लेने जा रहा था तभी एक सेंट्रो कार नंबर डी.एल 10सी 5764 ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गिर गया और बाइक का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। नदीम ने आरोप लगाया कि कार सवार युवकों में से एक ने उसको लात भी मारी और विरोध करने पर पिस्तौल दिखाकर धमकी भी दी आरोप है कि युवक धमकी देते हुए चिंदौड़ी गांव की ओर फरार हो गए। पीड़ित ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालकर जांच में जुटी हुई है।

# अंतर्राष्ट्रीय उर्दू दिवस पर कार्यक्रम

## पत्रकारों, शिक्षकों और उर्दू प्रेमियों को 'राजा गजंफर अली खान अवार्ड' से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** अंतरराष्ट्रीय उर्दू दिवस के अवसर पर मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार और सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों, शिक्षकों, कवियों और उर्दू प्रेमियों को 'राजा गजंफर अली खान अवार्ड' से भी सम्मानित किया गया।





कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रबंधक मौहम्मद साइम राजा ने अपने संबोधन में कहा कि उर्दू केवल एक भाषा नहीं, बल्कि एक सभ्यता, संस्कृति और एकता के जज्बे की पहचान है। उर्दू ने पूरे सब को जोड़ने का काम किया और प्रेम, सहिष्णुता व इंसानियत का संदेश दिया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने उर्दू भाषा की महानता पर सुंदर कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। कई विद्यार्थियों ने उर्दू के प्रसिद्ध साहित्यकारों जैसे अल्लामा इकबाल, अमीर खुसरो, मौलाना अल्ताफ हुसैन हाली, सर सैयद अहमद खघन, फिराक गोरखपुरी और जौश मलीहाबादी के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन की तिलावत और नात-ए-पाक से हुई।

उर्दू पत्रकारिता के क्षेत्र में सीनियर पत्रकार मौहम्मद याकूब, कारी मौहम्मद मेहरबान, उर्दू साहित्य में गुलशन बिजनौरी, हैदर किरतपुरी, जहीर अहमद गोहर तथा उर्दू शिक्षकों में अब्दुल वासे (उर्फ नदीम), मास्टर फारूक और मास्टर रफीउल्लाह को 'राजा गजंफर अली खान अवार्ड' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डॉ. शमशाद हुसैन ने किया।

समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों, कवियों और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने सभी आगंतुकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुस्लिम फंड कमेटी के सचिव मुंशी हसीनुद्दीन, वजाहतुल्लाह खघन, राशिद हुसैन एडवोकेट प्रदीप चौहान, इरशाद अहमद अंसारी हेलिकॉप्टर आदि उपस्थित रहे।

## खेत की मेढ़ पर मिला वृद्ध का शव

**बढ़ापुर।** ग्राम दोदराजपुर निवासी मूला सिंह प्रजापति (58 वर्ष) पुत्र स्व.रामलाल सिंह बीती देर शाम सरदार कुलवंत सिंह की कृषि भूमि पर सिंचाई करने गया था। देर रात तक भी वह वापस नहीं लौटा तो स्वजन ने सोचा कि वहीं ट्यूबवेल पर बने कमरे पर सो गये होंगे। आज सुबह जब स्वजन खेत पर पहुंचे तो मूला सिंह खेत की मेढ़ पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। स्वजन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंदर शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। गले पर सर्पदंश के निशान प्रतीत हो रहे हैं। स्वजन की मौजूदगी में शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर विधि कार्रवाई की जाएगी। मृतक के दो बेटे और एक बेटी है तीनों की शादी हो चुकी है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत



**चांदपुर।** ग्राम भगोड़ा निवासी वीरेंद्र सिंह (28 वर्ष) पुत्र शेर सिंह चांदपुर में एक चाय की दुकान पर काम करता है। शाम को छुट्टी के बाद अपनी बाइक से अपने घर ग्राम भगोड़ा जा रहा था। वीरेंद्र जब लुहारपुरा बिजली घर के पास पहुंचा तो उसकी बाइक फिसल कर गिर गई और सिर में चोट लगने से वीरेंद्र की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर डायल 112 व बास्टा पुलिस चौकी प्रभारी संदीप पंवार अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पत्नी काजल भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही हेतु शव को 108 एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी स्याऊ भेज दिया। वीरेन्द्र की मौत से उसके परिवार मे कोहराम मच गया।

### दिलशाद शेख के निधन पर शोक



**किरतपुर।** नगर के मौहल्ला निवासी 55 वर्षीय दिलशाद शेख का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। वो काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। मृतक दिलशाद शेख 25 वर्षों से मुस्लिम फंड में अपनी खिदमत अंजाम दे रहे थे। उनके इंतकाल से पूरे मौहल्ले शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों सहित पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन और संबंधी गम में डूब गए। मृतक अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मरहूम दिलशाद शेख एक मेहनती, मिलनसार और समाजसेवी व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि मौहल्ले वासियों को भी गहरा आघात पहुंचा है। नमाज-ए-जनाजा जुमे की नमाज के बाद मौहल्ला कोटला स्थित जामा मस्जिद के प्रांगण में अदा की गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। जनाजे में हर वर्ग के लोगों ने शिरकत कर मगफिरत और सब्र-ए-जमील की दुआ की। इसके बाद उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी मगफिरत के लिए मुस्लिम फंड कमेटी के अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा, सेक्रेट्री मुंशी हसीनुद्दीन, मरगूब अहमद, जीशान मिर्जा, जनरल मैनेजर शेख अकीलुद्दीन, मैनेजर हुमायूं खान, रियाजउद्दीन,शमीम, आरिफ कुरैशी, तौफीक मलिक, आजम, शाहनवाज, शाहाब अतहर खान, मेंहदी हसन, आसिम रजा, कफील, नईम, जावेद, उस्मान अली, हैदर अली, निशात अनवर,शफीकुर्रहमान, आश्कार, मुदस्सिर सुल्तान, अरशद चौधरी आदि ने दुआ की।

### गुरबाणी कीर्तन उच्चारण कार्यक्रम



**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सामूहिक गुरबाणी कीर्तन उच्चारण कार्यक्रम एवं गुरमत समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माता सुंदरी दल के जत्थे ने गुरु वाणी के अमोलक शब्दों की प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान संगत ने वाहेगुरु-वाहेगुरु के सामूहिक उच्चारण से कार्यक्रम स्थल को गुरु वाणीमय बना दिया। उपस्थित गुरमुख परिवारों ने जत्थे की प्रत्येक प्रस्तुति पर पारंपरिक जयकारों के बीच प्रोत्साहन और सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय सरदार रणजीत सिंह मोगा और स्वर्गीय माता प्रीतम कौर मोगा की स्मृति में किया गया। आयोजन में सरदार कुलदीप सिंह मोगा, सरदार सुरेंद्र सिंह मोगा, बीबी मनजीत कौर मोगा, सरदार तेजिंदर सिंह मोगा और सरदार देवेंद्र सिंह मोगा सहित समूचे मोगा परिवार का विशेष योगदान रहा। माता सुंदरी दल के जत्थेदार ज्ञानी जसवीर सिंह खालसा ने उपस्थित संगत को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन 84 लाख योनियों के बाद प्राप्त होता है, इसलिए नाम सिमरन, सेवा, दया और परोपक. ार को जीवन में स्थान देना आवश्यक है। गुरुद्वारा प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट और सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने बताया कि सरदार कुलदीप सिंह मोगा परिवार ने वाहेगुरु की कृपा से प्राप्त सुपोत्री की दात की खुशियां संगत के बीच बांटने की भावना से यह कार्यक्रम आयोजित किया।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**धामपुर।** मौहल्ला क्षत्रिय नगर में राजीव रस्तोगी के आवास पर सुंदर कांड का पाठ का आयोजन किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। पंडित हर्षवर्धन शर्मा एवं मोती शर्मा द्वारा सुंदर कांड का पाठ का आयोजन किया गया और भगवान से सभी के परिवारों में खुशहाली, सुख व समृद्धि की कामना की गई। भजनों के माध्यम से बजरंगबली एवं मां भवानी का गुणगान किया गया। सुंदर कांड पाठ में मोहित रस्तोगी, संजीव रस्तोगी, रूपम रस्तोगी, राजीव रस्तोगी, संध्या रस्तोगी, चेतन रस्तोगी, एसके राजपूत, गोविंद शरण गुप्ता, जय गोपाल सक्सेना, रीता राणा, अनु चौहान, शैली, मंगा, पूर्वी कश्यप, उमेश कश्यप आदि शामिल रहे।

### भारोत्तोलन खिलाड़ी तुषार का स्वागत



**कोतवाली देहात।** अन्तर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन खिलाड़ी को ग्राम दायमनंगला में सम्मानित किया गया। बीती रात्रि कोतवाली ब्लाक के व्यायाम शिक्षक संजीव कुमार के निवास पर अन्तर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर तुषार चौधरी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर खेलों पर भी चर्चा की गई । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तुषार चौधरी ने कहा कि खेलों से जहां व्यक्ति शरीर से फिट रहता है, वहीं खेलों में कैरियर भी बनाया जा सकता है। खेल में मेहनत के बल पर ही सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से नशे की लत से बचने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को भारोत्तलन के बारे में विस्तार से बताया और खेलों से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम वासियों द्वारा तुषार चौधरी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संजीव कुमार, डॉ. पवनवीर, वीर सिंह, सोहनवीर, सूर्यांश चौधरी, लक्ष्य सिंह, शौर्य, केशव, वंश, हैप्पी, बॉवी, सनी आदि मौजूद रहे।

## श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज में गरिमा के साथ गूंजा वंदे मातरम्



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज में आजादी के अमर गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन अत्यंत गरिमामयी वातावरण में आयोजित किया गया। कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक स्वर होकर वंदे मातरम् का 150 वर्ष पूर्ण होने पर गायन प्रस्तुत किया, जिसकी मधुर धुन पूरे परिसर में गूंज उठी।

बंकिम नाथ चट्र्जी द्वारा रचित (वंदे मातरम)7 नवंबर सन् 1875 को लिखा था। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और ऐसे आयोजनों को युवाओं में देशभक्ति की भावना प्रबल करने वाला बताया। अंत में प्राचार्या डा. ममता सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि हमारी राष्ट्रीय चेतना, सम्मान और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। कॉलेज परिवार ने मिलकर संकल्प लिया कि वे राष्ट्रहित के कार्यों में सदैव अग्रणी रहेंगे। कार्यक्रम में कॉलेज का समस्त स्टाफ रवि, सलोनी चौहान, इकरा, हिमांशु कुमार, चंचल सैनी, प्रशांत एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# गन्ने से लदे वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए

## धामपुर शुगर मिल ने शुरू किया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा शनिवार को गन्ना लदे वाहनों पर रिफ्लेक्टर व लाल कपड़ा लगाने का अभियान की शुरुआत की गई। जिससे सभी किसान भाई व आम जनता को दुर्घटना से बचाया जा सके।



मिल उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने बताया कि यह अभियान पेराई सत्र के दौरान लगातार चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि गन्ने से लदे वाहनों पर रिफ्लेक्टर व लाल कपड़ा लगाना अनिवार्य है, कोई भी गन्ने का वाहन बिना रिफ्लेक्टर के केन यार्ड में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अनुरोध किया है कि वह यातायात के नियमों का पालन करें, जिसे स्वयं भी सुरक्षित रहें और आम जनता भी सुरक्षित रहे। कोई भी किसान भाई ट्रक चालक चीनी मिल से नि:शुल्क रिफ्लेक्टर प्राप्त कर सकता है। इस दौरान कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता, महाप्र. बंधक गन्ना ओमवीर सिंह, मनोज चौहान, दिनेश राजपूत, लाल बहादुर सिंह, अजेन्द्र सिंह, राजेश यादव, कामरान अहमद आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने सुनी समस्याएं

## त्वरित निस्तारण के आदेश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** समाधान दिवस पर जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा थाने पहुंचे और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कई मामलों में मौके पर ही राजस्व व पुलिस अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के आदेश दिए। उन्होंने गन्ना सीजन को देखते हुए चेतावनी दी कि किसी भी गन्ना वाहन पर रिफ्लेक्टर टेप न लगा होने की स्थिति में संबंधित चीनी मिल व चालक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।



डीएम ने नगर के गुरुद्वारा मार्ग चौड़ीकरण कार्य की जानकारी ली और नगर अधिकारियों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चौड़ीकरण से नगर में यातायात सुचारु होगा और लोगों को राहत मिलेगी। इसी दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने थाना परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, बीट बुक, मालखाना, अभिलेख कक्ष व सीसीटीवी कैमरों की जांच की। एसपी ने कहा कि थाना स्तर पर पारदर्शिता व जवाबदेही जरूरी है। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि किसी भी शिकायतकर्ता को बार-बार थाने के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि पहली बार में ही निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित की जाए।

## संविदा कर्मचारियों ने ईपीएफ घोटाला और सुरक्षा उपकरणों की कमी पर उठाए सवाल

### पदाधिकारियों ने सौंपे ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निविदा/संविदा कर्मचारी संघ की जिला इकाई बिजनौर के तत्वावधान में धामपुर में कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न उपकेंद्रों से संविदा कर्मचारी शामिल हुए।

संघ के पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता को सौंपे ज्ञापन में कहा कि एक निजी संस्थान द्वारा कर्मचारियों के एक माह के ईपीएफ का लगभग एक करोड़ रुपये का गबन किया गया है। इसके अलावा ईएसआईसी कार्ड अभी तक नहीं बनाए गए हैं और कर्मचारियों के परिजनों के नाम भी शामिल नहीं किए गए हैं।

संघ ने कहा कि पुराने कर्मचारियों को हटाकर अनुभवहीन नए कर्मचारियों को नियुक्त किया जा रहा है, जिससे कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि 12 अप्रैल 2024 को कोतवाली उपकेंद्र पर एक दुर्घटना में कर्मचारी ताविश आलम की मृत्यु हो गई थी, लेकिन अब तक परिजनों को मुआवजा नहीं दिया गया है।

संघ के महामंत्री विवेक शर्मा ने कहा कि कई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण नहीं मिले हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। संघ ने कहा कि जब तक सभी बकाया वेतन, ईपीएफ और सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था नहीं की जाती, धरना जारी रहेगा।

# गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय मे नशामुक्ति अभियान का आयोजन

## नशे के विरोध में ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एक प्रेरणादायक नशा मुक्ति अभियान का सफल आयोजन किया गया।

इस महत्वपूर्ण पहल का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे के गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और युवाओं को एक स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नशे के विरोध में ली गई सामूहिक शपथ थी। एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों सहित उपस्थित सभी लोगों ने दृढ़ संकल्प लिया कि वे स्वयं को और अपने आस-पास के लोगों को नशे से दूर रखेंगे। इस शपथ ने सभी में राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने का भाव जाग्रत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने समाज के सभी वर्गों से जोरदार अपील की कि वे नशे की बुराई को जड़ से समाप्त करने में सहयोग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार, समाज और अंततः राष्ट्र को खोखला कर देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को देश की रीढ़ बताते हुए उनसे खेल, शिक्षा और राष्ट्रहित की गतिविधियों से जुड़कर अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने का आग्रह किया गया।



असिस्टेंट प्रो. रामबिलास यादव ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि प्रत्येक विद्यार्थी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह अपने आस-पड़ोस में नशे के खिलाफ जागरूकता का दीपक जलाए और किसी भी तरह के नशे से पूर्णत: दूरी बनाए रखे। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक गण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा अधिसंख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## घर से सोने के जेवर चोरी

**नहटौर।** मौहल्ला नौधा में एक घर की अलमारी से जेवरात चोरी कर लिए गए।

मौहल्ला नौधा निवासी मौहम्मद शाहिद पुत्र रहमतुल्ला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि जब उसने घर की अलमारी खोलकर देखी तो सोने का हार, एक टीका, दो जोड़ी बूंदे, एक अंगूठी आदि जेवरात गायब मिले। एक युवक पर चोरी करने का आरोप लगाया है। करीब चार तोले सोने के जेवरात चोरी होना बताया जा रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## के.एस. चिल्ड्रंस अकादमी में अंतर सदन खो-खो प्रतियोगिता

### विजेता खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस अकादमी में एक दिवसीय इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सभी सदनों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का शुभआरंभ प्रधानाचार्या इंद्रपाल सिंह ने फीता काट कर किया। पहला मुकाबला अग्नि सदन और पृथ्वी सदन के मध्य खेला गया, जिसमें पृथ्वी सदन ने 12-8 से मुकाबला अपने नाम किया। दूसरा मुकाबला वायु सदन और जल सदन के मध्य खेला गया, जिसमें जल सदन ने 17-15 से शानदार जीत प्राप्त की।

फाइनल मुकाबला पृथ्वी सदन और जल सदन के मध्य खेला गया, जिसमें जल सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 33-23 से मुकाबला जीत लिया। प्रतियोगिता में जल सदन प्रथम व पृथ्वी सदन द्वितीय स्थान पर रहा। जल सदन से अनिष्का, मोनिका, प्रियांशी, मनतशा, शहरीन, अंशिका, फरहीन, शिफा, कशफ, मनीषा, खुशबू, अवनी, मदीहा ने शानदार प्रदर्शन किया।

पृथ्वी सदन से आंचल, सांची, संध्या, अलीशा, सुहाना, जुबैरिया, इनाशा, इकरा, अलीशबा, आराध्य ने भी शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन खेल शिक्षिका खुशबू सोढ़ी व कोमल चौधरी ने किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया व खेल के प्रति सभी विद्यार्थियों को

# भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

## विभिन्न मांगों को लेकर टोल प्लाजा पर डटे कार्यकर्ता


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भनेड़ा टोल प्लाजा पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। धरने की अध्यक्षता राजेंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन दिनेश कुमार ने किया।



धरने की सूचना पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी आशीष शर्मा मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। किसानों ने अधिकारी को अपनी मांगों से अवगत कराते हुए कहा कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा गांव बुढ़पुर नैन सिंह के सामने सर्विस रोड का निर्माण कराया जाए। इसके अलावा चिड़ियाचाड़क से किरतपुर बिजलीघर अंडरपास के पश्चिम दिशा में सर्विस रोड, हुसैनपुर रोड की मरम्मत, गोपालपुर से सर्विस रोड तथा स्वाहेड़ी गांव से मेडिकल कॉलेज तक सर्विस रोड बनाए जाने की मांग भी रखी गई। धरना स्थल पर भाकियू अराजनैतिक युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह, ब्लाक अध्यक्ष अरविंद राजपूत, बृजेश राजपूत, मनोज राजपूत, चरित्र राणा, राहुल सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# भारत ने 2-1 से जीती सीरीज



## अभिषेक शर्मा बने 'प्लेयर ऑफ द सीरीज'

**ब्रिसबेन, वार्ता।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां और अंतिम टी-20 मुकाबला शनिवार को भारी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया, जिससे भारत ने सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया। सीरीज में 163 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के खिताब से नवाजा गया। मैच रद्द किए जाने क समय तक भारत ने 4.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 52 रन बनाए थे। अभिषेक शर्मा (23) और शुभमन गिल (29) रन पर नाबाद थे। बारिश और बिजली के खलल के कारण मैच को अंतत: रद्द करना पड़ा। खराब मौसम के कारण मैच शुरू होने के 21 मिनट बाद ही खेल रोक दिया गया था। भारत ने इस तरह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में अपना अपराजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया 2022 से लगातार चौथी टी-20 सीरीज हारा है। जिनमें से तीन भारत और एक इंग्लैंड के खिलाफ है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। भारत ने तेजतर्रार शुरुआत की और 4.5 ओवर में 52 ठोक डाले। अभिषेक ने 13 गेंदों पर नाबाद 23 रन एक चौका और एक छक्का लगाया जबकि गिल ने 16 गेंदों पर नाबाद 29 रन में छह चौके लगाये। गिल ने बेन ड्वारशिवस के पारी के तीसरे ओवर में चार चौके मारे। अभिषेक ने हमेशा की तरह आक्रामक शुरुआत की, इस दौरान किस्मत भी उनके साथ थी, पहले ओवर में ग्लेन मैक्सवेल ने मिड-ऑफ पर उनका एक आसान कैच छोड़ दिया और चौथे ओवर में ड्वारशुइस ने एक टॉप एज छोड़ दिया। बेहतरीन फॉर्म में न होने के बावजूद, उन्होंने नेथन की गेंद पर एक छक्का मारा और अपनी पारी के दौरान पूर्णकालिक सदस्य देशों में वह अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में सबसे तेज एक हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए।




## जीत का श्रेय सभी खिलाड़ियों को: सूर्या

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज 2-1 से जीतने का श्रेय अपने खिलाड़ियों को दिया है। सूर्यकुमार ने शनिवार को पांचवां टी-20 बारिश के कारण रद्द होने के बाद कहा कि जिस तरह से सभी ने योगदान दिया और जिस तरह से हमने 0-1 से पिछड़ने के बाद वापसी की, उसका श्रेय सभी खिलाड़ियों को जाता है। बल्ले, गेंद और मैदान में भी यह एक अच्छी सीरीज थी।

तेज गेंदबाज और स्पिनर, दोनों ही अपना काम बखूबी जानते हैं। उन्होंने कहा कि 'बुमराह-अर्शदीप एक घातक जोड़ी है। और फिर अक्षर, वरुण आ रहे हैं और वो कर रहे हैं जो वो सबसे अच्छा करते हैं। और वाशी पिछले मैच में काम आए। उन्होंने अब काफी टी-20 क्रिकेट खेल लिया है, वो काफी कुछ लेकर आ रहे हैं और खुद का समर्थन कर रहे हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि कई खिलाड़ी वाकई अच्छा कर रहे हैं। तीन मजबूत टीमों -ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड - के साथ खेलना विश्व कप से पहले एक बेहतरीन तैयारी होगी। मैंने हाल ही में देखा कि महिला टीम ने भारत में विश्व कप जीता, दर्शकों का अविश्वसनीय समर्थन मिला। यह एक अच्छी चुनौती होगी, रोमांचक टूर्नामेंट होगा, लेकिन अभी बहुत दूर है। दो और सीरीज बाकी हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## ईसीबी ने काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंद का प्रयोग समाप्त किया

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने काउंटी निदेशकों और पेशेवर खेल समिति से मिली प्रतिक्रिया के बाद, 2026 सीजन से काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंदों के इस्तेमाल को समाप्त करने का फैसला किया है। काउंटी क्रिकेटरों को अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुकूल कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए तीन साल पहले शुरू किया गया यह परीक्षण, अधिकांश मैचों में बिना किसी घटना के होने के कारण असफल माना गया है। इस सीजन में सरे और डरहम के बीच ओवल में खेला गया मैच, जहां मेजबान टीम ने 9 विकेट पर 820 रन बनाकर पारी घोषित की, इसका एक उदाहरण है।

## ट्राइडेंट ओपन में भाग लेंगे शीर्ष गोल्फर

**चंडीगढ़, वार्ता।** ट्राइडेंट ग्रुप और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई), जो भारत में पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक स्वीकृति संस्था है, ने आज संयुक्त रूप से ट्राइडेंट ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की, जो 11 से 14 नवम्बर, 2025 तक प्रतिष्ठित चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपए है। इस टूर्नामेंट से पहले 8 नवम्बर को एम-एम इवेंट और 9 नवम्बर को प्रो-एम इवेंट होगा। इस टूर्नामेंट को टाइटल प्रायोजक ट्राइडेंट ग्रुप द्वारा समर्थित किया जा रहा है। ट्राइडेंट ग्रुप एक भारतीय व्यावसायिक समूह और वैश्विक खिलाड़ी है, जिसका नेतृत्व गतिशील राजिंदर गुप्ता, संसद सदस्य और अध्यक्ष करते हैं। लुधियाना, पंजाब में मुख्यालय वाला ट्राइडेंट भारत और विदेशों में घरेलू वस्त्र उद्योग के सबसे बड़े खिलाड़ियों में से एक है।

## महिला वनडे विश्व कप 2029 को 10 टीमों तक विस्तृत करने पर आईसीसी सहमत

**दुबई, वार्ता।** हाल ही में समाप्त हुए महिला विश्व कप की सफलता को देखते हुए आईसीसी बोर्ड ने महिला विश्व कप के अगले संस्करण (2029) को 10 टीमों तक विस्तृत करने पर सहमति जताई है।

आईसीसी ने 2021 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला खेल के विस्तार की घोषणा की थी और हाल ही में जारी विज्ञप्ति में 2025 के संस्करण की सफलता के बाद आईसीसी की महिला क्रिकेट के विकास के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई है। 2000 से ही महिला वनडे विश्व कप के मुख्य टूर्नामेंट में आठ टीमों ने ही हिस्सा लिया है। हालिया विश्व कप में जहां 31 मैच खेले गए थे तो वहीं 2029 के संस्करण में 10 टीमों वाले टूर्नामेंट में कुल 48 मैच खेले जाएंगे। महिला टी-20 विश्व कप में भी अब 12 टीमें हिस्सा लेंगी जबकि पिछले साल यूएई में खेले गए विश्व कप में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया था। आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि लगभग 3 लाख प्रशंसकों ने मैदान में इस आयोजन को देखा जिसने महिला क्रिकेट में दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस टूर्नामेंट में ऑनलाइन दर्शकों में भी बढ़ोतरी हुई और दुनिया भर में ऑन स्क्रीन दर्शकों के रिकॉर्ड बने, भारत में लगभग 50 करोड़ दर्शक थे। आईसीसी बोर्ड ने आईसीसी महिला क्रिकेट समिति के सदस्यों की नियुक्ति को भी मंजूरी दी, जिनमें ऐश्ली डी सिल्वा, मिताली राज, अमोल मजूमदार, चार्लोट एड्वर्ड्स और सला स्टेला सियाले-वेया शामिल हैं। एलए 2028 और ब्रिस्बेन 2032 ओलंपिक में क्रिकेट बोर्ड ने यह भी बताया कि लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में कुल 28 मैच खेले जाएंगे। प्रत्एक वर्ग में छह टीमें होंगी,इनमें अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप और ओशिनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीमें शामिल होंगी, साथ ही मेजबान अमेरिका भी खेलेगा। छठी टीम क्वालिफायर के जरिए तय होगी, जिसके बारे में अभी विवरण जारी नहीं किया गया है।

# भारत को जल्द मिलेगी एशिया कप टॉफी



● **बीसीसीआई और एसीसी अध्यक्ष व पीसीबी के चेयरमैन के बीच विवाद सुलझा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 की विजेता भारतीय टीम को जल्द ही उसकी ट्रॉफी मिलने की संभावना है, क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मो. हसिन नकवी के बीच विवाद सुलझ गया है। इसकी जानकारी बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दी। उन्होंने कहा, बीसीसीआई और पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का संकल्प लिया है। सैकिया ने आगे कहा कि आईसीसी बैठक से इतर नकवी के साथ अच्छी बातचीत हुई, दोनों पक्ष जल्द से जल्द इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कोई न कोई रास्ता निकालेंगे।श उन्होंने बताया, श्बातचीत खत्म हो गई है, अब विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जाएगा। सैकिया ने कहा कि मैं आईसीसी की अनौपचारिक और औपचारिक दोनों बैठकों का हिस्सा था। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी भी मौजूद थे। औपचारिक बैठक के दौरान यह एजेंडा में नहीं था, लेकिन आईसीसी ने एक वरिष्ठ आईसीसी पदाधिकारी और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी में मेरी और पीसीबी प्रमुख के बीच अलग से बैठक कराई। बातचीत की प्रक्रिया शुरू करना वाकई अच्छा रहा। दोनों पक्षों ने आईसीसी बोर्ड बैठक के दौरान हुई बैठक में सौहार्दपूर्ण ढंग से भाग लिया। सैकिया ने बताया कि जल्द ही समाधान निकाल लिया जाएगा। विवाद की शुरुआत एशिया कप 2025 के फाइनल के बाद हुई, जब पीसीबी के प्रमुख मोहसिन नकवी ने विजेता भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को ट्रॉफी देने की कोशिश की। लेकिन सूर्यकुमार ने ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया। टेलीकाम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुता. बिक, सूर्यकुमार ने नकवी से ट्रॉफी स्वीकार नहीं की क्योंकि नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं और भारत में आतंकवाद को समर्थन देने में उनकी भूमिका को लेकर आपत्ति जताई गई थी। इस पर नकवी ने कहा कि एसीसी के अध्यक्ष होने के नाते ट्रॉफी देने का अधिकार केवल उन्हीं को है। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने ट्रॉफी लिए बिना ही मजाकिया अंदाज में काल्पनिक ट्रॉफी उठाकर अपने साथियों के साथ जश्न मनाया। टेलीकाम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, सूर्यकुमार ने असली ट्रॉफी लेने से मना कर दिया और अपने साथियों के साथ नकली ट्रॉफी पकड़कर

## द. अफ्रीका 'ए' के खिलाफ चोट लगने के बाद पंत हुए रिटायर हर्ट

● **बेंगलुरू के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे मैच में पंत को शेपो मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी**

**बेंगलुरू, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दक्षिण अफ्रीका ए दूसरे अनाधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को चोट लगने के बाद रिटायर हर्ट होकर वापस लौटना पड़ा। यहां बेंगलुरू के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन के पहले सत्र में पंत को तेज गेंदबाज शेपो मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी। यह चोट उनके शरीर और हेलमेट पर लगी, जिसके बाद उन्हें 34वें ओवर में रिटायर हर्ट होना पड़ा। पंत तीसरे ओवर में नंबर पांच पर बल्लेबाजी के लिए आए थे, जब ओवरनाइट बल्लेबाज केएल राहुल को ओकुन्ले सेले ने 27 रन पर बोल्ड कर दिया। पंत ने शुरुआत में तेजी से रन बनाए और उनके पहले तीन शॉट्स 4, 4 और 6 रन थे। लेकिन शॉर्ट गेंदों पर उनके शरीर पर लगे प्रहारों से उन्हें दर्द महसूस होने लगा। पंत आगे बल्लेबाजी जारी रखना चाहते थे, लेकिन भारत ए के कोच हृषिकेश कानितकर और फिजियो ने एहतियातन उन्हें रिटायर हर्ट होने को कहा। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में होने वाले पहले टेस्ट में भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसे देखते हुए उन्हें एहतियातन मैदान से वापस बुलाया गया है। पहली चोट उन्हें तब लगी, जब उन्होंने मोरेकी की शॉर्ट गेंद पर रिवर्स पिकअप शॉट खेलने का प्रयास किया।

# अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार खेली पिता-पुत्र की जोड़ी

● **सुहैल सत्तार 20 वर्ष और यहया सुहैल 17 वर्ष ने बाली में इंडोनेशिया के खिलाफ एक साथ बल्लेबाजी की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** टिमॉर-लेस्ट के सुहैल सत्तार (50 वर्ष) और यहया सुहैल (17 वर्ष) अंतर्राष्ट्रीय मैच में एक साथ खेलने वाले पहले पिता-पुत्र की जोड़ी बन गए हैं। उन्होंने यह अनोखी उपलब्धि टिमॉर-लेस्टे के पहले अंतर्राष्ट्रीय मैच में हासिल की, जब उन्होंने 6 नवम्बर को बाली में मेजबान इंडोनेशिया के खिलाफ एक साथ बल्लेबाजी की। हालांकि यहया और सत्तार पहले पैरेंट (माता-पिता) और बच्चे की जोड़ी नहीं हैं, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मैच में साथ खेला हो। स्विट्जरलैंड की महिला




टीम की मेटी फर्नांडिस और उनकी बेटी नैना मेटी साजू ने इस साल छह टी-20 एक साथ खेले थे। घरेलू क्रिकेट में पिता-पुत्र की कई जोड़ियां साथ या एक-दूसरे के खिलाफ खेल चुकी हैं। शिवनारायण चंद्रपॉल और उनके बेटे तेजनारायण ने गयाना के लिए 11 प्रथम श्रेणी मैच साथ खेले थे। इनमें से एक मैच में शिवनारायण ने अपने बेटे की कप्तानी भी की थी, जो विडवर्ड आइलैंड्स के खिलाफ प्रोविडेंस स्टेडियम में मार्च 2014 में हुआ था। हाल ही में 2025 के स्पगीजा क्रिकेट लीग फाइनल में अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी ने अपने बेटे हसन ईसाखिल के खिलाफ खेला था। हालांकि टिमॉर-लेस्ट की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट यात्रा की शुरुआत कठिन रही और उन्होंने अपने शुरुआती तीनों मैच दस विकेट से गंवाए हैं।

## असम राइफल्स हाफ मैराथन पांचवां संस्करण 14 दिसम्बर को शिलांग में होगा

● **यह मैराथन पहली बार 2021 में आयोजित की गई थी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** असम राइफल्स हाफ मैराथन का बहुप्रतीक्षित पांचवां संस्करण इस वर्ष 14 दिसंबर को मेघालय के शिलांग में आयोजित किया जाएगा। इसकी घोषणा आयोजकों ने शनिवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की।

भारत के सबसे पुराने अर्द्धसैनिक बलों में से एक, असम राइफल्स, जिसकी स्थापना 1835 में हुई थी और जो गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत है, द्वारा यह मैराथन पहली बार 2021 आयोजित की गई थी। यह मैराथन फिटनेस, सौहार्द और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी। पांचवें संस्करण में 12 वर्ष से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु के 3000 से अधिक धावक तीन अलग-अलग दूरियों - 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी - में भाग लेंगे। धावक न केवल ऊपरी शिलांग के सबसे मनोरम मार्ग पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे, बल्कि 20 लाख रुपए की भारी-भरकम पुरस्कार राशि के लिए भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। आयोजकों ने इस वर्ष की असम राइफल्स हाफ मैराथन के लिए फिनिशर मेडल, ग्रे और मैरून रंग की जर्सी और रूट का भी अनावरण किया।

इस अवसर पर असम राइफल्स मुख्यालय के अधिक. ारी प्रतिनिधि कर्नल नवजोत सिह (एसएम) ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि असम राइफल्स हाफ मैराथन का पांचवां संस्करण इस वर्ष 14 दिसंबर को ऊपरी शिलांग में आयोजित किया जाएगा।

## अर्जुन एरिगैसी-पी. हरिकृष्ण ने दर्ज की शानदार जी



**पणजी, वार्ता।** यहां जारी फिड़े विश्व कप 2025 के तीसरे राउंड के पहले मैच में शुक्रवार को ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और पी हरिकृष्णा ने सफेद मो. हरों से बेहतरीन खेल दिखाते हुए शानदार जीत दर्ज की जबकि विश्व चैंपियन गुकेश डी ने काले मोहरों से ड्रॉ खेला। इस प्रतियोगिता में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय अर्जुन ने उज्बेकिस्तान के शमसिद्दीन वोखिदोव को 30 चालों में हराया, जबकि हरिकृष्णा ने एक बार फिर अपनी तैयारी पर नियंत्रण दिखाते हुए बेल्जियम के ग्रैंडमास्टर डैनियल दर्जा को

● **डी गुकेश और प्रज्ञानंदा ने खेला ड्रॉ**

25 चालों में हराकर चौथे राउंड में प्रवेश कर लिया। कुल 10 भारतीय खिलाड़ी फिड़े विश्व कप 2025 के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। यह सिगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट है जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित विश्वनाथन आनंद कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इस ट्रॉफी का नाम इस भारतीय दिग्गज के नाम पर रखा गया है। अर्जुन और हरिकृष्णा ने एक बार फिर दिखा दिया कि वे खिताब जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक क्यों हैं। पहले दौर में बाई मिलने के बाद दूसरे दौर में अपने दोनों मैच जीतने वाले अर्जुन ने वोखिदोव के खिलाफ बिल्कुल भी परेशानी में नहीं दिखे और उन्होंने अपनी चाल पर 10 मिनट से जडादा समय तक सिर्फ तभी विचार किया जब वह जीत के कगार पर थे और इसे जल्दी से खत्म करने और प्रतियोगिता में तीन गेम में तीन जीत दर्ज करने के तरीके खोज रहे थे। कुछ मिनट पहले, हरिकृष्णा तीसरे दौर में जीत दर्ज करने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। इस वर्षीय खिलाड़ी ने सिसिलियन क्लासिकल वेरिएशन में अपने प्रतिद्वंद्वी को चौंका दिया और उसे बहुत जल्दी हार मानने पर मजबूर कर दिया। हरिकृष्णा ने मैच के बाद कहा कि मैंने कुछ नया तैयार किया था। बेशक इससे मुझे मदद मिली, लेकिन मैं इस वेरिएशन में सभी चालें याद नहीं रख पाया। लेकिन कुछ अच्छी चालें चलीं और कुछ चालें मेरे प्रतिद्वंद्वी से छूट गईं।

# सबालेंका-रयबकिना में होगी खिताबी भिड़ंत



● **आर्यना सबालेंक ने अमेरिका की अमांडा को तीन सेटों में हराया**

**रियाद, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को अमेरिका की अमांडा अनिसिमा. वा को तीन सेटों में हराकर 2025 डब्ल्यूटीए फाइनल्स के फाइनल में जगह बना ली जहां उनका मुकाबला कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना से होगा। सबालेंका और अनिसिमोवा इससे पहले 10 बार आमने-सामने हुई थीं, जिसमें अनिसिमोवा ने 6-4 से बढ़त बनाई थी।

उनका सबसे हालिया मुक. ाबला इस साल के यूएस ओपन फाइनल में हुआ था, जहां सबा. लेंका ने सीधे सेटों में जीत हासिल की थी। मैच की शुरुआत तनावपूर्ण रही, दोनों खिलाड़ियों ने अपने शुरुआती सर्विस गेम जीतने से पहले कई बार ड्यूस का सामना किया। सबालेंका ने पांचवें गेम में पहला ब्रेक हासिल किया। 5-3 से पिछड़ने के बाद, अनिसिमोवा ने दो डबल फॉल्ट किए, जिससे सबालेंका ने फिर से सर्विस ब्रेक की और पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में, अनिसिमोवा ने तेजी से वापसी की और सबा. लेंका की सर्विस दो बार तोड़कर 4-0 की बढ़त बना ली।

हालांकि बेलारूसी खिलाड़ी ने सेट के लिए सर्विस करते समय वापसी की, लेकिन अनि. सिमोवा ने तुरंत एक और ब्रेक लगाकर दूसरा सेट 6-3 से जीत लिया। निर्णायक सेट में, दोनों खिलाड़ियों ने पहले छह गेम तक सर्विस बरकरार रखी। सबालेंका ने सातवें गेम में एक महत्वपूर्ण ब्रेक लिया और फिर आठवें गेम में एक ब्रेक पॉइंट बचाया। 5-3 से आगे होने के बाद, उन्होंने फिर से सर्विस ब्रेक की और 6-3 से जीत हासिल की। सबालेंका ने बाद में कहा कि सच कहूं तो, मुझे इस बात की कोई परवाह नहीं होती अगर मैं यह मैच हार जाती, क्योंकि मुझे लगता है कि हमने एक बेहतरीन मैच खेला और हम दोनों ही फाइनल में इस जगह के हकदार हैं। यह एक अविश्वसनीय मुकाबला था और मैं जीत हासिल करके बहुत खुश हूं।

## टोक्यो में डेफलिपिक खेलों के लिए भारत ने रिकॉर्ड 111 सदस्यीय दल की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने 15 नवम्बर से 26 दिसंबर तक जापान के टोक्यो में होने वाले आगामी डेफलिपिक खेलों के लिए 111 सदस्ईय दल की घोषणा की है। इस दल में 73 एथलीट और 38 कोच शामिल हैं। यह डेफलिपिक खेलों में अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने सरकार की लागत के आधार पर इस दल को मंजूरी दी है।

भारत 11 खेलों - एथलेटिक्स, बैडमिंटन, गोल्फ, जूडो, कराटे, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, कुश्ती और टेनिस - में भाग लेगा। डेफलिपिक खेलों का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय बधिर खेल समिति (आईसीएसडी) द्वारा किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त, आईसीएसडी अगस्त 1924 से स्वतंत्रा रूप से कार्य कर रहा है।

आईसीएसडी अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति से संब( नहीं है। आईओसी के संरक्षण में आयोजित होने वाले डेफलिम्पिक्स, दुनिया के दूसरे सबसे पुराने अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल आयोजन हैं। आईसीएसडी के सदस्यों में अब 117 विभिन्न देशों के संबद्ध राष्ट्रीय खेल संगठन शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने रूस से तेल-गैस खरीदने पर हंगरी को दी प्रतिबंधों से छूट

**वाशिंगटन।** अमेरिका रूस से तेल और गैस खरीदने को लेकर हंगरी पर एक साल तक कोई प्रतिबंध नहीं लगाएगा। बीबीसी ने व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हंगरी को रूसी तेल और गैस की खरीद को लेकर एक साल के लिए प्रतिबंधों से छूट दे दी है। गौरतलब है कि ट्रम्प ने कहा था कि वह हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन को छूट देने के मुद्दे पर विचार करेंगे। ओर्बन को ट्रम्प का करीबी माना जाता है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान हंगरी ने रूस के साथ भी अच्छे संबंध विकसित किए हैं।

### अफगान में हर पांच में से एक बच्चा कठिन श्रम को मजबूर है: यूनिसेफ

**काबुल।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने कहा है कि अफगान में हर पांच में से एक बच्चा बाल श्रम में लगा हुआ है। अफगान में यूनिसेफ के प्रवक्ता ओमिदुर्रहमान फजल ने बच्चों की सुरक्षा के लिए यूनिसेफ की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि चाहे जो भी कारण हो यूनिसेफ बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए, यूनिसेफ इस समस्या के लिए परिवार-आधारित समाधानों पर ज़ोर देता है। अफगानिस्तान के टोलो न्यूज के अनुसार कुछ कामकाजी बच्चों ने अफगान के इस्लामी अमीरात सरकार से से शिक्षा के अवसर और बेहतर जीवन-यापन की स्थिति प्रदान करने की मांग की है।

### तुर्की की कॉस्मैटिक्स फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत

**इस्तांबुल।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी कोकेली प्रांत में शनिवार को एक कॉस्मैटिक्स फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। गवर्नर इल्हामी अक्तास के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार दिलोवासी जिले में स्थित इस कारखाने में आग लगी और आपातकालीन कॉल के बाद आग बुझाने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों और उपकरणों के समूहों को भेजा गया। अक्तास ने बताया कि आग पर अंतत: काबू पा लिया गया।

### म्यांमार में मलेरिया के 126000 से अधिक मामले मिले

**यांगून।** म्यांमार में जनवरी से अगस्त 2025 के बीच मलेरिया के कुल 126562 मामलों की पहचान हुई और उनका इलाज किया गया। सरकारी रेडियो और टेलीविजन ने शनिवार को बताया कि देश 2030 तक मलेरिया के संक्रमण को खत्म करने का प्रयास कर रहा है और पिछले एक दशक में इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। मलेरिया के मामलों में यह कमी उपचार और शिक्षा कार्यक्रमों को निरंतर चलाने के कारण संभव हुई है।

# अफगान-पाक शांति वार्ता फिर विफल

## दोनों देशों के बीच सीमा पर आतंकवाद पर कार्रवाई को लेकर मतभेद कायम रहे

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जारी तीसरे दौर की शांति वार्ता बिना किसी ठोस समझौते के समाप्त हो गई। दोनों देशों के बीच सीमा पार आतंकवाद पर कार्रवाई को लेकर मतभेद कायम रहे। पाकिस्तान की ओर से रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बताया कि वार्ता में कोई लिखित समझौता नहीं हो सका और अब चौथे दौर की कोई योजना भी नहीं है।

दो दिन तक चली ये वार्ता बृहस्पतिवार को शुरू हुई थी। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान से यह मांग की थी कि वे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के उन आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करें जो अफगान धरती से पाकिस्तान पर हमले कर रहे हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक निजी टीवी चैनल से बातचीत में कहा वार्ता पूरी तरह गतिरोध में है। अफगान पक्ष सिर्फ मौखिक भरोसा देना चाहता था, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं में मौखिक आश्वासन स्वीकार नहीं किए जा सकते। उन्होंने तुर्की और कतर के ईमानदार प्रयासों के



■ अगर अफगान धरती से कोई हमला होता है, तो पाक जवाब देगा

लिए धन्यवाद दिया, जो दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता कर रहे थे। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान का रुख स्पष्ट है हमारी केवल एक मांग है कि अफगानिस्तान यह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों में न हो। आसिफ ने यह भी कहा कि अगर अफगान धरती से कोई हमला होता है, तो पाकिस्तान जवाब देगा।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्ला तारार ने शनिवार सुबह एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा अब जिम्मेदारी अफगान तालिबान की है कि वे आतंकवाद पर नियंत्रण को लेकर अपने अंतर्राष्ट्रीय और द्विपक्षीय वादों को पूरा करें, जिनमें वे अब तक असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अफगान जनता से कोई वैर नहीं है, लेकिन वह किसी भी ऐसी नीति का समर्थन नहीं करेगा जो अफगान लोगों या पड़ोसी देशों के हितों के खिलाफ हो। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच पहली वार्ता 29 अक्टूबर को दोहा (कतर) में हुई थी, जबकि दूसरी बैठक 25 अक्टूबर को इस्तांबुल (तुर्की) में आयोजित हुई। दोनों ही वार्ताएं किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचीं। अब तीसरा दौर भी बेनतीजा रहा है। इससे पहले 11 से 15 अक्तूबर के बीच दोनों देशों की सीमा पर सशस्त्र झड़पें हुई थीं, जिनमें दोनों ओर जनहानि हुई थी। दोनों देशों ने 19 अक्टूबर को कतर की राजधानी दोहा में सीजफायर पर सहमति जताई थी, लेकिन शर्तों को अंतिम रूप देने में मतभेद बने रहे।



नई दिल्ली। आनंद विहार में धुंध भरी सुबह के बीच यात्री।

## 'फादर ऑफ डीएनए' प्रसिद्ध नोबेल विजेता जेम्स वाटसन का निधन

**वाशिंगटन।** नोबेल विजेता और दुनियाभर के प्रसि) वैज्ञानिक जेम्स डी वाटसन का 97 साल की उम्र में निधन हो गया। वे 1953 में डीएनए की ट्विस्टेड-लैडर संरचना (डबल हेलिक्स) की खोज के लिए जाने जाते हैं, जिससे चिकित्सा, अपराध जांच, जीनोलाजी और नैतिकता के क्षेत्र में क्रांति आई। वाटसन ने फ्रांसिस क्रिक और मारिस विल्किन्स के साथ 1962 में नोबेल पुरस्कार साझा किया। उनकी खोज से यह पता चला कि डीएनए कैसे वंशानुगत जानकारी रखता है और कोशिकाएं विभाजन के दौरान इसे कैसे कापी करती हैं। डबल हेलिक्स ने विज्ञान और समाज में गहरा प्रभाव डाला और अब यह संरचना विज्ञान का प्रतीक बन गई है। हालांकि, जीवन के अंतिम वर्षों में वाटसन विवादित बयान देने के लिए आलोचना और पेशेवर निंदा का सामना कर चुके। उन्होंने अश्वेत लोगों की बुद्धिमत्ता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

# तुर्की की अदालत से नेतन्याहू का गिरफ्तारी वारंट जारी

## गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर इजरायली पीएम के अलावा 37 अन्य लोगों के नाम भी आरोपियों में शामिल

**तेल अवीव/गाजा पट्टी।** तुर्की के इस्तांबुल मुख्य अभियोजक कार्यालय ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत 37 लोगों के खिलाफ जनसंहार के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। इन आरोपों का संबंध गाजा में चल रहे युद्ध से है, जिसे इजरायल ने अक्टूबर 2023 में हमास के हमलों के बाद शुरू किया था।

इस्तांबुल अभियोजन कार्यालय के बयान के मुताबिक, जिन लोगों पर गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है, उनमें इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज, आईडीएफ के चीफ आफ स्टॉफ एयाल जमीर, राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-गवीर के शामिल हैं। तुर्की के अभियोजकों ने दावा किया है कि इजरायल गाजा में नागरिकों को जानबूझकर निशाना बना रहा है, और यह कार्रवाई जनसंहार की श्रेणी में आती है। उन्होंने 17 अक्टूबर 2023 की अल-अहली बैपटिस्ट हास्पिटल की घटना को भी अपने आरोपों का हिस्सा बनाया है। हालांकि, इजरायल और अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने बाद में यह निष्कर्ष निकाला था कि यह विस्फोट हमास के राकेट की विफल लान्चिंग से हुआ था, न कि इजरायल के हमले से। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन लंबे



■ इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में अब तक 69 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत, 170685 लोग घायल

■ इजरायल गाजा में नागरिकों को जानबूझकर निशाना बना रहा है और यह कार्रवाई जनसंहार की श्रेणी में आती है

समय से हमास के समर्थक माने जाते हैं। इसी के साथ, तुर्की की न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता पर भी सवाल उठते रहे हैं।

अतीत में तुर्की के कई पत्रकारों और विपक्षी नेताओं, जैसे कि एकरेम इमामओग्लू (जो इस्तांबुल के मेयर और एर्दोआन के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं) के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किए जा चुके हैं। बता दें कि 1915 से 1923 के बीच तुर्की पर अपने ही देश में 15 लाख आर्मेनियाई लोगों के जनसंहार का आरोप है। इस अवधि में लाखों आर्मेनियाई मारे गए या भुखमरी से मर गए, जबकि लगभग पांच लाख लोग रूस की ओर पलायन कर गए। अमेरिका, कनाडा, रूस और यूरोपीय संघ के अधिकांश देश इस आर्मेनियाई जनसंहार को आधिकारिक रूप से मान्यता देते हैं। हालांकि, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और इजरायल जैसे देश अब तक इसे औपचारिक रूप से मान्यता नहीं देते, क्योंकि तुर्की के साथ उनके राजनयिक संबंध प्रभावित हो सकते हैं। लेकिन अगस्त 2025 में नेतन्याहू ने व्यक्तिगत रूप से इस जनसंहार को स्वीकार किया था, हालांकि इसे इजरायल की आधिकारिक मान्यता नहीं माना गय वहीं इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में अब तक 69 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। गाजा के स्वासथ्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मौत का आंकड़ा बढ़कर 69169 हो गया है और 170685 लोग घायल हुए हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमलों को बाद युद्ध शुरू हुआ था। मरने वालों के आंकड़ों में हाल ही में इस वृद्धि हुई है, क्योंकि तबाही वाले इलाकों में राहत और बचाव कार्य के दौरान मलबे के नीचे से शव मिले और उनमें से कुछ शवों की पहचान की गई। यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है, जब इजरायल ने शनिवार को गाजा को 15 फलस्तीनियों के शव लौटाए। इससे पहले हमास के लड़ाकों ने अस्थाई युद्ध विराम समझौते के तहत एक बंधक का शव इजरायल को लौटाया था। अमेरिका की मध्यस्थता में हुए इस अस्थिर संघर्ष विराम की दिशा में शवों की अदला-बदली को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस समझौते के मुताबिक, इजरायल ने हर एक इजरायली बंधक के बदले 15 फलस्तीनी शव लौटाए। खान यूनिस के नासेर अस्पताल ने बताया कि वहां 15 शवों को लाया गया है। शव वापसी उस समय हुई, जब इजरायल ने शुक्रवार रात लौटाए गए शव की पुष्टि की, जो हमास के सात अक्टूबर 2023 के हमले में लड़ते हुए मारे गए एक इजरायली पुरुष का था। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, बंधक की पहचान लियोर रुडाफ के रूप में हुई।

## तुर्की के राष्ट्रपति बाकू में अजरबैजानी और पाकिस्तानी नेताओं से बातचीत करेंगे

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति आर.टी. एर्दोगन बाकू में सैन्य परेड में शामिल होंगे और अजरबैजान के राष्ट्रपति तथा पाकिस्तान के प्रानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। तुर्की के राष्ट्रपति के कार्यालय ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। एर्दोगन के संचार प्रमुख बी. दुरान ने कहा कि राष्ट्रपति 8 नवम्बर को बाकू में विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए अजरबैजान का दौरा करेंगे। एर्दोगन इस यात्रा के दौरा अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीएव और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात करेंगे, जो समारोह में शामिल होने के लिए बाकू पहुंचेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे।



## अमेरिका में 'शटडाउन' के कारण 1000 से अधिक उड़ानें रद्द

**वाशिंगटन।** अमेरिकी इतिहास में संघीय सरकार के सबसे लंबे 'शटडाउन' के दौरान हवाई यातायात नियंत्रक कर्मियों और हवाई यातायात में कमी के कारण शुक्रवार को 1000 से अधिक अमेरिकी उड़ानों को रद्द किया गया। अमेरिकी उड़ान ट्रैकिग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर ने कहा कि शुक्रवार शाम पांच बजे तक 4309 उड़ानें लेट थीं और 1002 को रद्द किया गया। यह घटनाक्रम अमेरिकी परिवहन विभाग और संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) द्वारा बुधवार को एक घोषणा के बाद हुआ है जिसमें कहा गया था कि संघीय सरकार शुक्रवार से 40 स्थानों पर हवाई यातायात में कमी लाएगी। एफएए द्वारा निर्धारित उड़ान निरस्त योजना के अनुसार, शुक्रवार को उड़ानों में चार प्रतिशत की कमी करने की तैयारी थी। अगले मंगलवार तक यह छह प्रतिशत, गुरुवार तक आठ प्रतिशत और शुक्रवार तक 10 प्रतिशत तक बढ़ाया जाना है। एफएए प्रशासक ब्रायन बेडफोर्ड ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि निर्धारित क्षमता में 10 प्रतिशत की कटौती हमारे वायु यातायात नियंत्रकों पर दबाव में कमी लाने के लिए उपयुक्त होगी।

# भारत ने ब्राजील के वन कोष का किया समर्थन

**नई दिल्ली।** ब्राजील में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में वैश्विक जलवायु महत्वाकांक्षा को पूरा करने पर जोर दिया गया है। सम्मेलन में शामिल देशों ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए उष्णकटिवंधीय वर्षा वनों को बचाने पर जोर दिया।

भारत ने शुक्रवार को विकसित देशों से उत्सर्जन कटौती में तेज़ी लाने और वादा के अनुरूप जलवायु वित्त पोषण को पूरा करने का आग्रह किया। भारत उष्णकटिबंधीय वनों के संरक्षण के लिए ब्राज़ील के नए वैश्विक कोष में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुआ। ब्राज़ील में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने बहुपक्षवाद और पेरिस समझौते के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की

■ धनी देशों से पेरिस समझौते का पालन करने का आग्रह

पुष्टि की और ब्राज़ील के बेलेम में सीओपी-30 के नेताओं के शिखर सम्मेलन में भारत के रुख को रेखांकित किया। भारतीय प्रतिनिधि ने ब्राज़ील के नेतृत्व वाले उष्णकटिबंधीय वन कोष में पर्यवेक्षक के रूप में भारत के शामिल होने की घोषणा करते हुए कहा कि भारत उष्णकटिबंधीय वनों के संरक्षण के लिए सामूहिक और निरंतर वैश्विक कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करने वाली उष्णकटिबंधीय वन फॉरएवर फैसिलिटी (टीएफएफएफ) की स्थापना में ब्राज़ील की पहल का स्वागत और समर्थन करता है।

## भारतीय NGO को मिला मैग्सेसे पुरस्कार


**मनीला।** भारत की एनजीओ एजुकेट गर्ल्स को प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे सम्मान मिला है। संस्थाय ने यह सम्मान उन हजारों क्षेत्रीय समन्वयकों, स्वयंसेवकों और युवा मार्गदर्शकों को समर्पित किया है, जिन्होंने देश की लाखों लड़कियों को स्कूल वापस लाने में मदद की है। इस पुरस्कार की घोषणा 31 अगस्त को की गई थी। फिलीपींस के राजधानी शहर में एक औपचारिक समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। एजुकेट गर्ल्स की स्थापना साल 2007 में हुई। यह संस्था उप्र, राजस्थान, मप्र व बिहार के तीस हजार से अधिक गांवों में काम कर रही है। संस्था का मकसद गरीबी और निरक्षरता के चक्र को तोड़ना है। 55 हजार से अधिक स्वयंसेवकों की मदद से इस संस्था ने अब तक 20 लाख से अधिक लड़कियों को स्कूल वापस लाने और 24 लाख से ज्यादा बच्चों को शिक्षा कार्यक्रमों से जोड़ने में मदद की है।

# चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर 'फुजियान' नेवी में शामिल

## हिंद महासागर से ताइवान तक बढ़ेगा चीन का दबदबा, भारत के लिए 5 चुनौतियां पैदा होंगी

**बीजिंग।** चीन ने अपना नया और अब तक का सबसे आधुनिक एयरक्राफ्ट कैरियर 'फुजियान' आधिकारिक तौर पर नौसेना में शामिल कर लिया है। यह घोषणा चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने की। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हाइनान प्रांत में आयोजित एक समारोह में फुजियान को नौसेना को सौंपा। उन्होंने जहाज पर जाकर उसका निरीक्षण भी किया। फुजियान चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह जहाज पूरी तरह चीन में ही डिजाइन और बनाया गया है।

इससे पहले दो एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग और शानडोंग रूस की डिजाइन पर बने थे। फुजियान एक सुपरमॉडर्न कैरियर है, जिसमें इलेक्ट्रिक सिस्टम बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया गया है। इस पर जे-35 स्टेल्थ फाइटर भी तैनात किए जाएंगे, जिससे ताइवान से लेकर हिंद महासागर तक चीन का दबदबा बढ़ेगा। फुजियान पहला एयरक्राफ्ट कैरियर है जिसे चीन ने पूरी तरह खुद डिजाइन किया और बनाया है। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम (ईएमएएलएस) लगा है।



■ इससे पहले दो एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग और शानडोंग रूस की डिजाइन पर बने थे

यह वही तकनीक है जिसे अमेरिका अपने नए एयरक्राफ्ट कैरियर्स में इस्तेमाल करता है। इस जहाज से चीन ने अपने नए जे-35 स्टेल्थ फाइटर की टेस्ट फ्लाइट करवाई है। यह चीन का पहला ऐसा कैरियर है जो स्टेल्थ विमान उड़ा सकता है। भारत से लिए 5 चुनौतियां ला सकता है फुजियान-चीन के फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर से भारत के लिए सीधी सैन्य और रणनीतिक चुनौती दोनों बढ़ सकती हैं। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम (ईएमएएलएस) है, जो पहले सिर्फ अमेरिका के पास था। यह सिस्टम चीन को ज्यादा विमान, तेज और भारी विमान लॉन्च करने की क्षमता देता है। इससे उसकी नौसेना की लॉन्ग-रेंज स्ट्राइक क्षमता बढ़ेगी। चीन पहले ही ग्वादर (पाकिस्तान) और जिबूती (अफ्रीका) जैसे बंदरगाहों पर अपनी मौजूदगी बढ़ा चुका है। अब फुजियान जैसे बड़े जहाज के आने से चीन हिंद महासागर में लंबे समय तक ऑपरेशन कर सकेगा। यह क्षेत्र भारत के लिए बहुत अहम है, क्योंकि भारत की तेल सप्लाई और व्यापार मार्ग यहीं से गुजरते हैं। फुजियान में जे-35 स्टेल्थ फाइटर, जेके-600 चेतावनी विमान और जे-15 जैसे आधुनिक विमान तैनात हो सकते हैं। इससे चीन एक साथ एयर डिफेंस, स्ट्राइक और सर्विलांस मिशन चला सकता है। भारत के पास फिलहाल दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत। ये दोनों ही स्की-जंप रैंप (स्टूबर) तकनीक वाले हैं, जबकि फुजियान कैटापल्टतकनीक का इस्तेमाल करता है, जो ज्यादा आधुनिक है।

# डायबिटीज से जूझ रहे लोगों को अमेरिकी वीजा मिलना मुश्किल

**वाशिंगटन।** डायबिटीज, मोटापा और कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए अब अमेरिका में प्रवेश पाना मुश्किल हो सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने दुनियाभर के अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को निर्देश दिया है कि वे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों को अमेरिका आने या रहने की अनुमति न दें।

यह नियम 'पब्लिक चार्ज' (सार्वजनिक बोझ) नीति पर आधारित है, जिसका मकसद ऐसे अप्रवासियों को रोकना है जो अमेरिकी सरकारी संसाधनों पर निर्भर हो सकते हैं। इसमें वीजा अधिकारियों को सलाह दी गई है कि वे आवेदकों के हेल्थ, उम्र और फाइनेंशियल स्टेटस की जांच करें। अगर कोई व्यक्ति भविष्य में महंगी चिकित्सा

■ सरकार पर बोझ कम करना मकसद, हेल्थ, उम्र, फाइनेंशियल स्टेटस जांचेंगे अधिकारी

देखभाल या सरकारी सहायता पर निर्भर होने की संभावना रखता है, तो उसका वीजा रिजेक्ट कर दिया जाएगा। वीजा अधिकारी लोगों के हेल्थ स्टेटस की जांच करेंगे। उनके पूरी तरह स्वस्थ होने पर ही वीजा स्वीकृति मिलेगी। अधिकारियों को दिए गए निर्देश में कहा गया है कि आवेदक के स्वास्थ्य को ध्यान में रखना जरूरी है। चिकित्सा स्थितियां जैसे हृदय रोग, सांस की दिक्कत, कैंसर, डायबिटीज, मेटाबालिक डिजीज, न्यूरोलाजिकल डिजीज और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं लाखों डालर की देखभाल की जरूरत पैदा कर सकती हैं।

# भारत को 113 तेजस मार्क-1ए इंजन देगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की। इसके तहत जीई भारत को 113 जेट इंजन और सपोर्ट पैकेज देगी। एचएएल ने समझौते के बारे में एक्स में पोस्ट कर जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि ये इंजन 97 मार्क-1ए लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (तेजस फाइटर जेट) में लगाए जाएंगे।

इंजन की डिलीवरी 2027 से 2032 के बीच होगी। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने 25 सितम्बर को एचएएल के साथ 62,370 करोड़ की डील की थी। इसके तहत एचएएल भारतीय वायुसेना के लिए 97 एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान बनाएगा। हिंदुस्तान



एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अधिकारियों ने जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के अधिकारियों के साथ एक अरब डॉलर की डील की। इससे पहले फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है।उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। इसके लिए एचएएल को जीई की ओर से अभी तक 4 इंजन भी मिल चुके हैं। एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात

■ एचएएल और अमेरिकी कंपनी में 8870 करोड़ की डील 2027 से 2032 के बीच होगी डिलीवरी

करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1ए के 65 फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। मार्क 1ए, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस के पुराने वर्जन को भी एचएएल ने डेवलप किया है।

# इथियोपियाई सरकार पर सशस्त्र हमले का आरोप

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया में टाइग्रे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट (टीपीएलएफ) ने सरकार पर अफ़ार क्षेत्र में सशस्त्र हमला करने का आरोप लगाया है, जिसमें कई लोग हताहत हुए हैं। अदीस स्टैंडर्ड अखबार में टीपीएलएफ का यह बयान प्रकाशित हुआ है। शुक्रवार को जारी टीपीएलएफ के बयान में कहा गया है कि ड्रोन हमला 6 नवम्बर की रात को हुआ, जिसमें टीपीएलएफ बलों और स्थानीय निवासियों के बीच संघर्ष में कई लोग हताहत हुए। टीपीएलएफ ने आगे दावा किया कि संघीय बलों और सहयोगी मिलिशिया ने भारी तोपखाने की गोलाबारी शुरू करने से पहले एक सड़क को अवरुद्ध करने का प्रयास किया और उन पर शांति समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। इसके अलावा, गुरुवार को जारी टीपीएलएफ के बयान में आरोप लगाया गया कि इथियोपियाई सरकार ने अफ़ार क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने के लिए भाड़े के सैनिकों को संगठित किया था और उन्हें हथियार मुहैया कराए थे। उत्तरी इथियोपिया में संघर्ष नवम्बर 2020 में तब शुरू हुआ जब टाइग्रे के अधिकारियों ने टीपीएलएफ पर एक सैन्य अड्डे पर हमला करने का आरोप लगाया।

# प्रियंका चोपड़ा राजामौली की अगली फिल्म में करेंगी काम

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास ने कहा है कि वह एसएस राजामौली की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म का हिस्सा होंगी जिसका नाम संभवत: ग्लोबट्रॉटर होगा। इस फिल्म में महेश बाबू भी मुख्य भूमिका में होंगे। अभिनेत्री प्रियंका ने सोशल मीडिया पर एक लेख का स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें इस परियोजना में उनकी कास्टिंग की घोषणा की गई है। यद्यपि फिल्म में उनके काम करने का अभी खुलासा नहीं किया गया है लेकिन इस खबर ने उनके प्रशंसकों के बीच उत्साह की लहर पैदा कर दी है। फिल्म के अमेरिका में वितरण को लेकर भी चर्चा चल रही है।

प्रियंका और महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर फिर से फिल्म के पोस्टर को शेयर किया। उल्लेखनीय है कि प्रियंका चोपड़ा अभी हाल ही में ग्लोबट्रॉटर के निर्माण के बाबत भारत आई थीं और महेश के साथ उन्होंने ऑनलाइन हल्की-फुल्की बातचीत की, जिससे फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर कयास लगाए जाने लगे। गौरतलब है कि निर्माता जल्द ही महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा का पहला लुक जारी करने वाले हैं। इस साल की शुरुआत में उन्होंने एक हैशटैग के साथ ग्लोबट्रॉटर के पोस्टर को जारी करके अपने प्रशंसकों को उत्साहित किया था, लेकिन इससे यह पुष्टि नहीं होती थी कि यह आधिकारिक शीर्षक है या नहीं।

महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद। मैं भी आप सभी की तरह नवंबर 2025 का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं ताकि हम साथ मिलकर ग्लोबट्रॉटर का आनंद ले सकें।ष

हालांकि फिल्म की कहानी के विवरण को अभी बताए जाने से इनकार किया जा रहा है। लेकिन राजामौली की इसे अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक बताया जा रहा है।

# अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक



अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक-

मुंबई। एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को लीड एक्ट्रेस के तौर पर आखिरी बार साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म जीरो में देखा गया था। इसके बाद उन्होंने फिल्म चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग पूरी की थी, लेकिन यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई। हालांकि, अनुष्का जल्द ही लीड एक्ट्रेस के तौर पर सात साल बाद कमबैक कर सकती हैं। दरअसल, चकदा एक्सप्रेस क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक है, जिसमें अनुष्का शर्मा लीड रोल में हैं। हालांकि यह बायोपिक करीब तीन साल से नेटफ्लिक्स के पास पड़ी है। फिल्म को प्लेटफॉर्म और प्रोडक्शन हाउस क्लीन स्लेट फिल्म्स के बीच अनबन के चलते रिलीज नहीं किया जा रहा है। अब मिड-डे की रिपोर्ट में सामने आया है कि हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद फिल्म चकदा एक्सप्रेस के प्रोडक्सर्स अब इसकी रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। प्रोडक्सर्स ने नेटफ्लिक्स इंडिया के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की अपील की है। कप्तान रह चुकी हैं। एक सूत्र ने बताया, हमने नेटफ्लिक्स इंडिया के टॉप अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से लिखा है कि वे इस विवाद से ऊपर उठकर फिल्म रिलीज करें। झूलन दी जैसी दिग्गज पर बनी बायोपिक दर्शकों तक जरूर पहुंचनी चाहिए। सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म कई सालों से अटकी हुई है क्योंकि नेटफ्लिक्स के अधिकारियों को इसका रिजल्ट पसंद नहीं आया। प्रोडक्शन हाउस का बजट खत्म हो गया था और प्लेटफॉर्म हैड्स को प्रोजेक्ट का साइज ठीक नहीं लगा। फिर भी फिल्म मजबूत है। एक अन्य सूत्र ने बताया कि टीम ने फिल्म पर फिर से चर्चा शुरू की है और इस महीने के भीतर रिलीज को लेकर फैसला लिया जा सकता है। बता दें कि अनुष्का शर्मा ने आखिरी बार साल 2018 में फिल्म श्जीरोश में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम किया था।



# जलवायु परिवर्तन विश्व के समक्ष एक बड़ी चुनौती: जीनत अमान

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जीनत अमान ने मौसमी बदलावों और जलवायु परिवर्तन को विश्व के समक्ष एक बड़ी चुनौती करार देते हुए कहा है कि यह कोई दूर की समस्या नहीं है बल्कि इस समय हमारे आसपास घटित हो रही है लेकिन हम इसे अनदेखा करते जा रहे है।

अमान ने भारत मंडपम, प्रगति मैदान में मोबियस फ़ाउंडेशन की वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सहयोग से बनी बहुप्रतीक्षित 10-एपिसोड की वृत्तचित्र श्रृंखला एम्ब्रेस ऑफ होप: द फाइट फॉर अवर फ्यूचर के प्रीमियर के अवसर पर यह बात कही। अमान ने कहा जलवायु परिवर्तन और उसके खतरों के बारे में हमें यह संदेश हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। हममें से बहुत से लोग इस विषय को लेकर उतने सक्रिय नहीं है। व्यक्तिगत रूप से और समाज के एक हिस्से के रूप में हम जलवायु परिवर्तन को केवल घटित होते हुए देखते रहे हैं लेकिन अब समय आ गया है कि हम इसे लेकर गंभीर हों और इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई करें।

# हॉलीवुड फिल्म से जुड़ी श्रद्धा कपूर



**मुंबई।** डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म जूटोपिया 2 हिंदी में भी रिलीज होगी। इस हॉलीवुड फिल्म के हिंदी वर्जन में एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर फिल्म के किरदार जूडी हाप्स को अपनी आवाज देंगी। यह फिल्म भारत में 28 नवम्बर को हिंदी, तमिल, तेलुगु और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी। वहीं अमेरिका में 2 दिन पहले 26 नवंबर को मूवी रिलीज होगी। फिल्म के हिंदी वर्जन की घोषणा के दौरान इवेंट में श्रद्धा ने बताया कि उन्हें जूडी हाप्स का रोल उनकी पर्सनैलिटी के काफी करीब लगा। श्रद्धा ने कहा, जूडी हाप्स का रोल मुझसे काफी मिलता-जुलता है। वो समझदार है, हमेशा पाजिटिव रहती है और उसका जो हमेशा जोश में रहने वाला स्वभाव है, उससे मैं पूरी तरह जुड़ सकती हूं। जब जरूरत होती है, तो वो सख्त होती है और वक्त आने पर नरम भी। जूडी बनकर काम करना मेरे लिए बहुत मजेदार था। जूडी हाप्स फिल्म जूटोपिया और जूटोपिया 2 की मुख्य किरदार है। श्रद्धा ने आगे बताया कि किसी एनिमेटेड किरदार को आवाज देना एक अलग तरह का अनुभव था। उन्होंने कहा, षकिसी एनिमेटेड कैरेक्टर को आवाज देना बिल्कुल अलग और मजेदार एहसास है। बचपन में हम सब कई लोगों की नकल किया करते थे और अब एक मजाकिया और कूल बनी को अपनी आवाज देना बहुत ही मजेदार रहा। मुझे अपनी आवाज को जूडी के मूड के हिसाब से बदलना पड़ता था, जब वह गुस्से में होती है या जब मस्ती कर रही होती है। यह सब एक्सप्लोर करना बहुत अच्छा लगा। इसके लिए आपको सच में उस कैरेक्टर की आवाज बनना पड़ता है। इवेंट के दौरान मीडिया को फिल्म की एक झलक भी दिखाई गई, जिसमें श्रद्धा की आवाज में जूडी हाप्स के एक्सप्रेशन और एनर्जी को दिखाया गया।



# ऐश्वर्या के भाई वाला रोल करने को तैयार थे सलमान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान और आमिर खान ने कभी एक ही फिल्म में साथ काम नहीं किया है। अब प्रोडक्सर रतन जैन ने बताया कि दोनों को फिल्म जोश में एक साथ कास्ट करने की प्लानिंग थी। हालांकि बाद में शाहरुख और चंद्रचूड़ सिंह ने वो रोल किए जो पहले शाहरुख और आमिर के लिए तय थे। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय भी थीं और ऐश्वर्या के भाई वाला रोल सलमान खान को भी आफर हुआ था। जिसको वो करने के लिए तैयार भी हो गए थे। हाल ही में रतन जैन ने ज्ट9 भारतवर्ष से बातचीत में बताया कि वो चाहते थे शाहरुख फिल्म में मैक्स का रोल करें, लेकिन फिल्म के डायरेक्टर मंसूर खान आमिर को मैक्स के रोल लेना चाहते थे। बता दें कि मंसूर आमिर खान के कजिन हैं। आमिर ने अपने करियर की शुरुआत मंसूर की फिल्म कयामत से कयामत तक से की थी। रतन जैन ने खिलाड़ी, बाजीगर और धड़कन जैसी हिट हिंदी फिल्मों का निर्माण किया है। रतन ने कहा, ष्हमने तय किया था कि आमिर वो रोल करेंगे जो चंद्रचूड़ ने निभाया और शाहरुख मैक्स बनेंगे। मंसूर ने कहा कि आमिर मैक्स करना चाहते हैं। मैंने कहा, 'बिल्कुल नहीं, ये रोल सिर्फ शाहरुख करेंगे, वर्ना मैं फिल्म नहीं बनाऊंगा। रतन ने बताया कि जब शाहरुख को पता चला कि आमिर भी वही रोल करना चाहते हैं, तो उन्होंने डायरेक्टर और टीम से जाइंट नरेशन रखने को कहा। रतन ने बताया, ष्नरेशन शुरू होने से पहले मंसूर ने कहा कि आमिर मैक्स करना चाहते हैं। जिसके चलते शाहरुख ने जूते पहने और चले गए। उन्होंने कहा, 'तो फिर मैं ये फिल्म नहीं करूंगा। शाहरुख के प्रोजेक्ट छोड़ने के बाद मंसूर ने मैक्स के रोल के लिए आमिर को लेने की बात कही, लेकिन रतन इस पर राजी नहीं हुए। बाद में दोनों स्टार्स ने फिल्म छोड़ दी।

## सलमान के हिट गाने ओ ओ जाने जाना का बच्चों पर हुआ था जबरदस्त असर

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार और अभिनेता सोहैल खान ने बताया है कि उनके भाई सलमान खान के सुपरहिट गाना ओ ओ जाने जाना का बच्चों पर जबरदस्त असर हुआ था। सलमान खान बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं, जिन्होंने सच में लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने कई शानदार काम किए हैं और अपनी फिल्मी छवि से भी गहरा असर डाला है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है उनका गाना ओ ओ जाने जानाष में बिना शर्ट दिखना, जिसने पूरी पीढ़ी में बॉडी बनाने का शौक बढ़ाया। इससे सिर्फ बड़े लोग अपनी बॉडी बनाने और फिट रहने के लिए प्रेरित नहीं हुए, बल्कि बच्चों के मन पर भी इसका असर पड़ा। सोहैल खान ने बताया है कि कैसे बच्चे दूध पीना शुरू कर देते थे क्योंकि वे सलमान जैसी बॉडी पाना चाहते थे।




# 28 नवम्बर को रिलीज होगी मनीष मल्होत्रा की फिल्म गुस्ताख इश्क

**मुंबई।** जानेमाने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा निर्मित पहली फिल्म गुस्ताख इश्क 28 नवम्बर को रिलीज होगी।

मनीष मल्होत्रा की फिल्म गुस्ताख इश्क कुछ पहले जैसा ने पुराने जमाने के प्यार और उसकी खूबसूरती को फिर से जदि करने के लिए खूब चर्चा बटोरी है।अब दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना होगा, क्योंकि यह फिल्म 28 नवम्बर को रिलीज होगी।

गुस्ताख इश्क मनीष मल्होत्रा के लिए बहुत खास है यह उनके प्रोडक्शन हाउस स्टेज 5 प्रोडक्शन के तहत उनकी पहली फिल्म है। यह फिल्म उनके लिए फैशन और कहानी से आगे बढ़कर एक जुनूनी प्रेमकहानी है, जो क्लासिक रोमांस के दौर को फिर से लौटाने जा रही है।फिल्म के मेकर्स ने एक मोशन पोस्टर के जरिए नई रिलीज डेट का ऐलान किया है।

अब तक गुस्ताख इश्क अपने दिल छू लेने वाले म्यूजकि एल्बम से दर्शकों का दिल जीत चुकी है इसके तीन गाने उल जलूल इश्क', आप इस धूप और शहर तेरे लोगों की प्लेलिस्ट में लगातार छाए हुए हैं। ए तीनों गाने भले ही अलग हों, लेकिन इनका एहसास एक ही धागे से जुड़ा है प्यार और जुनून का। गुस्ताख इश्क मनीष मल्होत्रा के करियर का एक नया और रोमांचक अध्याय है एक ऐसी फिल्म जो पुराने जमाने की कहानियों की आत्मा को संजोए हुए है, लेकिन नजरें भविष्य की ओर रखती है।दीनिश मल्होत्रा के साथ मिलकर बनाई गई यह फिल्म विभु पुरी के निर्देशन में बनी है। यह फिल्म 28 नवम्बर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अन्विता का किरदार निभाना ताजगीभरा: सुम्बुल



**मुंबई।** सोनी सब के शो इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना ताजगीभरा अनुभव रहा है। सोनी सब का चर्चित शो इत्ती सी खुशी अपनी नायिका अन्विता द्धसुम्बुल तौकीर खानऋ के माध्यम से एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत कर रहा है ।एक ऐसी महिला की कहानी जो परंपराओं को चुनौती देने का साहस रखती है। जहां आमतौर पर टीवी की नायिकाएं अपने प्रियजनों के लिए हर कष्ट सहने और त्याग करने में ही महानता समझती हैं, वहीं अन्विता दर्दनाक परिस्थिति में खड़े होकर खुद के लिए खड़े होने का साहस दिखाती है।पारंपरिक नायिकाओं से अलग, जो अपनों को बचाने के लिए किसी भी हद तक चली जाती हैं, अन्विता तब भी अपने अस्तित्व को प्राथमिकता देती है जब मामला उसके खुद के परिवार का हो। उसका निर्णय स्वार्थ से नहीं, बल्कि अपने छोटे भाई-बहनों की भलाई के लिए अपनी सेहत और स्थिरता को बनाए रखने की सोच से प्रेरित है।जब उसके पिता सुहास द्धवरुण बडोलाऋ को लिवर सिरोसिस का पता चलता है और उन्हें तुरंत ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है, तब अन्विता को पता चलता है कि उसका लिवर मैच करता है। लेकिन तुरंत फैसला लेने के बजाय, वह ठहरकर अपने परिवार के भविष्य के बारे में सोचती है, खासकर अपने छोटे भाई-बहनों के बारे में, जो पूरी तरह उस पर निर्भर हैं। अपना लिवर दान न करने का उसका फैसला स्वार्थी नहीं, बल्कि गहरी समझ और दूरदृष्टि का प्रतीक है। अन्विता पल भर की भावना में नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लंबे भविष्य को ध्यान में रखकर निर्णय लेती है। वह समझती है कि उसकी सेहत और मौजूदगी उसके परिवार की स्थिरता के लिए कितनी जरूरी है। परिणाम को सोच-समझकर तौलने का उसका तरीका आज की आधुनिक और यथार्थवादी प्रेम और जिम्मेदारी की समझ को दर्शाता है। अपने भाई-बहनों की सुरक्षा चुनकर, और एक जीवन की बजाय कई जीवनों को संतुलन में रखकर अन्विता एक नई तरह की सशक्त नायिका बनकर उभरती है। उसकी कहानी दर्शकों के लिए न सिर्फ भावनात्मक बल्कि विचारोत्त.ेजक भी है , जो यह सवाल उठाती है कि क्या प्रेम का अर्थ हमेशा त्याग ही होता है? आने वाले ट्रैक के बारे में बात करते हुए सुम्बुल ने कहा, ऐसा किरदार निभाना बहुत ताजगीभरा अनुभव है, जो अपनी नायकता को आत्मसमर्पण में नहीं बल्कि अपने विश्वास पर अडिग रहने में परिभाषित करती है। अन्विता की यात्रा साहस और करुणा की है। वह अपने पिता और भाई-बहनों से बेहद प्यार करती है, और उसका निर्णय गहरे भावनात्मक संघर्ष से उपजा है। कभी-कभी अपने प्रियजनों की देखभाल का मतलब सबसे कठिन फैसले लेना होता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108